स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, मंगलवार
6 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 9
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -254 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

यूट्यूबर समय रैना दिव्यांगों का मजाक उड़ाने के आरोप में तलब



## जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के घर करोड़ों की अधजली नकदी मिलने के मामले में देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना ने पिछले महीने यानी मार्च में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। इस समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट उन्हें रविवार यानी 4 मई को सौंप दी है। अब सीजेआई के अगले कदम का इंतजार हो रहा है क्योंकि वह 13 मई को रिटायर होने जा रहे हैं। इस समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस अनु शिवरामन शामिल थे।

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से की फोन पर बात


# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सालाना उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए भारत आने वाले हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। सोमवार को दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया

**भारत आने का मोदी का न्योता किया स्वीकार**

और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। क्रेमलिन की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि नेताओं ने आतंकवाद के किसी भी स्वरूप के खिलाफ बिना किसी समझौते के लड़ाई की जरूरत पर जोर दिया।

भारतीय नेता ने रूसी राष्ट्रपति को वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के



लिए भारत आने का निमंत्रण दिया। निमंत्रण को कृतज्ञतापूर्वक स्वीकार किया गया। बयान में कहा गया कि उन्होंने रूसी-भारतीय संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ये संबंध बाहरी प्रभाव से प्रभावित नहीं हैं और सभी दिशाओं में गतिशील रूप से विकसित होते रहेंगे।इससे पहले आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पुतिन ने मोदी से यह भी कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

## केंद्रीय गृह मंत्रालय का कई राज्यों को मॉकड्रिल के निर्देश




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

**छात्रों-नागरिकों को प्रशिक्षण देने को कहा**

हवाई हमले (एयर रेड) चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा। आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें। ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे। महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को छिपाने की जल्दी व्यवस्था की जाएगी। निकासी योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास (रिहर्सल) भी कराया जाएगा।

# पाकिस्तान ने फिर की साइबर हमले की कोशिश

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान लगातार भारतीय संस्थानों को साइबर हमले का निशाना बना रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को पाकिस्तान साइबर फोर्स नामक खाते ने दावा किया कि उसने भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) से जुड़ा संवेदनशील डाटा चुरा लिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह दावा किया गया है कि हैकर्स ने रक्षा से जुड़े कर्मियों की निजी जानकारी और लॉगिन विवरण तक पहुंच बना ली है। इसके अलावा, इस समूह ने रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सरकारी कंपनी आर्मर्ड व्हीकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एवीएनएल) की आधिकारिक वेबसाइट को हैक करने



की कोशिश की। वेबसाइट पर पाकिस्तान झंडा और अल खालिद टैंक की तस्वीर से दिखाई दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से एवीएनएल की वेबसाइट को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है, ताकि वेबसाइट की पूरी तरह से जांच की जा सके और यह पता लगाया जा सके कि कितना नुकसान हुआ है। इस बीच, साइबर सुरक्षा एजेंसियां और विशेषज्ञ लगातार इंटरनेट पर नजर रख रहे हैं, ताकि पाकिस्तान से जुड़े किसी और संभावित हमले को समय रहते पकड़ा जा सके और उससे निपटा जा सके। इस घटना के बाद, सरकार और एजेंसियां साइबर सुरक्षा को और मजबूत करने में जुटी हैं, ताकि आगे इस तरह के हमलों को रोका जा सके और देश के डिजिटल ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### 11वें दिन भी संघर्ष विराम का उल्लंघन

**कुपवाड़ा।** पाकिस्तान ने रविवार को लगातार ग्यारहवीं रात संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कई सेक्टरों को निशाना बनाते हुए बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में सीमा पार से गोलीबारी की खबर है। पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले के बाद से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।

### एक और मिसाइल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पाकिस्तान ने रविवार को एक और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का ये दूसरा मिसाइल परीक्षण है। पाकिस्तानी सेना ने इसे एक्सरसाइज सिंधु का हिस्सा बताया। इस बार जिस मिसाइल का परीक्षण किया गया है उसकी मारक क्षमता 120 किलोमीटर बताई गई है। इससे पहले पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह तक मार करने में सक्षम 'अब्दाली हथियार प्रणाली' का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया है।

**(विस्तृत खबर पेज 12 पर)**

## तनाव के बीच जापानी रक्षा मंत्री से मिले राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी से द्विपक्षीय मुलाकात की। जापान के रक्षा मंत्री भारत दौरे पर हैं। द्विपक्षीय मुलाकात में जापान सरकार की तरफ से जनरल नाकातानी ने पहलगाम हमले पर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। रक्षा मंत्री ने भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए जापानी रक्षा मंत्री की तारीफ की। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की बैठक में भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जनरल नाकातानी से बीते दिनों हुई मुलाकात का जिक्र किया और इस बात पर विश्वास जताया कि भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग नई ऊंचाइयों पर जा सकता है।

**रक्षा सहयोग बढ़ाने पर हुई बात**

## इस साल ब्याज दर में हो सकती है बड़ी कटौती

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में ब्याज दरों में बड़ी कटौती कर सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई इस साल कुल मिलाकर 125 से 150 बेसिस प्वाइंट्स यानी 1.25 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। इसकी वजह है कि देश में महंगाई दर लगातार कम हो रही है और अब यह काबू में आ चुकी है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक को एक बार में बड़ा कदम उठाना चाहिए। इसके लिए 50 बेसिस प्वाइंट्स (0.50 प्रतिशत) की बड़ी कटौती ज्यादा असरदार होगी, बजाय इसके कि धीरे-धीरे 25 बेसिस प्वाइंट्स (0.25 प्रतिशत) की छोटी-छोटी कटौतियां की जाएं।

## अब अगले सीजेआई करेंगे वक्फ याचिकाओं पर सुनवाई

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ याचिकाओं पर सुनवाई 15 मई तक के लिए टाल दी है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने इसे अब अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई के हवाले कर दिया है क्योंकि अगले सप्ताह वह रिटायर होने जा रहे हैं। उन्होंने अगले सप्ताह अपनी सेवानिवृत्ति का हवाला देते हुए यह व्यवस्था दी। जस्टिस खन्ना 13 मई को रिटायर होंगे, जबकि जस्टिस गवई 14 मई को देश के अगले मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना ने सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि मामले में अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लंबी सुनवाई की जरूरत है, जबकि वह अगले सप्ताह ही रिटायर हो रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फटकार लगाई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि एजेंसी बिना किसी सबूत के आरोप लगा रही है और यह एक चलन बन गया है। जस्टिस अभय एस.ओका और

**कहा बिना सबूत के आरोप लगा रही एजेंसी**

जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच अरविंद सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कथित 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में जमानत की मांग की थी। बेंच ने कहा, ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आप बिना किसी सबूत के केवल आरोप लगाते हैं। इस तरीके से



अभियोजन पक्ष इस कोर्ट के सामने टिक नहीं पाएगा। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी.राजू ने आरोप लगाया कि अरविंद सिंह ने विकास अग्रवाल नाम के एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत करके 40 करोड़ रुपये कमाए। जब कोर्ट ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है, तो राजू ने जवाब दिया कि वह फरार है। इस पर कोर्ट ने कहा, आपने स्पष्ट आरोप लगाया है कि उन्होंने (अरविंद सिंह) ने 40 करोड़ रुपये कमाए। अब आप इस व्यक्ति का इस कंपनी या किसी अन्य कंपनी के साथ संबंध नहीं दिखा पा रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने आगे कहा, आपको यह बताना चाहिए कि क्या वह उन कंपनियों के निदेशक हैं, क्या वह शेयरधारक हैं, क्या वह प्रबंध निदेशक हैं। कुछ तो होना ही चाहिए। इस पर एएसजी राजू ने कहा, कोई व्यक्ति किसी कंपनियों को नियंत्रित कर सकता है। लेकिन जरूरी नहीं कि वह कंपनी के संचालन के लिए जिम्मेदार हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एजेंसी बेबुनियाद आरोप लगा रही है। मामले पर अगली सुनवाई नौ मई को होगी।

## लाल किले पर मुगल वंशज का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लाल किले पर कब्जे की मांग वाली महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने खुद को मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी उत्तराधिकारी बताकर लाल किले पर कब्जा मांगा था। इस पर सीजेआई ने कहा कि यदि दलीलों पर विचार किया जाए तो केवल लाल किला ही क्यों, फिर आगरा, फतेहपुरी सीकरी आदि के किले क्यों नहीं? सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका को गलत और निराधार करार दिया। कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि रिट याचिका गलत और निराधार थी। इस पर विचार नहीं किया जा सकता।

# ट्रंप को टैरिफ पर बातचीत का हक : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को टैरिफ (आयात शुल्क) को बदलने की बात कहने का पूरा हक है, और भारत भी उतना ही सक्षम है कि वह अपने हितों के

**कांग्रेस नेता ने कहा भारत भी अच्छा सौदा करने में सक्षम**

हिसाब से अच्छी डील कर सके। राहुल गांधी ने ये बातें अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टिट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक संवाद सत्र के दौरान कही थीं। इस बातचीत का वीडियो शनिवार को वॉटसन इंस्टिट्यूट के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है।

राहुल गांधी ने सोमवार को फेसबुक पर भी इस बातचीत का एक हिस्सा साझा किया और लिखा, भारत के पास स्केल (बड़ा आकार) और स्किल (कौशल) दोनों हैं। अब हमें एक साफ-सुथरी दिशा चाहिए – बनाने की, नेतृत्व करने की और दुनिया को यह दिखाने की कि लोकतंत्र और मैन्युफैक्चरिंग मिलकर भविष्य को ताकत देंगे। अब वक्त आ गया है कि हम संभावनाओं से आगे



बढ़कर दिशा तय करें। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह चीन की तरह एक मजबूत उत्पादन प्रणाली तैयार करे, जिससे मैन्युफैक्चरिंग बढ़े और रोजगार पैदा हों। उन्होंने कहा, भारत यह तब तक नहीं कर सकता जब तक कि उसकी अर्थव्यवस्था उदार न हो। जो लोग सामाजिक प्रगति और जाति व्यवस्था को कमजोर करने की बात करते हैं, उन्हें यह भी मानना होगा कि इसके लिए धन की जरूरत है और धन तभी आएगा जब हमारे पास मजबूत उत्पादन व्यवस्था और खुली अर्थव्यवस्था होगी।

# यूपी में मुफ्त राशन का बढ़ेगा दायरा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है। प्रदेश में

**खाद्य सुरक्षा**

**हर गरीब का बनेगा कार्ड**

अंत्योदय कार्ड लाभार्थियों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है।

अब तक प्रदेश में 3.16 करोड़ से अधिक परिवारों के सामान्य राशन कार्ड और 40.73 लाख से अधिक परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाना है और इसके लिए अभियान चलाकर पात्रता की पहचान की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त आंकड़े के अनुसार, राशन कार्ड वितरण में प्रयागराज जिला सबसे आगे है। इस



जिले में 9,34,677 सामान्य राशन कार्ड और 40,29,226 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर सीतापुर जिला है, जहां 7,74,576 राशन कार्ड और 31,60,253 लाभार्थी हैं। आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, यहां 7,38,939 राशन कार्ड बनाए, जिनसे 30,80,875 लाभार्थी जुड़े हैं। चौथे स्थान पर लखनऊ हैं जहां 7,01,070 राशन कार्ड के जरिए 29,08,145 लाभार्थी जुड़े हैं, जबकि जौनपुर पांचवें स्थान पर है, जहां 6,91,216 राशन कार्ड और 30,56,416 लाभार्थी हैं। छठे स्थान पर गोरखपुर हैं जहां 6,72,749 राशन कार्ड बनाए गए, जिनसे 26,79,692 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सातवें स्थान पर आजमगढ़ है जहां 6,70,679 राशन कार्ड और 30,86,602 लाभार्थी हैं। राशनकार्ड वितरण में बरेली आठवां स्थान हासिल किया है यहां 6,70,677 राशन कार्ड के जरिए 29,19,581 लाभार्थियों के मुफ्त राशन का लाभ मिल रह है। वहीं नौवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है यहां 5,89,160 राशन कार्ड और 16,97,709 लाभार्थी हैं, जबकि 10वें स्थान पर लखीमपुर खीरी है जहां 5,86,592 राशन कार्ड और 23,95,374 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े योगी सरकार की इस योजना की सफलता को दर्शाते हैं।

### राहुल की नागरिकता को लेकर याचिका खारिज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने याची एस विग्नेश शिशिर को यह छूट दी है कि वह अन्य विधिक वैकल्पिक उपाय अपना सकते हैं। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार याची की शिकायत को निस्तारित करने की कोई समय सीमा नहीं बता पा रही है, ऐसे में इस याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। न्यायालय ने याची को कहा कि वह दूसरे वैकल्पिक विधिक उपाय अपनाने के लिए स्वतंत्र है।

### क्रिकेटर शमी को जान से मारने की धमकी

**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी को धमकी भरी मेल भेजी गई है। रविवार शाम मोहम्मद शमी की मेल आईडी पर राजपूत सिंदर नाम के युवक ने मेल भेज कर जान से मारने की धमकी दी है। मोहम्मद शमी इन दिनों सनराइजर्स हैदराबाद टीम से जुड़े हैं तथा आईपीएल खेल रहे हैं। धमकी भरा मेल मिलने के बाद उन्होंने इस बारे में अपने बड़े भाई हसीब अहमद को बताया जिसके बाद सोमवार को मोहम्मद हसीब ने एसपी अमित कुमार आनंद से मिलकर तहरीर दी। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रक्षा सचिव से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले वायुसेना प्रमुख से मुलाकात की और अब उन्होंने रक्षा सचिव से भी उच्च स्तरीय बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। प्रधानमंत्री मोदी की इन बैठकों को लेकर संकेत मिल रहे हैं कि भारत ठोस जवाब की दिशा में बढ़ रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों से मुलाकात की है। इन अधिकरियों के साथ पीएम मोदी की बैठकें हुईं।

## रिश्वत में फंसी महिला दरोगा बर्खास्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मेरठ में रिश्वत लेते पकड़ी गई महिला दारोगा अब पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दी गई है। 20 हजार रिश्वत लेने के चक्कर में दारोगा को पहले जेल की हवा खानी पड़ी और अब नौकरी से भी निकाल दिया गया है। मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कलानिधि नैथानी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक्शन लिया है। पुलिस के मुताबिक 2017 में मेरठ के थाना कोतवाली मेरठ में तैनाती के दौरान महिला दारोगा अमृता यादव पर एक अभियोग में गंभीर धाराएं हटाने के एवज में 20,000 रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। भ्रष्टाचार निवारण एजेंसी की टीम ने उन्हें बुढाना गेट पुलिस चौकी से रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कई गई थी। जांच के बाद मामला अदालत में भेजा गया। वहां विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), मेरठ ने पांच सितंबर 2024 को महिला दारोगा को दोषी ठहराते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 75000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## रिपोर्ट : देश में सड़क हादसे हर तीन मिनट में लेते हैं एक जान


**नई दिल्ली।** देश में हर तीन मिनट में एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती हैं। लोग अपनी या फिर दूसरों की गलती की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा इसका खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में ही 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं में 1.72 लाख से अधिक लोगों की जानें गईं। मृतकों में 10,000 बच्चे, 35,000 पैदल यात्री और हज़ारों दोपहिया वाहन सवार शामिल थे।

सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में लापरवाही, ओवरस्पीडिंग और सुरक्षा मानदंडों की घोर अवहेलना करना प्रमुख रूप से सामने आई। सबसे चिंताजनक बात है लोगों का हेलमेट न लगाना। रिपोर्ट में खुलासा हुआ हैं कि दुर्घटना की वजह से इनमें से 54,000 ने हेलमेट नहीं पहना था

**2023 में डेढ़ लाख से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत**

जबकि 16,000 लोगों ने सीटबेल्ट नहीं बांधी थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के सेंटर फॉर ट्रांसपोर्ट रिसर्च एंड इंजरी प्रिवेंशन (टीआरआईपीपी) द्वारा किए गए सड़क सुरक्षा ऑडिट ने भारतीय सड़कों के बारे में कई गंभीर खामियों को उजागर किया है जिनमें खराब तरीके से बनाए गए क्रैश बैरियर, असुरक्षित मध्य विभाजक और ग्रामीण क्षेत्रों में खतरनाक सड़क ऊंचाई जैसी खामिया प्रमुखता से सामने आई हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकार किया कि सड़क दुर्घटनाओं के पीछे मानवीय भूल एक प्राथमिक कारण है, लेकिन दोषपूर्ण सड़क डिज़ाइन और खराब इंजीनियरिंग को भी इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराना गलत नहीं है। वर्ष 2019 से अब तक मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 13,795 से अधिक ब्लैक स्पॉट्स की पहचान की है फिर भी अब तक केवल 5,000 की ही मरम्मत की गई है जो समस्या के पैमाने को देखते हुए अपर्याप्त प्रतिक्रिया है।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजनाओं को मिलेगी गति

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जनपद लखनऊ में विभिन्न विकास एवं

**- लखनऊ में समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने दिए निर्देश**

**-ट्रैफिक-स्वच्छता-शिक्षा पर खास जोर**





जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं के वितरण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित की जाए। क्षेत्रीय विधायकों के माध्यम से लाभार्थियों को उपकरणों और संसाधनों का वितरण कराया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्राथमिक क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कृषि योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना एवं मत्स्य संपदा योजना के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों को सक्रिय रूप से जोड़ा जाए, ताकि अधिक से अधिक कृषकों तक इनका लाभ पहुँच सके। उन्होंने सीवर और जलापूर्ति के लिए की गई खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत को अनिवार्य बताते हुए इसकी नियमित निगरानी का निर्देश दिया। इसके साथ ही, गौ आश्रय केन्द्रों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में कोई निराश्रित गौवंश सड़कों पर दिखाई न दे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक और सहायता प्राप्त विद्यालयों के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुए 360 ग्रामीण विद्यालयों में सफाई व्यवस्था नगर आयुक्त के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना को रोजगार सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। प्रभारी मंत्री ने जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस और नगर निकाय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

विद्युत विभाग को लटकते तारों को व्यवस्थित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इस बैठक में सांसद राजनाथ सिंह के सलाहकार दिवाकर त्रिपाठी, प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, अरुण पाठक, विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव (लखनऊ पूर्व), योगेश शुक्ला (बीकेटी), राजेश्वर सिंह (सरोजनीनगर), जय देवी (मलिहाबाद), अमरेश रावत (मोहनलालगंज), जिलाधिकारी विशाख जी, नगर आयुक्त गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन सहित अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध पर सख्त एक्शन लें, निर्दोष न फंसे

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने राजधानी की कानून-व्यवस्था को लेकर योजना भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लूट, डकैती, साइबर क्राइम और महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर चिंता जताते हुए प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घटनाओं के जल्द खुलासे, सही अपराधियों की गिरफ्तारी, और शत-प्रतिशत रिकवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि फर्जी फंसाने की प्रवृत्ति पर सख्त कार्रवाई हो और कोई निर्दोष व्यक्ति पुलिसिया कार्रवाई का शिकार न हो। उन्होंने यह भी कहा कि पेशेवर अपराधियों के खिलाफ कोर्ट में मज़बूत पैरवी कर उन्हें सज़ा दिलाई जाए। इसके अलावा, जेल से छूटे अपराधियों पर गुंडा एक्ट और जिला बदर की कार्रवाई भी तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में लखनऊ पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार, जेसीपी क्राइम अमित कुमार सहित सभी जोनों के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एलडीए : विश्राम नगर योजना में 2502 आवासीय भवनों का अगले माह से खुलेगा पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** में अपने आशियाने का सपना देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी विश्राम नगर योजना में 2502 आवासीय भवनों का पंजीकरण अगले माह से खोलने जा रहा है। इसके अंतर्गत देवपुर पारा के कबीर नगर में निर्मित किये जा रहे ई.डब्ल्यू.एस., एल.आई.जी. व एम0एम0आई0जी0 भवन लोगों के लिए उपलब्ध होंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक करके योजना को लांच करने के सम्बंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि देवपुर पारा के कबीर नगर में प्राधिकरण द्वारा पूर्व में 608 एसएमआईजी व 912 एम0आई0जी0 भवन निर्मित किये गये हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। इस योजना को विश्राम नगर का नाम दिया गया है। अब इस योजना में 1832 ईडब्ल्यूएस, 214 एलआईजी व 456 एमएमआईजी श्रेणी के नवीन बहुमंजिला आवासीय भवन निर्मित किये जा रहे हैं, जिनका कार्य अंतिम चरण में है। लगभग 32 वर्गमीटर से 55 वर्गमीटर क्षेत्रफल के यह भवन कम आय वर्ग वाले लोगों के बजट में होंगे। यहां बच्चों के लिए पार्क व व्यस्कों के लिए ओपन जिम आदि की सभी सुविधाएं होंगी। भवनों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यहां रहने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि योजना को आम लोगों के लिए जल्द से जल्द खोलने के उद्देश्य से सोमवार को सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इसमें जून, 2025 से भवनों का पंजीकरण खोलने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके लिए इस माह के अंत तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

**ये होगा भवनों का साइज**

ईडब्ल्यूएस भवन- साइज लगभग 30 से 32 वर्गमीटर, कुल संख्या 1832
एलआईजी भवन- साइज लगभग 45 वर्गमीटर, कुल संख्या 214
एमएमआईजी भवन- साइज लगभग 55 वर्गमीटर, कुल संख्या 456

**एस0एम0आई0जी0 व एम0आई0जी0 भवन उपलब्ध** - अभियंत्रण जोन-3 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना में एस0एम0आई0जी0 व एम0आई0जी0 के कुल 1520 भवन निर्मित हैं, जोकि 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के अंतर्गत आवंटित किये जा रहे हैं।

## खबर एक नजर

### गणित ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को अवार्ड

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र मोहम्मद हुसैन काजमी ने क्रेस्ट गणित ओलम्पियाड में 'स्टार परफार्मर अवार्ड' अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड एक्जाम इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (क्रेस्ट) के तत्वावधान में किया गया। जिसमें छात्र ने अपनी गणित ज्ञान व तार्किक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर स्टार परफार्मर होने का गौरव हासिल किया। आयोजकों ने सीएमएस छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए स्टार मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### भारतीय शिक्षा परिषद के नए अध्यक्ष का चयन

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** भारतीय शिक्षा परिषद की साधारण सभा की बैठक निरालानगर में आयोजित की गई। यह परिषद विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध है। बैठक में परिषद की पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और वर्ष 2024-25 में सम्पन्न किए गए विविध शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। सभा के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित अर्थसंकल्प को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा परिषद के नए अध्यक्ष के रूप में डॉ. दीपक बाबु शर्मा का चयन किया गया, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए दिव्यकांत शुक्ल और लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. किरण लता डंगवाल को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में आगामी वर्ष के लिए नियोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025-26 के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति भी विधिवत रूप से की गई। इस बैठक में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री यतींद्रा शर्मा, क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री हेमचंद्र, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. सौरभ मालवीय सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हाथों को साफ रखें, बीमारियों से बचें

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर डॉक्टर राममनोहर लोहिया संस्थान में माइक्रोबायोलॉजी विभाग और अस्पताल संक्रमण नियंत्रण समिति ने संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रमुख प्रोफेसर डॉ. ज्योत्सना अग्रवाल और आयोजन सचिव एचआईसीसी के संक्रमण नियंत्रण अधिकारी प्रोफेसर मनोदीप सेन लोगों को हाथ स्वच्छता की मूल बातें बताईं। सह-आयोजन सचिव डॉ. मोहम्मद साकिब ने विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के महत्व और हाथ धोने के चरणों के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, डॉ. आरएमएलआईएमएस, प्रो. सी.एम. सिंह ने स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरुक किया। सीनियर जुइन दत्ता घोष, वरिष्ठ गुणवत्ता नर्सिंग अधिकारी, अस्पताल प्रशासन विभाग, एसजीपीजीआईएमएस ने हाथ की स्वच्छता के अनुपालन के बारे में जानकारी दी।

### विश्व हाथ स्वच्छता दिवस

हर साल 5 मई को विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल जीवन बचाएं-अपने हाथ साफ करें विषयक अभियान डब्ल्यूएचओ द्वारा चलाया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हाथ स्वच्छता में सुधार के समर्थन में लोगों को एक साथ लाना है। इस साल हाथ स्वच्छता दिवस की थीम थी, इट माइट बी ग्लव्स। इट्स ऑलवेज हैण्ड हाइजीन। यह थीम दस्ताने के उपयोग के बावजूद हाथ की स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालती है।

## एलडीए की अनंत नगर योजना में 334 भूखण्डों के लिए 12,776 लोगों ने कराया पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहन रोड) आवासीय योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। योजना में प्रथम चरण में 334 भूखण्डों के लिए पंजीकरण खोला गया था। सोमवार को अंतिम दिन रात 8:00 बजे तक 12,776 लोगों ने आवेदन करते हुए सफलतापूर्वक पंजीकरण करा लिया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लॉटरी के माध्यम से भूखण्डों का आवंटन किया जाएगा। पंजीकृत आवेदकों का परीक्षण कराने के बाद लॉटरी की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अनंत नगर आवासीय योजना में भूखंडों के लिए 4 अप्रैल, 2025 से 3 मई, 2025 के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण खोला गया था। जिसे लोगों की मांग पर उपाध्यक्ष महोदय द्वारा 2 दिन के लिए बढ़ाते हुए 05 मई, 2025 तक कर दिया गया। सोमवार को रात 8:00 बजे तक 12,776 लोगों ने पंजीकरण धनराशि जमा कराकर सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करा लिया। उन्होंने बताया कि सोमवार रात 11:59 बजे तक रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला रहेगा और आवेदक ऑनलाइन भुगतान कराकर पंजीकरण करा सकेंगे। इसके बाद से पोर्टल बंद हो जाएगा। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अनंत नगर योजना में 785 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में टाउनशिप विकसित की जा रही है। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों के आशियाने का सपना साकार होगा। इसमें लगभग 2100 आवासीय भूखण्ड व 120 व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। जिससे लोगों को बेहतर आवासीय सुविधा के साथ व्यावसायिक सेवाओं का लाभ योजना में ही मिलेगा। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के 60 भूखण्डों में 10,000 से अधिक फ्लैट्स निर्मित किये जाएंगे। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी श्रेणी के 5 हजार भवनों में 25 हजार से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी भवनों का निर्माण किया जाएगा।योजना का विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत ग्रिड पैटर्न पर किया जा रहा है। जिसमें चौड़ी सड़कों के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए भूमिगत केबल बिछायी जाएंगी।

## आतंकी हमले के विरोध में शांति यात्रा



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों पर हुए हमले के विरुद्ध एक %शान्ति-यात्रा% निकाली गई। इस अवसर पर स्थानीय जी0पी0ओ0 पार्क स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पर मृतक आत्माओं की श्रद्धांजलि देते हुए जिला आर्य प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष डा भारत की निष्ठा विद्यालंकार ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की जड़ है। संस्कृति में आतंकवाद का कोई स्थान नहीं है %आततायिनं दृष्ट्या शीघ्र हन्यते । यह मानवता के रक्षक नहीं भक्षक होते हैं। इनको किसी धर्म, संस्कृति से प्यार नहीं होता, यह मतान्ध होते हैं। इनको जड़ से मिटाना ही यात्रा का उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त आचार्य विमल आर्य ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नाभि है, भारतीय सेना को नाभि पर वार करना चाहिए, जिससे आतंकवाद इस कार्यक्रम में नगर की विभिन्न आर्य पूर्णतया समाप्त किया जा सके। समाजों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से काशी प्रसाद आर्य, रण सिंह, आर.डी. वर्मा, बाल गोविन्द पालीवाल, अभिषेक गर्ग, वीरेन्द्र जैन, उर्मिला आर्या, ओजोव्रत शास्त्री, अग्निव्रत शास्त्री आदि अनेक संगठनों के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

## पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास, संयम और जीवन में सफलता प्राप्त करने की दिशा में सकारात्मक सोच का विकास करना था। वक्ताओं ने विज्ञान को अध्यात्म के साथ जोड़ते हुए सरल भाषा में बच्चों को समझाया कि कैसे योग, संयम और सत्कर्म जीवन में स्थायी सफलता का मार्ग बन सकते हैं।

इस अवसर पर अरुण श्रीवास्तव (चीफकोऑर्डिनेटर), ए.के. गुप्ता, जी.एस. शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, आशीष पांडे, एन.के. सक्सेना, डॉ. एस.एन. सचान (चीफट्रस्टी), रानी सचान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## अवध क्षेत्र में अवधी लोकनृत्य गीत की बहार



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** दीपांजलि संस्था के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में अवधी लोकगीत और लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव रामलाल वर्मा को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलाल गंज के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला सहित विनीता तिवारी एवं चक्रवीर सिंह शामिल रहे। इस कार्यक्रम की मनमोहन शुरुआत रिंकी सिंह और किरन के द्वारा पेश देवी गीत ''तोहरी शरण हम अवनि हैं जगदम्बे मइया'' के साथ हुई।

इस क्रम में सोहर गीत के बाद मेला गीत ''बैल गाडी मा हमका बिठाय के पिया मेलवा घुमाय दा'' सुनाया गया। विवाह गीत, चैती, खेमटा, नकट, चौमासा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने ''मोरे राजा छतरिया छवावो की रस के बूंद पड़ी'' पेश किया। इसमें ग्रामीण अंचल की झलक नृत्य के माध्यम से प्रभावी रूप में दर्शायी गई। किसानी गीत ''खेत मा झूमे गेहुँवा के डाली जइसे लागे, सोनवा के बाली, सासू पनिया कैसे जाऊँ रसीने दोऊ नैना '' पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कजरी ''कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी'' ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में योगिता, श्रीयांशी, कंचन, अंजू, मानसी, अश्वनी, शैलेन्द्र शर्मा ने सुंदर नृत्य संयोजन पेश किये। प्रियंका सिंह ने ढोलक, महेश पाल ने की-बोर्ड, अनादि खरे ने हा हारमोनियम और शैलेन्द्र सिंह अनिल ने साइड रिदम पर संगीत दी। इसके साथ ही विनीता और नीलम पाण्डेय ने भी गायन में अपने स्वर दिये। कार्यक्रम का निर्देशन मोहित कपूर के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के समापन की घोषणा एवं आभार ज्ञापन संस्था की अध्यक्ष मंगेश लता द्वारा किया गया।

## यूपी में पीडीए के नेतृत्व में बनेगी सरकार : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनना तय है। पीडीए का संकल्प है कि इस बार सरकार बनने पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना की जाएगी। विकास और खुशहाली के लिए काम होगा। सभी को न्याय और सम्मान मिलेगा। भाजपा सरकार पीडीए समाज का शोषण कर रही है। पीडीए के हक और आरक्षण को छीन रही है। लगातार अपमानित कर रही है। सोमवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। सत्ता के संरक्षण में अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में महा अन्याय राज का दौर चल रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय काम हुए। समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकास कार्यों और निर्माण की देश दुनिया में सराहना हो रही है। समाजवादी सरकार में पुलिस विभाग के लिए बेहतरीन आधारभूत ढांचा विकसित किया गया। शानदार पुलिस मुख्यालय बनाया गया।

अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने विकास के किसी कार्य को आगे नहीं बढ़ाया। पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल किया। अपराधियों को संरक्षण दिया। किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। गेहूं, धान खरीद में धांधली और भ्रष्टाचार किया। किसान के गेहूं की सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार उद्योगपतियों के लिए आढ़तियों के माध्यम से गेंहू खरीदवा रही है।

## लखनऊ व्यापार मण्डल की नई कार्यकारिणी का गठन



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मण्डल की इकाई राजाजीपुरम् परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के अन्तर्गत एम.आई.एस. गुरुद्वारा रोड उद्योग व्यापार मण्डल का गठन शहनाई गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने की। मंच का संचालन उमेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवगठित टीम में मयंक बाजपेई को अध्यक्ष, अनुराग सिंह को वरिष्ठ महामंत्री, पंकज द्विवेदी और आकांक्षा कश्यप को महामंत्री, राजेश श्रीवास्तव को मीडिया महामंत्री, रामचंद्र श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, सुधीर कुमार द्विवेदी और प्रभात यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुफ़ियान, मनजीत सिंह और गुलशन रस्तोगी को उपाध्यक्ष, नीरज विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष, मोनू गुप्ता, पंकज चौरसिया, शब्बीर और हेमंत श्रीवास्तव को मंत्री तथा जनसंपर्क का दायित्व सौंपा गया। सभा में संरक्षक के रूप में कैलाशचंद्र अग्रवाल की घोषणा की गई। उमेश शर्मा ने उन्हें संगठन का संरक्षक घोषित करते हुए कहा कि जैसे परिवार में बुजुर्गों की आवश्यकता होती है, वैसे ही संगठन को सही दिशा देने के लिए संरक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने नवगठित टीम को बधाई भी दी। कार्यक्रम में लखनऊ व्यापार मण्डल के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अमरनाथ मिश्र, पवन मनोचा, महामंत्री उमेश शर्मा, महामंत्री सुशील तिवारी, विशाल कोहली, सौरभ शर्मा, सोनू घई, मनीष मिश्रा, दीपक सहगल, अनुज द्विवेदी, जसवीर सिंह, दीपू अग्रवाल, शैलेश बाजपेई, लल्लन यादव, गुड्डे नवाब और के.के. मोदनवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## नाले-नालियों की सफाई की कवायद में जुटे नगर आयुक्त

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में सोमवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में जोन-2 के पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बरसात के पहले नाले-नालियों की तलहटी तक सफाई पर मंथन किया गया। बैठक में जोन-2 के अंतर्गत आने वाले कई वार्डों के पार्षद मौजूद रहे। बैठक के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों, जल निकासी की समस्याओं और सफाई व्यवस्था पर नगर आयुक्त से विस्तृत चर्चा की। विशेष रूप से नालों और नालियों की नियमित सफाई और मानसून पूर्व तैयारियों पर जोर दिया गया। पार्षदों ने बताया कि कई इलाकों में जलभराव की समस्या अभी भी बनी रहती है, जिसे प्राथमिकता से हल करने की आवश्यकता है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और आगामी बरसात से पहले आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

## मुख्यमंत्री योगी से मिला पत्रकारों का दल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पत्रकारों का एक दल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मिला। पत्रकारों से जुड़े कई विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई। पत्रकारों के आवास व निश्शुल्क चिकित्सा जैसे कुछ विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह ने पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों से जुड़ी समसस्याओं के निराकारण का आश्वासन दिया। प्रदेश में वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू करने, पत्रकारों को अनुदान पर प्लाट और फ्लैट उपलब्ध कराने और एसजीपीजीआई में पत्रकारों के इलाज के लिए 25 लाख रूपये की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख कराने की मांग रखी गयी। इसके अलावा समाचार पत्रों की विज्ञापन दरें और विज्ञापन मान्यता समिति का भी गठन के लिए बात रखी गयी। फोटो जर्नलिस्ट के लिए विधायक निवास दारुलशफा ए ब्लॉक- 66 में आवन्टित कार्यालय किराया जमा कराकर उसकी मरम्मत एवं साज-सज्जा कराई जाए ताकि फोटो जर्नलिस्ट उक्त कक्षा का संक्षिप्त सदुपयोग कर सकें।इसके राज्य संपति विभाग के रिक्त करीब तीन दर्जन से अधिक आवासों को सम्मानित पत्रकारों को आवंटित करने की बात की गयी। इस अवसर पर बृजनन्दन राजू ने मुख्यमंत्री को स्वलिखित जनता सर्वोपरि और स्वर्णिम भारत की ओर पुस्तक भेंट की। भारत सिंह के नेतृत्व में सर्वेश सिंह,बृजनन्दन राजू,पदमाकर पाण्डेय,अरूणव सिन्हा,अनूप चतुर्वेदी,अशोक मिश्रा,सुरेश सिंह, डा. सत्येन्द्र त्रिपाठी,आशीष मौर्य और अनूप मिश्र मुख्यमंत्री से मिले।

## डायबिटीज लाइलाज बीमारी नहीं आहार में बदलाव करें : वरुण

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** केवल फास्टिंग, पोस्ट मील और एचबीए-1 सी शुगर जांच से डायबिटीज का सही मूल्यांकन नहीं होता। आठ विशेष प्रकार की जांचे हैं जो यह यह तय

### आठ प्रकार की जांचें तय करती हैं शुगर का मानक

करती हैं कि मरीज को वाकई में डायबिटीज है भी या नहीं। ये जांचें फास्टिंग सीरम इंसुलिन, सी-पेप्टाइड, होमा आईआर, बीटा सेल फंक्शन, इंसुलिन सेंसटिविटी सहित अन्य बायोमार्कर्स पर आधारित होती हैं। यह बात सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से रूबरू डॉक्टर वरुण ने भारत गौरव सम्मान प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. एस. कुमार के शोध पर आधारित होकर कही। उन्होंने दावा किया कि डायबिटीज लाइलाज बीमारी नहीं है। एप्रोप्रियेट डाइट थेरेपी सेंटर के बैनर तले आयोजित संवाद में डायबिटीज मुक्त भारत अभियान के तहत डॉ. एस. कुमार ने कहा कि डायबिटीज़ कोई



बीमारी नहीं, बल्कि एक जीवनशैली जनित शुगर यूटिलाइज़ेशन डिसऑर्डर है। इसे बिना दवा और बिना इंसुलिन के, सिर्फ सटीक जांच और उचित खानपान द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। डॉ. वरुण ने डायबिटीज पर अन्य शोधों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सभी शोधों का गहन अध्ययन के बाद यह कहा जा सकता है कि 90 प्रतिशत मरीज ऐसे हैं जिन्हें डायबिटीज का गलत डायग्नोसिस केवल बढ़े हुए शुगर लेवल के आधार पर कर दिया जाता है, जबकि उनके शरीर में इंसुलिन की मात्रा सामान्य होती है। डॉ. वरुण के अनुसार रसोईघर में उपयोग होने वाला बीजों से निकला रिफाइंड तेल (जैसे सोयाबीन, सूरजमुखी आदि) सबसे बड़ा दोषी है जो रिसेप्टर्स को नुकसान पहुंचाता है और इंसुलिन रेसिस्टेंस का प्रमुख कारण बनता है। इसकी जगह पर राइस ब्रैन आयल का इस्तेमार करें। यह चावल की भूषी से बनाया जाता है। इस अवसर पर इंडियन एक्स-सर्विसेज लीग, लखनऊ के अध्यक्ष सुबेदार मेजर (से.नि.) ऋषि दीक्षित एवं आर.बी. सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



# एलडीए : अरबों की सीलिंग ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा

**नामी बिल्डर कर रहा ज़मीन की खरीद-फरोख्त** | **प्रवर्तन जोन-7 की मिलीभगत से बड़े घोटाले को दिया जा रहा अंजाम** | **तीसरी बार चिन्हांकन की तारीख तय**





**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राजधानी की बेशकीमती सरकारी ज़मीन पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत का ऐसा जाल फैला है, जिसकी परतें अब खुलनी शुरू हो गई हैं। एलडीए से जुड़ा एक बड़ा और सुनियोजित सीलिंग भूमि घोटाला सामने आया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की शहरी सीलिंग भूमि मोहल्ला गेंदखाना और महताबबाग क्षेत्र की लगभग 6 से 7 बीघा जमीन, जिसकी बाजार में कीमत अरबों रुपये आँकी जा रही है, उसे प्रवर्तन जोन-7 के कुछ अधिकारियों व बिल्डर की मिलीभगत से भोले-भाले लोगों को अवैध तरह से बेचा जा रहा है और उन पर निर्माण करवाया जा रहा है। जबकि यह जमीन असल में ÷सीलिंग एक्ट 1976÷ के तहत राज्य सरकार के नाम दर्ज है और उस पर किसी भी प्रकार की निजी खरीद-फरोख्त या निर्माण कानूनी रूप से वर्जित है।

एलडीए के प्रभारी अधिकारी-सीलिंग द्वारा दिनांक 28 अप्रैल 2025 को उपजिलाधिकारी सदर को भेजे गए पत्र में साफ तौर पर उल्लेख है कि उक्त ज़मीनें नगर भूमि (अधिकतम सीमा एवं विनियमन) अधिनियम, 1976 के तहत राज्य सरकार के नाम दर्ज सीलिंग भूमि हैं। इन ज़मीनों का सीमांकन पहले दो बार 26 मार्च और 16 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित था, लेकिन तहसील व प्रवर्तन जोन के जिम्मेदार राजस्व कर्मचारियों की गैरहाजिरी के कारण कार्यवाही अधूरी रह गई। अब 8 मई को पुनः सीमांकन की तारीख तय की गई है, लेकिन सूत्रों से मिले इनपुट्स इस पूरे मामले को गंभीर घोटाले की शक्ल दे रहे हैं।

**सूत्रों का बड़ा खुलासाः नामी बिल्डर कर रहा ज़मीन का सौदा**

सूत्रों की मानें तो एक अनिल रस्तोगी नामक बिल्डर सीलिंग की इस सरकारी भूमि को बेचने का धंधा कर रहा है। भोले-भाले लोगों को धोखे से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से प्लॉट बेचे जा रहे हैं, और कई परिवारों ने इस पर अवैध तरीके से निर्माण भी कर लिया है। कई घर, दुकानें, और अपार्टमेंट इस सरकारी ज़मीन पर खड़े हो चुके हैं।

**मिलीभगत का खुला खेलः जेई, एई और सुपरवाइज़र सवालों के घेरे में**

मामले में एलडीए प्रवर्तन जोन-7 में तैनात रहे जेई, एई और सुपरवाइज़र की भूमिका संदिग्ध है। वर्षों तक जोन में जमे रहने वाले एक नामी सुपरवाइज़र पर आरोप है कि उसने ही अवैध निर्माणों को संरक्षण दिया और बिल्डर के साथ साठगांठ कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की।

**सरकारी सिस्टम की चुप्पी, अरबों के राजस्व का नुकसान**

सवाल यह है कि जब यह जमीन सरकारी है और इसका रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से दर्ज है, तो चिन्हांकन जैसी बुनियादी कार्यवाही दो बार क्यों टली? क्या जानबूझकर अधिकारियों ने न पहुँचकर जमीन कब्जे में लेने वालों को समय दिया? सरकारी तंत्र की चुप्पी और नज़रअंदाजी से यह साफ है कि राजस्व और विकास विभाग के अफसर भी इस खेल में या तो शामिल हैं या जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं। इससे न केवल सरकार को अरबों का राजस्व नुकसान हो रहा है, बल्कि राजधानी के शहरी नियोजन को भी गहरा झटका लग रहा है।

**8 मई को तीसरी बार तय है सीमांकन की तारीख**

अब निगाहें 8 मई 2025 को तय सीमांकन पर टिकी हैं। एलडीए ने संबंधित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, अमीन व सर्वेयरों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे राजस्व नक्शा एवं अभिलेखों सहित स्थल पर पहुँचें और सीमांकन सुनिश्चित करें। लेकिन यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या इस बार भी कोई बहाना बनाकर कार्यवाही टाली जाएगी?।

**ये हैं वो खसरा नंबर जिनकी ज़मीन पर हो रहा है खेल**

**गेंदखाना** - खसरा संख्याः 353, 354, 355, 356, 358, 439, 440, 441, 443, 444, 446

**महताबबाग** - खसरा संख्याः 78, 60/2स, 60/1, 26/1, 26/2, 68स, 125मि0, 84मि0, 54मि0, 128/1स, 108/1मि0, 25 मि0, 80मि0, 87मि0, 96/2, 73, 76, 53 मि0 आदि।

**जिम्मेदार बोले**

"चिन्हांकन के लिए पत्र मिला है। हमारी टीम नियत तारीख पर उक्त जगह जाएगी और चिन्हांकन में पूरी सहायता करेगी। चिन्हांकन में कहीं भी सीलिंग की भूमि पर कब्जा व अवैध निर्माण मिलेगा तो उस कार्रवाई की जाएगी।

**अतुल कृष्ण सिंह**
**जोनल अधिकारी**
**जोन-7, एलडीए।**

# 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' की थीम पर होगा योग दिवस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 की तैयारियों के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम न केवल वसुधैव कुटुंबकम की भावना को सशक्त करती है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान भी करती है। एक से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में आयोजित किए जाने वाले योग कार्यक्रमों को सामूहिक प्रयास का प्रतीक बनाएं।

राज्यपाल ने साइकिल यात्रा एवं पद यात्रा जैसे आयोजनों को करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय अपने अध्यापक, महिला स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ को उनकी यूनिफॉर्म में विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर योग करते हुए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने योग को केवल शारीरिक अभ्यास तक सीमित न रखते हुए सभी को पोषणयुक्त एवं संतुलित खान-पान के लिए प्रेरित करने पर बल दिया, ताकि सम्पूर्ण जीवनशैली में सुधार लाया जा सके। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि एक वैश्विक जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि 21 जून को विश्वविद्यालय के सभी परिसरों और अधीनस्थ महाविद्यालयों में सामूहिक योग अभ्यास सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक व कर्मचारी लाभान्वित हों।

उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय मिलकर 10 ऐसे कार्यक्रमों की योजना बनाएं, जो सामूहिक रूप से विश्व रिकॉर्ड बनाने में सक्षम हों। कम-से-कम 10 ऐसी महिलाओं का चयन हो, जिनका गर्भ दो या तीन महीने का हो, ताकि गर्भावस्था के संपूर्ण नौ महीनों तक एक योजनाबद्ध और समर्पित संस्कार अभियान चलाया जा सके। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता सहित विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिव वर्चुअली माध्यम से जुड़े।

# अनिल कुमार को मुख्य सचिव का प्रभार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह विदेश यात्रा पर गए है। वह ग्रीस और दुबई की यात्रा पर गए है। उनके साथ मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह एवं एचपी शाही भी मौजूद रहेंगे। राजस्व परिषद चेयरमैन अनिल कुमार प्रभारी मुख्य सचिव बनाया गया है। यानी 8 मई तक अनिल कुमार प्रभारी मुख्य सचिव रहेंगे ।

**अभिषेक सिंह को निदेशक प्रशिक्षण का प्रभार**

2012 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह को विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग निदेशक कार्मिक सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो को वर्तमान पद के साथ निदेशक प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश का अतिरिक्त चार्ज दिया गया।

# 2027 तक दोगुना होगा मक्के का उत्पादन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्के का उत्पादन 2027 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। कृषि विभाग की ओर से लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय खरीफ गोष्ठी में प्रदेश के कृषि मंत्री ने किसानों से जिन फसलों का उत्पादन बढ़ाने की अपील की उसमें मक्का भी था। सरकार के आठ वर्षों में दलहन और तिलहन का उत्पादन दोगुना हो चुका है। फिलहाल 2021-2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मीट्रिक टन था। जिसे बढ़ाकर 27.30 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इसके लिए रकबा बढ़ाने के के साथ प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन बढ़ाने पर भी बराबर का जोर है।

मक्के का प्रयोग इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों, पशुओं एवं पोल्ट्री लिए पोषाहार, दवा, पेपर और एल्कोहल इंडस्ट्री में होता है। इसके अलावा भुट्टा, आटा, बेबीकार्न और पापकार्न के रूप में ये खाया जाता है। किसी न किसी रूप में ये हर सूप का अनिवार्य हिस्सा होता है। ये सभी क्षेत्र संभावनाओं वाले हैं। बहुपयोगी होने की वजह से समय के साथ मक्के की मांग भी बढ़ेगी। इस बढ़ी मांग का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों को हो इसके लिए सरकार मक्के को खेती के प्रति किसानों को लगातार जागरूक कर रही है। उनको खेती के उन्नत तौर तरीकों की जानकारी दे रही है। किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम मिले इसके लिए सरकार पहले ही इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में ला चुकी है। मक्के में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते हैं इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल मिलते हैं। इन्हीं खूबियों के नाते इसे अनाजों की रानी कहा गया है। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. एसके तोमर ने बताया कि खरीफ के फसल की बोआई के लिए 15 से 15 जुलाई तक का समय उपयुक्त होता है।

# समय पर भुगतान न करने वाली चीनी मिलों पर होगी सख्ती : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि चीनी मिलों को गन्ना खरीद के लिए आवंटित कमांड एरिया का निर्धारण गन्ना मूल्य भुगतान के आधार पर किया जाए। जो मिलें भुगतान में देरी या हीलाहवाली करें, उनके विरुद्ध सख्ती होगी।

**गन्ना मूल्य भुगतान पर तय होगा चीनी मिलों का कमांड एरिया**



मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर गन्ना पैदावार के लिए किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध कराना जरूरी है। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्रों , चीनी मिलों और गन्ना समितियों को मिलकर कार्य करना होगा। साथ ही, किसान गोष्ठियों में मंत्री की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। गन्ना समितियों को और सशक्त करने की आवश्यकता भी जताई। वर्तमान 142 कार्यदिवसों को बढ़ाकर 155 दिन करने की जरूरत बताई। कोऑपरेटिव व फेडरेशन की चीनी मिलों की गहन समीक्षा के निर्देश दिए। इन मिलों की उत्पादन क्षमता के साथ-साथ वहां कार्यरत कार्मिकों की योग्यता का भी आकलन किया जाएगा। बीते 8 साल में 2,85,994 करोड़ का भुगतान हुआ है, जो 1995-2017 के 2,13,520 करोड़ की तुलना में 72,474 करोड़ अधिक है। इसी तरह 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी अवधि में उत्पादकता भी 72.38 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 84.10 टन हेक्टेयर तक पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उत्पादन और उत्पादकता में दो गुना वृद्धि की पूरी संभावना है,इसके लिए प्रयास करने होंगे। राज्य में 45 जिलों में संचालित 122 चीनी मिलें, 236 खांडसारी इकाइयाँ, 8,707 कोल्हू इकाइयाँ, 65 कोजेन इकाइयाँ और 44 डिस्टिलरी इकाइयाँ सक्रिय हैं, जिनकी कुल क्रशिंग क्षमता 7,856 केएलपीडी है। इससे प्रत्यक्ष रूप से 9.81 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। 2023-24 में राज्य की 102 सक्रिय डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ है। निजी निवेश से 6,771.87 करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त 105.65 करोड़ लीटर उत्पादन क्षमता स्थापित की जा रही है।

# महापुरुषों के मंदिरों को विकसित करेगा पर्यटन विभाग

बीते 8 वर्षों में प्रदेश के करीब दो हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार करा चुका पर्यटन विभाग अब महापुरुषों के मंदिरों का भी कायाकल्प कराने जा रहा है। इस योजना के तहत सनातन को मानने वाले सभी महापुरुषों के मंदिरों के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। इसमें जैन, बौद्ध मंदिर, कबीर मठ, संत रविदास, तुलसीदास, गुरुद्वारा सहित कई मंदिरों एवं मठों को आधुनिक सुविधाओं से सुस्सजित कर उन्हें आकर्षक पर्यटन स्थल बनाया जायेगा। यह कहना है पर्यटन एवं धमार्थ कार्य के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम का।

**पांच सवाल**



मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव
पर्यटन एवं धमार्थ कार्य

**पुराने मंदिरों के जीर्णोद्धार में कितना धन खर्च किया जा रहा है?**

प्रमुख सचिव पर्यटन ने बताया कि उन्ही मंदिरों को विकसित किया जाता है जहां आने जाने का पर्याप्त रास्ता एवं गैर विवादित ठीक ठाक भूमि हो। वहां पर पार्क वे, टीन शेड, बिजली, पेयजल एवं प्रसाधन सहित मंदिर का भी जिर्णोद्धार कराया जाता है। इस कार्य में 50 लाख रुपये तक खर्च किये जाते है जिसमें आधा पैसा मंदिर का संचालन कर रही सोसायटी को और आधा पैसा पर्यटन विभाग को व्यय करना होता है।

**कृषि पर्यटन को विकसित करने की क्या योजना है?**

मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि प्रदेश के आचार्य नरेन्द्र कृषि विश्व विघालय द्वारा प्रदेश के 18 जनपदों में कृषि पर्यटन को विकसित करने के लिए समझौता किया गया है। इसके तहत देशी व विदेशी पर्यटक गांवों में आते हैं और वहां रुककर खेती किसानी को बारीकी से देखते व समझते हैं। किसानों के साथ कृषि कार्य में भी हाथ बटाते हैं। इस दौरान उन्हें होम स्टे एवं उनके खाने पीने की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा करायी जाती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

**विदेशी पर्यटकों की संख्या कितना बढ़ी है?**

प्रमुख सचिव ने बताया कि कोरोना काल के बाद विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आ गयी थी। लेकिन काशी विश्वनाथ कारीडोर एवं अयोध्या में राम मंदिर निर्माण एवं महाकुंभ के आयोजन के बाद विदेशी पर्यटकों की संख्या में काफी बृद्धि हो रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा विदेशों में प्रचार प्रसार के लिए फेम ट्रिप भी कराये गये। साथ ही पुराने भवनों को हेरिटेज होटल, यात्री निवास बनाने से भी विदेशी पर्यटकों का आकर्षण बढा है।

**ईको टूरिज्म का विकास कम हो रहा है?**

मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि ऐसा नहीं , ईको टूरिज्म अब पर्यटकों को खुब भा रहा है। प्रदेश में दुधवा पार्क, कतनिया घाट, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। विभाग द्वारा यहां पर पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही इन स्थानों पर सुरक्षा के साथ प्रशक्षित नेचर गाइड्स की भी तैनाती की गयी है। अब लोग प्रदूषण से दूर रहकर प्रकृति का आनंद लेना चाहते है।

**- राजेश सिंह**

# भारत में 3.4 करोड़ से अधिक लोग अस्थमा के मरीज : वेद प्रकाश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** विश्व में अनुमानतः 26.2 करोड़ लोग अस्थमा से प्रभावित हैं। वैश्विक स्तर पर अस्थमा से प्रतिवर्ष लगभग 4.55 लाख लोगों की मृत्यु होती है। भारत में 3.4 करोड़ से अधिक लोग अस्थमा ग्रसित हैं। अस्थमा बच्चों एवं किशोरों में सबसे सामान्य होने वाला रोग है। महिलाओं में अस्थमा पुरुषों की तुलना में अधिक होता है। अस्थमा लाइलाज बीमारी नहीं है, उचित उपचार व जीवन-शैली में बदलाव से इसे पूरी तरह नियंत्रित कर सामान्य जीवन जिया जा सकता है। यह जानकारी सोमवार को केजीएमयू में प्रो. वेद प्रकाश, विभागाध्यक्ष, पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने दी।




पत्रकारों से रूबरू वेद प्रकाश ने कहा कि अस्थमा विश्व और भारत दोनों के लिए बड़ी समस्या है। 2021 में अस्थमा प्रबंधन पर वैश्विक स्तर पर लगभग 68,300 करोड़ का खर्च आया था।

अनुमानतः भारत में 3.4 करोड़ से अधिक लोग अस्थमा ग्रसित हैं। उन्होंने बताया कि इसके पीछे वायु प्रदूषण भी प्रमुख है। जागरुकता की कमी भी अस्थमा को बढ़ा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार केवल 5 प्रतिशत भारतीय अस्थमा रोगियों का सही निदान व उपचार हो पाता है। एलर्जी एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है और इसकी व्यापकता लगातार बढ़ रही है। वेद प्रकाश ने बताया कि विश्व एलर्जी संगठन के अनुसार, विश्व की 30-40 प्रतिश जनसंख्या किसी न किसी एलर्जी से प्रभावित है। एलर्जिक राइनाइटिस वयस्कों में 10-30 प्रतिशत तथा बच्चों में 40 प्रतिशत तक को प्रभावित करता है।

**अस्थमा के प्रमुख लक्षण**

घरघराहट, छाती से सीटी या घर्र की ध्वनि
साँस फूलना या साँस लेने में कठिनाई
विशेषकर रात में या सुबह होने वाली खांसी
छाती में जकड़न, दर्द या घुटन-सा महसूस होना

**अस्थमा से बचने के उपाय**

एलर्जी उत्पन्न होने वाले कारकों से दूर रहें। धूमपान से बचें। संतुलित आहार व नियमित व्यायाम करें और तनाव से दूर रहें। यदि अस्थमा पीड़ित हैं तो डॉक्टर की सलाह लेकर दवाइयां, इनहेलर्स आदि का उपयोग करते रहें। पालतू जानवरों के बाल या रूसी, धूल के कण, मौसम में परिवर्तन के समय सावधानी बरतें। चिकित्सक से परामर्श लेते रहें।

# अखिलेश ने महापुरुषों का किया अपमानः निर्मल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विधान परिषद सदस्य डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों का ही नहीं, बल्कि पिछड़े वर्ग के नायकों का भी अपमान किया है। उनके नेताओं को दलित और पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों से पता नहीं क्यों इतनी चिढ़ है। वीवीआईपी गेस्ट हाउस में सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि ज्योतिबा फुले दलितों, वंचितों एवं महिलाओं के शिक्षा के पक्षधर थे। वह ओबीसी थे, इसलिए अखिलेश ने उनके नाम पर बने जिले अमरोहा से ज्योतिबा फुले का नाम हटा दिया था। यही नहीं छत्रपति साहू जी महाराज के नाम पर बने अमेठी तथा केजी मेडिकल यूनिवर्सिटी से उनका नाम हटा दिया गया। क्योंकि वे दलितों, पिछड़ों के हितैषी थे। इसके अलावा आंबेडकर की पत्नी के नाम पर बने कानपुर देहात जिले से माता रमाबाई का नाम हटा दिया था। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल ने डॉ आंबेडकर का अपमान नहीं किया। डॉ आंबेडकर के चेहरे को काटकर अखिलेश यादव के चेहरे को लगाने पर किसी कार्यकर्ता पर जिम्मेदारी डालकर अखिलेश इससे मुक्त नहीं हो सकते। डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि अखिलेश यह भी बताएं कि सपा के शासन काल में कैबिनेट मंत्री आजम खां गाजियाबाद, हज हाऊस के कार्यक्रम में डॉ आंबेडकर को भू-माफिया बता रहे थे, उस समय अखिलेश यादव ताली क्यों बजा रहे थे।

# अब नए कलेवर में दिखेगा 'अपार आईडी पोर्टल', लाखों अभिभावकों को राहत

## जुलाई से बच्चों के नाम, जन्मतिथि और पता बदलना होगा आसान

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बहुप्रतीक्षित अपार आईडी पोर्टल को जुलाई से आमजन के लिए खोलने की तैयारी अंतिम चरण में है। इससे अभिभावकों और स्कूलों को बच्चों के नाम, जन्मतिथि, पता और अन्य विवरण आधार कार्ड के अनुसार अपडेट करने की सुविधा मिल सकेगी।




**अब तक क्या थी समस्या?**

- वर्तमान में अपार आईडी पोर्टल पूरी तरह से लॉक है।
- केवल बीएसए स्तर या राज्य मुख्यालय से ही कुछ चुनिंदा बदलाव (जैसे नाम में एक-दो अक्षर) ही संभव थे।
- यदि बच्चे के आधार कार्ड में नाम 'पंकज सोनी' है और अपार आईडी में 'पंकज' है, तो अभी तक कोई भी सुधार संभव नहीं था।
- परिणामस्वरूप, छात्रवृत्ति, किताबें, यूनिफॉर्म, टैबलेट जैसी सरकारी योजनाओं से वंचित होने का खतरा बना रहता था।

**पोर्टल में क्या बदलाव आएंगे?**

- जुलाई 2025 से अपार आईडी पोर्टल पब्लिक मोड में खुलेगा।
- अभिभावक या स्कूल शिक्षक लॉगिन कर सकेंगे और सुधार का अनुरोध भेज सकेंगे।
- बदलाव की प्रक्रिया आधार कार्ड के साथ ऑनलाइन वैरिफिकेशन के ज़रिये होगी।
- इससे बच्चे का नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता आदि को आधार के अनुसार सही किया जा सकेगा।

**क्यों बंद है अभी पोर्टल?**

- वर्तमान में राज्य स्तर पर डाटा फीडिंग का काम चल रहा है।
- पुराने छात्रों की अपार आईडी वेरिफिकेशन और नए एडमिशन का डाटा प्रयागराज स्थित राज्य सर्वर पर भेजा जा रहा है।
- इसी कारण अब तक पोर्टल आमजन के लिए बंद रखा गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी?**

बेसिक शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हम चाहते हैं कि हर बच्चा सही विवरण के साथ शिक्षा पोर्टल में पंजीकृत हो। वर्तमान में कई बच्चों की डिटेल्स गलत होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जुलाई से पोर्टल को इसीलिए खोला जा रहा है ताकि किसी भी छात्र का अधिकार न छिने।

अपार आईडी का यह सुधार शिक्षा व्यवस्था के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आ रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे अपार आईडी से जुड़ा है, नाम या जन्मतिथि की एक गलती बच्चों को सिस्टम से बाहर कर देती है। अब यह सुधार न सिर्फ बच्चों को उनका हक दिलाएगा, बल्कि शिक्षकों, स्कूलों और अभिभावकों की भी परेशानियों को खत्म करेगा।

स्वतंत्र भारत
खबर का असर

**क्यों जरूरी है यह अपडेट?**

- उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक बच्चों की अपार आईडी बनाई जा चुकी है।
- लाखों बच्चों की आईडी में नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता आदि में गंभीर त्रुटियां हैं।
- इन त्रुटियों के कारण बच्चों को मिलने वाली सरकारी योजनाएं रोक दी जाती हैं या भुगतान लटक जाता है।

अपार आईडी पोर्टल अपडेट होकर खुले, उससे पहले अभिभावकों और स्कूल वाले बच्चों का आधार कार्ड अपडेट करवा लें। डुप्लीकेट या त्रुटिपूर्ण अपार आईडी की सूची तैयार करें लें। स्कूल स्तर पर छात्र सूची को आधार के अनुसार सत्यापित करें लें। जुलाई के बाद जैसे ही पोर्टल खुले, तुरंत लॉगिन कर सुधार प्रक्रिया शुरू करें।





स्वतंत्र भारत
## वर्गीकृत

### सूचना
मैंने अपना नाम SHAHNVAZ HUSEN से बदलकर SHAHNAWAZ HUSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-MEHADI HUSEN ADD-370/KN-715 HATA NOOR BEG SAADATGANJ NEAR J T POLICE CHOWKI POST-CHOWK DIST-LUCKNOW-226003(U.P)
सी.आर.-243/L-25

### सूचना
मैंने अपने (माइनर) पुत्री KULSOM SIDDIQUI का नाम बदलकर KULSUM SIDDIQUI रख दिया है अब भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOTHER'S NAME -FATIMA MAJEED SIDDIQUI ADD-536 KA/586, MAKKAGANJ NEAR SHIA P.G COLLEGE PO-NIRALA NAGAR, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P)
सी.आर.-243/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAMEER से बदलकर SAMEER AHMAD SIDDIQUI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। SAMEER AHMAD SIDDIQUI S/o-RAIS AHMAD ADD-435/25 RAJJABGANJ, THAKURGANJ DIST-LUCKNOW(U.P)
सी.आर.-243/L-25

### सूचना
मैंने अपने (माइनर) पुत्री ZENAB SIDDIQUI का नाम बदलकर ZAINAB SIDDIQUI रख दिया है अब भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOTHER'S NAME-FATIMA MAJEED SIDDIQUI ADD-536KA/586, MAKKAGANJ NEAR SHIA P.G COLLEGE PO-NIRALA NAGAR DIST-LUCKNOW-226020(U.P)
सी.आर.-243/L-25

### सूचना
मैंने अपना नाम CHANDRA PRAKASH AGRAWAL से बदलकर नया नाम CHANDRA PRAKASH S/o BAL CHANDRA रख लिया है। Add.-81 RATH Poorab Hamirpur U.P.-210431
सी.आर.-243/L-25

### सूचना
मैं अपने पुत्र रानू निषाद के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। मैकू लाल पुत्र स्व. फकीरे, नि.- 114 के, बड़ी जुगौली, गोमतीनगर, लखनऊ।
सी.आर.-245/L-36

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र विवेक उर्फ सोनू व पुत्रवधू नेहा शर्मा उर्फ सूबी को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इन दोनों से मेरा कोई वास्ता नहीं रहा। मीरा देवी पत्नी सुरेन्द्र कुमार नि.मो. गढ़ी पूर्वी थाना कांट-शाहजहांपुर।
सी.आर.-241/D-42

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र अभिषेक सक्सेना उर्फ गोलू को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। सुमनलता सक्सेना पत्नी स्व. रामनिवास सक्सेना नि.मो. हनुमानगली कस्बा व थाना खुदागंज-शाहजहांपुर।
सी.आर.-241/D-36

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र दुर्वेश कुमार को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र बोधराम नि. ग्रा. सकरापुर थाना-पुवायां-शाहजहांपुर।
सी.आर.-241/D-28

# सेवानिवृत्त उप निदेशक से आठ लाख की ठगी

## ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर साइबर जालसाजों ने लगाया चूना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में सेवानिवृत्त उप निदेशक से ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर साइबर ठगों ने साइबर फ्रॉड कर दिया। साइबर ठगों ने डी-मार्ट का फर्जी लिंक भेजा एप डाऊनलोड करने के बाद दूसरे दिन क्रेडिट कार्ड से 8 लाख उड़ा दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लखनऊ में साइबर ठगों ने सेवानिवृत्त उप निदेशक राष्ट्रीय बचत को अपना शिकार बनाया है। पीड़ित रावेन्द्र सिंह के मोबाइल पर 3 अप्रैल को डी-मार्ट का एक लिंक आया। उनसे ऑर्डर बुक करने के लिए डी-मार्ट एपीके डाउनलोड करने को कहा गया। अगले दिन सुबह 9:45 बजे एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने फिर से एपीके डाउनलोड करने को कहा। फोन होल्ड पर रखने के बाद दो-तीन ओटीपी आए। रावेन्द्र सिंह ने किसी को ओटीपी नहीं बताया। फिर भी उनके क्रेडिट कार्ड से 3,69,990 और 4,29,990 रुपये की दो राशियां डेबिट हो गई। ठगों ने तीसरा ट्रांजैक्शन भी करने की कोशिश की, लेकिन पीड़ित ने फोन स्विच ऑफ कर दिया। बाद में एसबीआई कार्ड की तरफ से कार्ड ब्लॉक कर दिया गया। रावेन्द्र सिंह ने एसबीआई कार्ड के कस्टमर केयर पर सुबह 10:28 बजे फोन करके दोनों ट्रांजेक्शन के लिए डिस्प्यूट दर्ज कराया। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने किसी को भी ओटीपी नहीं दिया। फिर भी उनके खाते से पैसे निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अपनी राशि वापस पाने की गुहार लगाई है।

# एक करोड़ 23 लाख से स्थापित होंगी मूर्तियां

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** संस्कृति विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, कमला बहुगुणा, महापुरूषों में भक्त प्रहलाद, नरसिंह भगवान, भगवान सूर्य नारायण, भगवान गणेश व महर्षि बाल्मीकि की मूर्तियां की स्थापना की जायेगी। इसके लिए एक करोड़ 23 लाख 42 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इन मूर्तियों के निर्माण के लिए श्रद्धा शुक्ला निदेशक राज्य ललितकला अकादमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में कमला बहुगुणा की 5 फिट की कांस्य की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 6 लाख 60 हजार रूपये आविटत किये गए हैं। एटा में पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह की 12.5 फिट मूर्ति के लिए 19 लाख 75 हजार, बांदा में अवंतीबाई होलकर की 12.5 फिट अश्वारोही कांस्य मूर्ति के लिए 27 लाख 05 हजार`, सीतापुर में महंत अवैद्यनाथ 12.5 फिट मूर्ति के लिए 14812580 रूपये तथा झांसी में भक्त प्रहलाद की मूर्ति के लिए 04 लाख 95 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इसी तरह झांसी में नरसिंह भगवान की मूर्ति के लिए 2118750 रूपये, अयोध्या में भगवान सूर्य नारायण की मूर्ति हेतु 02 लाख 56 हजार रूपये, अयोध्या में ही भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने के लिए 12 लाख 50 हजार रूपये तथा अयोध्या में ही महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति हेतु 1401000 रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

## खजाना चौराहे से स्काई हिल्टन तक हटाया गया अतिक्रमण

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने सोमवार को खजाना चौराहा से स्काई हिल्टन तक दोनों पटरी पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। यह कार्यवाही जोन-8 के अंतर्गत की गई। जिसमें जोनल अधिकारी के नेतृत्व में 296 टीम कर्मियों ने मिलकर सार्वजनिक पथों से अवैध रूप से लगाए गए ठेले, सब्जी मंडियां, फलों की दुकानें और अस्थायी निर्माणों को हटाया गया। इस दौरान नगर निगम ने अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्ती दिखाते हुए 15,000 का जुर्माना भी वसूला गया। इस प्रकार के अतिक्रमण भविष्य में पुनः न हों, इसके लिए संबंधित थाना क्षेत्र को नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

**उ. प्र. पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**ई-निविदा सूचना**

अति अल्पकालीन निविदा संख्याः 01/वि0पा0ख0 तृ0 (ल0) / 2025-26, विद्युत पारेषण खण्ड-तृतीय, लखनऊ के नियन्त्रणाधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र बाराबंकी पर स्थापित पुराने और अप्रचलित 33 के0वी0 सी0एण्ड0आर0 पैनल और क्षतिग्रस्त ए0सी0डी0बी0 को विस्थापित करने सम्बन्धित कार्य हेतु ई-निविदा दिनांक 14.05.2025 को 12:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग वेबसाइट https://etender. up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है। निविदा भाग-1 खुलने की तिथि 14.05.2025 समय 02:00 बजे, भाग-2 (प्राइस पार्ट्स) खुलने की तिथि तदानुसार ई-वेबसाईट पर सूचित की जायेगी। निविदा प्रपत्र मूल्य रु0 590/- मात्र (रु0 500.00 + जीएसटी 18 प्रतिशत अतिरिक्त)। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रु0 1500/- मात्र है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें।
**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-तृतीय, लखनऊ**
पत्रांकः- 732/वि.पा.खं.तृ. (ल.)/ ई-निविदा/2025-26 दिनांकः- 5/5/2025
'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**
संख्याः 826/ए0डी0एम0 (न्यायिक) रीडर/2025
दिनांकः 15 अप्रैल, 2025
वाद संख्या डी 202510460001236
पीरामल कैपिटल एण्ड हा0 फा0 लि0 बनाम मो. रिजवान आदि
अन्तर्गत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002
तारीख पेशी- 09.05.2025
1. मो0 रिजवान पता-4 रा बाजार तोपखाना बाजार लखनऊ उ0प्र0 व केयर ऑफ बी-15, श्रीराम टॉवर, अशोक मार्ग अप्रो0 नियर आफिस लखनऊ, उ0प्र0 व मकान नं0-594ख/ 379/30 जोन-8 प्लॉट खसरा संख्या-308 का भाग ग्राम इब्राम्पुर वार्ड-इब्राहिमपुर, लखनऊ, उ0प्र0।
2. मो0 कलीम पता-4 रा बाजार तोपखाना बाजार लखनऊ उ0प्र0।
**नोटिस**
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा0 लि0 लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गय ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 09.05.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद मौर्य)
अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/ अपर कलेक्टर लखनऊ।
15.04.2025

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल वृंदावन, अमौसी क्षेत्र, लखनऊ**
अतिअल्पकालीन ई-निविदा संख्या-04/वि0न0वि0मं0-वृंदावन/लेसा/2025-26
कार्य का नाम : विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-वृंदावन, अमौसी क्षेत्र, लखनऊ के अधीन विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-कानपुर रोड, लखनऊ के अंतर्गत बिजनेस प्लान मद 2025-26 के सापेक्ष कार्य स्वीकृत होने की प्रत्याशा में विभिन्न कार्य।
ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित एवं अप्रतिदेय)
धरोहर धनराशि : रु0 9,000.00
ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथिः 13 मई 2025, समय 05:00 बजे तक।
ई-निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि : 14 मई 2025, समय दोपहर 02:00 बजे।
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।
पत्रांक-928/वि0न0वि0मं0-वृन्दावन/लेसा/ ई-निविदा प्रकाशन दिनांकः- 05.05.2025
"राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगाए।
अधीक्षण अभियन्ता वि0न0वि0मं0-वृंदावन, अमौसी क्षेत्र, लखनऊ।

**किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, जिला-खीरी**
**ई-निविदा सूचना**
मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्नांकित जॉब कार्यों से सम्बन्धित ई-बिड निविदायें दिनांक 06.05.2025 से दिनांक 20.05.2025 को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की गयी है। उक्त निविदायें www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।
प्रधान प्रबन्धक

**उत्तर रेलवे**
**खुली ई निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **निविदा संख्याः DSL/AMV/MCO/WC/244 कार्य का नामः** डीजल शेड आलमबाग लखनऊ में एचएचपी डीजल इंजनों के यूनिट इंजेक्टर सेट (एक सेट में 16 यूनिट इंजेक्टर होते है) की ओवरहालिंग/पुनर्वास का कार्य। मात्रा-40 सेट। **बिडिंग शुरू करने की तारीखः** 28.05.2025, **बिडिंग समाप्त करने की तारीख तथा समयः** 11.06.2025 15.00 hours **कार्य का अनुमानित लागत रूपयः** 1,68,61,126.40/- (एक करोड़ अडसठ लाख इकसठ हजार एक सौ छब्बीस रुपए एवं चालीस पैसा मात्र), **धरोहर राशिः** 2,34,300/- (दो लाख चौतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र)। **कार्य करने की अवधिः** 01 वर्ष। (Acceptance लैटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो। विस्तृत विवरण के लये वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें
निविदा सूचना संख्या DSL/AMV/MCO/WC/TN/244 दिनांक : 05.05.2025
1326/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।**
पत्रांक 47/रीडर/नोटिस/2024
दिनांकः 23 दिसम्बर, 2024
वाद संख्या डी 202510460004594
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा. लि. बनाम पवन कुमार सिंह आदि
अन्तर्गत धारा-14, अधि0-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निमाण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी-09.05.2025
**नोटिस**
1. श्री पवन कुमार सिंह, पता-ई ब्लॉक, राजाजीपुरम, ओल्ड टेंपो स्टैंड, लखनऊ -226017, उ0प्र0। व वर्मा मार्केट फेजाबाद रोड, बाराबंकी-225001, उ0प्र0। व पता - प्लॉट खसरा नं0-2258, ग्राम हंसखेड़ा, मजरा पारा, वार्ड आलमनगर, तहसील लखनऊ-226020, उ0प्र0।
2. श्रीमती नीतू सिंह पता-ई-1784, ई ब्लॉक, राजाजीपुरम, ओल्ड टेंपो स्टैंड, लखनऊ-226017 उ0प्र0।
उपरोक्त वाद जिलाधिकारी महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्तक्षरी के न्यायालय में विचारधीन है।
अतः आप दिनांक 09.05.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(अमित कुमार)
अपर जिलाधिकारी नगर, (पूर्वी) लखनऊ।

# एक करोड़ 82 लाख कुपोषित बच्चों को मिली नई जिंदगी

## स्वास्थ्य सुधार के लिए धरातल पर उतरीं आईसीडीएस की ८९७ परियोजनाएं

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कुपोषण के विरुद्ध निर्णायक अभियान चलाते हुए सवा दो करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को नई दिशा दी है। स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों में समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) की 897 परियोजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा गया है। जिसके तहत छह साल तक के एक करोड़ 82 लाख कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बनाया गया। प्रदेश में कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक करोड़ों बच्चों, महिलाओं और किशोरियों को लाभान्वित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य एवं पोषण योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंचे। आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी, पोषण ट्रैकिंग, बच्चों की समय-समय पर जांच और आवश्यक पोषक आहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। राज्य में छह वर्ष तक की उम्र के लगभग 1.82 करोड़ बच्चों की स्थिति में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। इनमें से 1.33 लाख अति-कुपोषित बच्चों की विशेष देखभाल की गई है। चिकित्सकों, पोषण विशेषज्ञों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सामूहिक भूमिका से बच्चों के स्वास्थ्य की काया-पलट हो रही है। योगी सरकार गर्भवती और धात्री महिलाओं को विशेष पोषण सहायता और चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है। 13.5 लाख गर्भवती और 10.70 लाख धात्री महिलाओं को आईसीडीएस योजना के तहत नियमित पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यह प्रयास शिशु मृत्यु दर में गिरावट लाने में भी सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

### प्रदेशभर में चलाया गया जागरूकता अभियान

उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में व्यापक स्तर पर कुपोषण के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया है। ग्राम पंचायतों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्रों में प्रचार-प्रसार कर लोगों को कुपोषण के दुष्प्रभाव और पोषण के महत्व की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है।

**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**
**संख्या-02/अ0अ0(जा0)ई/श0भ0वि0/ल0/2025-26**
अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शक्ति भवन विस्तार के प्रथम तल पर स्थित दुकान (कैन्टीन) सं0-1, 2 एवं 3 को दो वर्ष हेतु किराये पर दिये जाने की निविदा दिनांक 05.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है, जिसका भाग-1 (तकनीकी एवं वाणिज्यिक विवरण) उसी दिन अपरान्ह 12:00 बजे खोला जायेगा। निविदा का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें तथा निविदा प्रपत्र http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।
**अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल, शक्ति भवन विस्तार 14- अशोक मार्ग, लखनऊ**
**पत्रांक:846/अधि0अभि0(जा0)ई/टेण्डर दिनांकः 05.05.2025**
**"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"**

वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5) अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष संख्या (5) इलाहाबाद वैवाहिक वाद सं0 2400 सन 2023
समर अब्बास पुत्र स्व.बासित अली उम्र 33 वर्ष निवासी -72 डी/2ई/ 1//7ए ,मस्तान मार्केट डाकघर-करैली थाना - करैली, तहारील- सदर जि0 प्रयागराज....वादी
**बनाम**
श्रीमती सायमा इकबाल उम्र 26 वर्ष पत्नी- समर अब्बास पुत्री मोहम्मद हसन इकबाल हाल मुकीम 535/250 दरियाबाद थाना - अतरसुइया पो0 अतरसुइया तहसील-सदर, प्रयागराज .......प्रतिवादिनी
दावा ए रुखसती
चूँकी ऊपर नामोकित ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 07 के 05 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि - 05.07.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-242/D-CN

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**
संख्याः 828/ए0डी0एम0 (न्यायिक) रीडर/2025
दिनांकः 15 अप्रैल, 2025
वाद संख्या डी 202510460001242
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा0 लि0 बनाम मो0 वसीम सिद्दीकी आदि
अन्तर्गत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी) 2002
तारीख पेशी- 09.05.2025
1. मो0 वसीम सिद्दीकी पता प्लाट नं0-12ए बरफ खाना जेहरा कालोनी, राधा ग्राम ठाकुरगंज, लखनऊ व मकान नं0-452/84 प्लाट नं0-37 पर निर्मित खसरा संख्या-639/2, 604, 643, 575, 682, 683 अहमद बाग वार्ड दौलतगंज लखनऊ उ0प्र0।
2. आसिया सिद्दीकी पता प्लाट नं0-12ए बरफ खाना जेहरा कालोनी, राधा ग्राम ठाकुरगंज, लखनऊ
**नोटिस**
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा0 लि0 लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गय ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 09.05.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद मौर्य)
अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/ अपर कलेक्टर लखनऊ।
15.04.2025

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।**
पत्रांक/1256 रीडर-नोटिस/2023
दिनांकः 30 जून,2023
वाद संख्या डी-202310460002620
पीरामल कैपिटल एण्ड हा0फा0लि0 बनाम हरिकेश गुप्ता आदि
अर्न्तगत धारा-14, अधि0-वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी-14.05.2025
**नोटिस**
1. श्री हरिकेश गुप्ता निवासी-647बीएच 176, जानकीपुरम गार्डन, नियर रियल स्टेट एकेडमी कॉन्वेंट स्कूल, लखनऊ, उ0प्र0-206021, व आफिस पता-शॉप नं0 142 सी/74, निधि कॉम्प्लेक्स विकास नगर, कुर्सी रोड नियर इन्डस्इंड बैंक लखनऊ, उ0प्र0-226022 सम्पत्ति का पता-खसरा नं0 165 का भाग, प्लॉट नं0 एस-25 पर बना मकान, बरखुरदारपुर, परगना महोना, तहसील बी.के.टी., लखनऊ, उ.प्र.-226020
2. तोशी गुप्ता निवासी-647बीएच 176, जानकीपुरम गार्डन, नियर रियल स्टेट एकेडमी कॉन्वेंट स्कूल, लखनऊ, उ0प्र0-206021, व पता-खसरा नं0 165 का भाग, प्लॉट नं0 एस-25 पर बना मकान, बरखुरदारपुर, परगना महोना, तहसील बी.के.टी. लखनऊ, उ.प्र.-226020
उपरोक्त बाद जिला मजिस्ट्रेट महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय मे विचाराधीन है।
अतः आप दिनांक 14.05.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(अमित कुमार)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**
पत्रांक सं0/1830/ए0डी0एम0(न्यायिक)रीडर/2023
दिनांकः 15 अप्रैल, 2025
वाद संख्या डी 202510460001243
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा0लि0 बनाम श्री जीवन लाल आदि
अर्न्तगत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) 2002
तारीख पेशी-09.05.2025
1. जीवन लाल पता मं0नं0-1065/1066, प्रथम तल, सदर गोला बाजार, लखनऊ, उ0प्र0 व हेड क्वार्टर एएमसी सेन्टर कॉलेज कैण्ट, लखनऊ व मकान निर्मित प्लाट खसरा संख्या-167मि0 हरिहरपुर, परगना व तहसील सरोजनीनगर लखनऊ।
2. उमा देवी पता म0 नं0-1065/1066, प्रथम तल, सदर गोला बाजार, लखनऊ, उ0प्र0।
**नोटिस**
एतद्दारा आपकों नोटिस दी जाती है कि पिरामिल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फा0लि0, लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 09.05.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद मौर्य)
अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)
अपर कलेक्टर, लखनऊ।
15.04.2025

वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5) बअदलत अपर पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष संख्या (3) इलाहाबाद वैवाहिक वाद सं0 1970 सन 2024
पूजा जायसवाल उम्र 40 वर्ष पत्नी प्रशान्त जायसवाल पुत्री स्व. अशोक जायसवाल निवासिनी - प्रिय प्रवास कालोनी मामा भांजा का तालाब चक गरीबदास तह. करछना जिला प्रयागराज पिनकोड 211008 ........... वादिनी
**बनाम**
प्रशांत जायसवाल उम्र 42 वर्ष पुत्र विनोद कुमार जायसवाल निवासी मामा भांजा का तालाब चक गरीबदास थाना नैनी तहसील करछना जिला प्रयागराज पिन को 211008..............प्रतिवादी
अंतर्गत धारा 13 हि.वि. अधिनियम जनपद प्रयागराज
चूँकी ऊपर नामोकित ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 07 के 08 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि - 08.07.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-242/D-CN

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**
पत्रांक 111/रीडर-टी0जी0/2025
दिनांकः 28 फरवरी, 2025
वाद संख्या डी 202510460000637
पीरामल कैपिटल एण्ड हा0फा0लि0 बनाम राजा कुमार आदि
अं0धारा 14, सरफेसी एक्ट थाना
**नोटिस**
1. राजा कुमार आवासीय पता धनौती राय पिबरा रामधर सलेमपुर देवरिया उ0प्र0 व कार्यालय पता फ्लेक्ट्रो मेकानिकल सीओ कतर बाक्स नं0 31418 दोहा कतर सम्पत्ति पता मकान प्लाट सं0 36 का भाग, खसरा सं0 124 का भाग, ग्राम बहादुरपुर वार्ड शंकरपुर लखनऊ।
2. पूजा देवी पता पता धनौती राय पिबरा रामधर सलेमपुर देवरिया उ0प्र0।
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एण्ड हा. फा.लि. (दीवान हा.फा.का.लि.) लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है। कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अंदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 06.05.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(राकेष सिंह)
अपर जिला मजिस्ट्रेट(टी0जी0)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बनीकोडर-बाराबंकी।**
email: bdobanibb-up@nic.in
पत्रांक 399/आंकिक/क्षे0पं0नि0का0/के015वो/पं0रा0वि0/निविदा-प्रकाशन/बनी0/2025-26 दिनॉकः 05.05.2025
**-:: संशोधित निविदा सूचना :-**
इस कार्यालय द्वारा क्षेत्र पंचायत से पंचम राज्यवित्त एवं केन्द्रीय 15वें वित्त योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु पत्र संख्या 219/आंकिक/क्षे0पं0नि0का0/के015वो/पं0रा0वि0/निविदा-प्रकाशन/ बनी0/2025-26 दिनॉक 18.04.2025 द्वारा निविदा प्रकाशित की गयी है। प्रकाशित निविदा सूचना में दिनांक 12 मई 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे तक निविदायें निविदा बाक्स में डाले जाने तथा 12 मई 2025 को ही 03:30 बजे निविदाकर्ता ठेकेदारों की उपस्थिति में निविदायें खोले जाने का कार्यक्रम निर्धारित/प्रकाशित किया गया है।
दिनॉक 12 मई 2025 को बुद्व पूर्णिमा के कारण सार्वजनिक अवकाश होने एवं दिनॉक 13 मई 2025 को बडा मंगल का स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण सम्बन्धित कार्यो की निविदायें अब **दिनॉक 14 मई 2025 को अपरान्ह 02:30 बजे तक** खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगीं तथा **दिनॉक 14 मई 2025 को** ही सम्बन्धित निविदादाता ठेकेदारों के समक्ष निविदा समिति बनीकोडर द्वारा **अपरान्ह 3.30 बजे** खोली जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा शेष नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेगी।
(विनय कुमार)
खण्ड विकास अधिकारी
बनीकोडर-बाराबंकी।

**भारत सरकारः रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ-226011**
**विद्युत अनुरक्षण अनुभाग**
संख्या : PGL/Advt/2025 दिनांक : 05.05.2025
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, विद्युत अनुरक्षण अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ, द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई-निविदा सूचना | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | बयान राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | जमा करने की अन्तिम तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02-2025-26 | 1. बंगला संख्या A-27 व VI-2 में अतिरिक्त बेड रूम का प्रावधान। 2. अ.अ.भा.सं., लखनऊ में ट्रैक लैब में विद्युतीय कार्य का प्रावधान (मॉडर्नाइजेशन ऑफ ट्रैक लैब का सब-स्टीमेट) | 882728.37 | 17700.00 | 00.00 | 06 महीने | 06.06.2025 को 15:00 बजे तक |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा के लिए केवल ई-निविदा ही स्वीकार्य होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए सीआरआइएस/नई दिल्ली के सहायता प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते है। फोन न0-011-23761525
(प्रवीन चन्द्र यादव)
ए.डी.ई./ई.एम.एस.
कृते महानिदेशक
अ.अ.मा.सं., लखनऊ

# बेल्ट से गला कसकर किसान का कत्ल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के कुबहरा गांव में रविवार 35 वर्षीय किसान महेश कुमार की बेखौफ कातिलों ने बेरहमी से पिटाई के बाद बेल्ट से गला कस

### -कब्र के पास शव फेंक कातिल फरार

### -नगराम थाना क्षेत्र का मामला

कर हत्या कर दी। महेश को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपियों ने शव सहजराम की कब्र के पास फेंक दिया। करीब तीन साल पहले सहजराम ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी थी। सुसाइड नोट में उसने महेश और उसकी पत्नी को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। इस पर पुलिस ने सहजराम की मौत में महेश और उसकी पत्नी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेजा था। महेश की पत्नी ने सहजराम के बेटे, पत्नी और कुछ अन्य पर रंजिश के चलते हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस रंजिश समेत कई अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।

कुबरहा गांव निवासी महेश कुमार का शव सोमवार सुबह गांव के ही सहजराम की कब्र के पास पड़ा मिला। गला बेल्ट से कसा था। शरीर पर चोटों के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा, थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। महेश की पत्नी सुनीता ने सहजराम के बेटे लवकुश और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

मृतक की पत्नी सुनीता के मुताबिक, महेश रविवार शाम घर से निकले थे। उसके बाद देर रात तक नहीं लौटे। काफी खोजबीन की गई पर कुछ पता नहीं चला। सुनीता का आरोप है कि लवकुश और उसके साथियों ने पिता की मौत का बदला लेने कि नियत से पति को पहले पीटा। फिर हत्या कर शव सहजराम की कब्र के पास फेंक दिया। एसीपी ने बताया कि सुनीता की तहरीर के आधार पर लवकुश और उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लवकुश से पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा गांव के एक व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि रात महेश दो परिचितों के साथ घूमते दिखा था। उसने उनके साथ शराब भी पी थी। पुरानी रंजिश समेत घटना की कई अन्य बिंदुओं पर भी तफ्तीश की जा रही है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके से बेल्ट और कई अन्य साक्ष्य कब्जे में ले लिए गए हैं।





## जिसकी मौत के थे जिम्मेदार, उसी की कब्र के पास मिला शव

महेश को जिस सहजराम की मौत का जिम्मेदार मान पुलिस ने जेल भेजा था, उसकी की कब्र के पास महेश का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। महेश की पत्नी सहजराम के बेटों को आरोपी मानकर पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रही है। आरोप है कि पिता की मौत का बदला लेने के लिए बेटों ने महेश की बर्बरता से पिटाई कर हत्या कर दी और शव अपने पिता की कब्र के पास फेंक दिया। महेश की पत्नी सुनीता ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले सहजराम की मौत हुई थी। उनका शव रस्सी के फंदे से लटका मिला था। मौके से एक सुसाइडनोट मिला था। सुनीता के मुताबिक सुसाइडनोट छूटा था उसमें पति और उस पर हत्या का आरोप था। हत्या के साक्ष्य पुलिस को नहीं मिले थे। इसके बाद उसे और पति को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में पुलिस ने जेल भेज दिया था। इसके बाद दोनों की जमानत हो गई थी।

## बदला लेने के लिए हुई महेश की हत्या

महेश के शव से लिपट कर बिलख रही सुनीता चीख-चीखकर सिर्फ एक ही बात कह रही थी कि सहजराम की मौत का बदला लेने के लिए उसके बेटों ने मेरे पति को मौत के घाट उतारा है। उसकी हालत बिगड़ते देख आस पड़ोस खड़े परिवारीजन और परिचितों से समझा कर शांत कराया। सुनीता ने बताया कि लवकुश और सहजराम के परिवारीजन रंजिश मानते थे। कई बार पति और परिवारीजन की हत्या करने की धमकी दे चुके थे। उन्होंने कई बार पुलिस ने जान का खतरा होने का अंदेश जताया था, लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली और आखिरकार उसका नतीजा महेश की लाश देखने को मिला।

# ईंट से कूंचकर महिला की निर्मम हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के

### -पति पर लगा आरोप, तलाश जारी

### -झाड़ियों में शव मिलने से हड़कंप

### -मोहनलालगंज थाना क्षेत्र का मामला

हरिकंशगढ़ी में एक सोमवार को एक विवाहिता की सिर पर ईंट से वार कर निर्मम हत्या कर दी गयी। उसका शव झाड़ियों में मिलने से हड़कंप मच गया। पास में खून से सनी ईंट और मृतका के गले पर कसवा के निशान थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देने का आरोप मृतका के पति पर लगा लगा। पुलिस टीमें उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही हैं। फिलहाल देर रात तक पुलिस के हाथ खाली थे।

पुलिस के मुताबिक, हरिकंशगढ़ी में संजय पत्नी (सविता) और 10 वर्षीय अर्पित व सात वर्षीय कार्तिक बेटे के साथ रहता था। सोमवार दोपहर लोगों ने झाड़ियों में खून से लथपथ शव पड़ा देखा तो भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका की शिनाख्त सविता के रूप में की। सविता के सिर से खून निकल रहा था और गले पर कसाव के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान थे। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सैंपल उठाए और खून से सनी ईंट को अपने कब्जे में लिया। छानबीन के दौरान संजय पर पत्नी की निर्मम हत्या करने की बात सामने आई। पुलिस ने उसकी तलाश में छापेमारी की, लेकिन वह फरार था। शुरुआती पड़ताल में प्रेम-प्रसंग का विरोध हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि संजय का एक युवती से प्रेम-प्रसंग था, जिसका सविता विरोध करती थी। अक्सर दोनों में इसी बात को लेकर कहासुनी होती थी और बात मारपीट तक आ जाती थी। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर संजय पत्नी के साथ कहीं जा रहा था। तभी रास्ते में उसका सविता से विवाद हो गया। इस पर उसने सविता की बेरहमी से पिटाई करते हुए ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। इसके बाद वह उसे घायल अवस्था में झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गया। शाम के समय निकले राहगीरों ने झाड़ियों में शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सभी साक्ष्य एकत्रित कर लिए हैं और संजय की तलाश में उसके सभी संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



## फूट-फूटकर बिलख रहे थे मासूम

संजय और सविता के घर से निकलने के समय दोनों बेटे अर्पित और कार्तिक घर पर माता-पिता के लौटने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटै। शाम को पुलिस से उन्हें मां के इस दुनिया में न होने की जानकारी हुई। वहीं बच्चों के तब होश उड़ गए, जब उन्हें पिता द्वारा मां का आंचल छीनने के जानकारी हुई। मां के शव से लिपट कर दोनों मासूम बेटे फूट-फूटकर रोने-बिलखने लगे। वहीं ग्रामीण उन्हें शांत कराने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन बच्चों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।

## दवा दिलाने के बहाने घर से ले गया था पति

हत्याकांड की छानबीन में जुटी पुलिस को जानकारी हुई कि आरोपी संजय अपनी पत्नी सविता को दवा दिलाने के बहाने घर से ले गया था। बताया जा रहा है कि सविता की तबियत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। इस पर उसे दवा दिलाने के लिए संजय सोमवार दोपहर लेकर निकला था और रास्ते में सविता को मौत की नींद सुलाने के बाद शव झाड़ियों में फेंक फरार हो गया।

## बदला लेने के लिए हुई महेश की हत्या

बताया जा रहा है कि सविता का शव जिस जगह पर झाड़ियों में पड़ा मिला, वह जगह उसके घर से करीब आधा किमी दूर है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि घर से निकलते ही दंपति के बीच विवाद शुरू हो गया और बात इतनी बढ़ गयी कि संजय ने पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। सनसनीखेज हत्याकांड से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी गयी। पुलिस का दावा है कि जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## रिश्तेदार महिला से प्रेम-प्रसंग होने की चर्चा

सविता हत्याकांड के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि संजय का एक रिश्तेदार महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर आएदिन सविता और संजय में झगड़ा हुआ करता था। न संजय को इस बात की परवार थी कि वह दो बच्चों का पिता है और न ही उसकी रिश्तेदार महिला ने। दूसरी महिला के प्रेम जाल में पड़कर उसने अपना बसा बसाया घर ही उजाड़ डाला। पत्नी की हत्या करते समय उसके मन में अपने बच्चों का भी जरा सा ख्याल नहीं आया कि सविता के मरने और उसके जेल चले जाने के बाद मासूम बच्चों का क्या होगा।

## खबर एक नजर

### शराब ठेका के पास मिला मजदूर का शव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मलिहाबाद में एक मजदूर की संदिग्ध मौत हो गई। फिरोजपुर गांव के राजकुमार रावत (35) का शव शनिवार देर रात माल रोड स्थित देसी शराब ठेके के समीप एक ट्रैक्टर के पास मिला। राजकुमार शनिवार शाम 6 बजे अपने साले की मोटरसाइकिल लेकर घर से निकले थे।देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मोटरसाइकिल मलिहाबाद चौराहे के पास खड़ी मिली, लेकिन राजकुमार का कहीं पता नहीं चला। रात करीब 11:30 बजे शराब ठेके के पास उनका शव मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रैक्टर के बंफर पर डिस्पोजल गिलास और चखना रखा हुआ था। राजकुमार की ठुड्डी बंफर पर टिकी हुई थी। उनके गले पर गहरे निशान पाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मलिहाबाद थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भाटी के अनुसार, मृतक की पत्नी रजनी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद गांव में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राजकुमार लखनऊ में मजदूरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी रजनी के अलावा 5 वर्षीय बेटी सानिया और 3 वर्षीय बेटा शिवांश हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है।

### बाल विवाह रोकने पहुंची टीम के साथ मारपीट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आशियाना में किशोरी ने खुद 10 दिन पहले यूनाइटेड अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन में शिकायत दर्ज कराई थी। रविवार को संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु यादव को सूचना मिली कि एक गेस्ट हाउस में बाल विवाह हो रहा है। वह अपनी टीम और स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचीं और 16 वर्षीय किशोरी का बाल विवाह रुकवाया। इस बीच गेस्ट हाउस में किशोरी के परिजनों और मानवाधिकार टीम के बीच तीखी बहस हुई। मधु यादव का आरोप है कि परिजनों ने उनके साथ मारपीट की। मधु यादव ने परिजनों के खिलाफ मारपीट और जानलेवा हमले की लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### -पुलिस ने रुकवाई शादी

### प्रेमी संग मिलकर महिला ने पति से मांगी रंगदारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आलमबाग थाना क्षेत्र में एक ऐसा सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, जिसको सुनकर लोगों के होश उड़ गए। दरअसल एक महिला पति के दो लाख रुपये लेकर भाग गयी और फिर प्रेमी संग मिलकर उससे रंगदारी मांगने लगी। प्रताड़ना से आहत पति ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए महिला को उसके पति संग गिरफ्तार कर लिया है। मवैया सब्जी मंडी आलमबाग निवासी अभिमन्यु लोधी ने 12 अप्रैल को सुसाइड कर लिया। जिसके बाद अभिमन्यु की मां जानकी देवी ने बहू व उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जानकी देवी ने बताया था कि दो साल पहले अभिमन्यु की शादी आरती से हुई थी। दो महीने पहले अभिमन्यु ऑटो खरीदने के लिए दो लाख रुपए घर लेकर आया था। जिसे उसकी पत्नी आरती लेकर भाग गई थी। इसके बाद अपने प्रेमी विष्णु कुमार राठौर के साथ मिलकर 5 लाख रुपए देने का दबाव बना रही थी। पत्नी व उसका प्रेमी एक हफ्ते से उसको मैसेज के जरिए पैसे का दबाव बना रहे थे। मना करने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे थे। जिससे तंग आकर अभिमन्यु ने 12 अप्रैल को रात करीब 1.30 बजे फांसी लगी ली। जिसके बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस सोमवार को आरोपी आरती और उसके प्रेमी विष्णु कुमार राठौर को गिरफ्तार किया गया।



#### -पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

### टेम्पो पलटने से युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार गोंडा निवासी कन्हैया लाल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टेंपो चालक कैंट निवासी विनोद कुमार (42) चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि टैंपो चालक सोमवार सुबह करीब 6 बजे चारबाग से सवारी लेकर पीजीआई आ रहा था। रायबरेली रोड पर शीतल खेड़ा के सामने तेज रफ्तार टैंपो बेकाबू होकर पलट गया, जिससे चालक के बगल में बैठी सवारी टैंपो के नीचे दब गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रोहिंग्या मामला: जांच-पड़ताल में जुटीं एजेंसी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** दिल्ली पुलिस ने एटीएस के इनपुट व निर्देशन में दिल्ली पुलिस ने बीते दिनों एक ऐसे गिरोह के सरगना समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। जो रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को भारत लाकर बसाने व उनके अवैध दस्तावेज बनवाने का काम करवाता था। वहीं गिरोह के सरगना व उसके सदस्यों ने अलीगढ़ जिले में झोपड़ी-झुग्गियों को डलवाकर बसाने के साथ ही उनके दस्तावेज तक बनवाए थे। 2022 में कुछ रोहिंग्या के पकड़े जाने के बाद एटीएस के पास इसका नाम आया था। एक एटीएस टीम उससे पूछताछ करने को तैयार है। जून 2022 में रफीक व अमीन नाम के दो रोहिंग्या अलीगढ़ में एटीएस ने पकड़े थे। उनसे पूछताछ में उजागर हुआ था कि उन्हें बांग्लादेश के हसन व बिलाल नाम के लोगों ने यहां बसाया। उनके जरिये वे सोना तस्करी तक में जुड़े। उनसे पूछताछ में चांद का नाम भी सामने आया था। उसी के जरिये मेरठ से आधार कार्ड आदि बनने की बात सामने आई थी। अब इस गिरोह का खुलासा होने के बाद अलीगढ़ में भी नेटवर्क तलाशा जा रहा है।

## अचानक गायब हो गए 150 रोहिंग्या

वर्ष 2022 में जब एटीएस और दूसरी एजेंसियों ने अलीगढ़ में जांच पड़ताल शुरू की थी तब 150 रोहिंग्या अचानक गायब हो गए थे। पहले सूचना मिली थी कि यह दिल्ली में पहुंच गए हैं। दिल्ली में भी एटीएस ने कई जगह पड़ताल की लेकिन कोई हाथ नहीं लगा था। बताया जाता है कि दिल्ली में पकड़े गए गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर इन लोगों को अलग अलग शहरों में बसाया है। वहीं अलीगढ़ एसएसपी संजीव सुमन का कहना है कि इस विषय में एजेंसियां काम कर रही हैं जांच-पड़ताल की जा रही है जो भी इनपुट मिलता है उस पर काम किया जाता है। हमारे स्तर से जो भी मदद मांगी जाती है हमेशा मदद की जा रही है। अभी करीब 22 रोहिंग्या वर्क परमिट पर यहां रह रहे हैं।

# महिला तस्कर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सीमा सुरक्षा बल व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को तड़के लखीमपुर खीरी जिले के थाना पलिया क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के निकट एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 20 लाख रुपये कीमत की ब्राउन शुगर बरामद की है। आरोपी से भारतीय और नेपाली मुद्रा और लाखों रुपये के आभूषण भी मिले हैं। भारत-नेपाल सीमा के निकट महिला तस्कर गिरफ्तार, 20 लाख रुपये की ब्राउन शुगर बरामद भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पिछले तीन-चार दिन से पुलिस और एसएसबी की ओर से अभियान चलाया जा रहा है।

इसमें रविवार को गौरीफंटा कोतवाली क्षेत्र में दो महिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। सोमवार को कैलाश कौर पत्नी गुरमीत सिंह निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम कस्बा व थाना पलिया, स्थायी पता ग्राम मजरा पूरब थाना पढुआ बताया गया है। उसके पास से 450 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ (ब्राउन शुगर, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख रुपये), 90,633 रुपये भारतीय मुद्रा, 1,32,900 रुपये नेपाली मुद्रा, चार मोबाइल फोन और करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने व चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं।

### -ब्राउन शुगर व नेपाली मुद्रा समेत जेवरात बरामद

> आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पूछतांछ की जा रही है कि उसके साथ और कौन-कौन शामिल है यह पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी मे जेल जा चुकी है। **यादुवेंद्र यादव सीओ पलिया**

# डॉक्टर के घर में लगी आग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मड़ियांव में एल्डिको सिटी स्थित डॉ. अनिल कुमार वर्मा के घर में सोमवार को आग लग गई। आग देख आसपास के लोगों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दो दमकल ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। घटना के वक्त घर बंद होने से आग बुझाने के लिए लॉक तोड़ने पड़े। मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि एल्डिको कॉलोनी में डॉ. अनिल कुमार वर्मा का तीन मंजिला मकान है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घर से धुआं और आग की लपट देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग की सूचना पर थाना पुलिस के साथ बीकेटी फायर स्टेशन से दो दमकल मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग किचन से फैली थी। जिससे घर में रखा सामान चपेट में आ गया। बीकेटी ने बताया दमकल कर्मी पहुंचे तो पूरे घर में धुआं भरा हुआ था। घर से लपट निकल रही थी। घर बंद होने से दरवाजा खोलने में दिक्कत आई। बीए सेट पहनकर दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को बुझाया।

# एयर गन से गोली मारकर 12 बंदरों की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मथुरा में गोवर्धन पक्रिमा मार्ग के किनारे बरगद के पेड़ के नीचे सोमवार सुबह 12 बंदरों के शव जमीन पर पड़े थे। कोई सीधा था तो कोई उल्टा, तो कोई आढ़ा-तिरछा पड़ा था। एक साथ इतने बंदरों के शव देखकर गांव वाले घबरा गए। लोगों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घटना की सूचना दी। लोगों की सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे। शवों की जांच में एयर गन की गोली के निशान मिले। एक बंदर घायल मिला है, जिसके सिर से गोली निकाली गई है। लोगों का आरोप है कि गोवर्धन में एक यूक्रेनी नागरिक रहता है। उसी ने एयर गन से बंदरों को गोली मारी है। वह 30 दिनों से ऐसा कर रहा है। अभी तक 60 से ज्यादा बंदरों की हत्या कर चुका है। पुलिस यूक्रेनी नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ये विदेशी नागरिक यूक्रेन से आया है। जोकि राधा मदन मोहन आश्रम पर रहता है। यहां एक भारतीय नागरिक भजन दास भी रहते हैं। यूक्रेनी नागरिक का भारतीय नाम बृज सुंदर दास है। ये अपने नाम के साथ अपने गुरु का नाम 'भक्ति विज्ञान गोस्वामी' भी लिखता है।गांव वालों ने बताया- ये परिक्रमा मार्ग है। यहां मार्ग के दोनों तरफ जंगल है। जहां पर 1000 से ज्यादा बंदर रहते हैं। पिछले कई दिनों से यहां बंदरों की 2-3 लाशें दिखती थी। कभी कुंड में, कभी सड़क के बीचों-बीच तो कभी पेड़ में नीचे दिखाई देते थे। हम सामान्य मौत जानकर उन्हें दफना देते थे। घटना की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद और अन्य समाजसेवी संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंचकर विदेशी नागरिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### -मथुरा में यूक्रेनी नागरिक पकड़ा गया; लोग बोले-३० दिन में ६० को मारा

## बंदर के सिर से बुलेट निकाली

गोवर्धन पशु हॉस्पिटल की डॉक्टर श्वेता सिंह ने बताया कि उन्हें हॉस्पिटल से खबर मिली कि बंदरों को बुलेट लगी है। यहां आकर देखा तो काफी बंदर मरे पड़े हैं। एक बंदर घायल था, उसका इलाज किया जा रहा है। उसके सिर से एयर गन की बुलेट निकाली गई है। अन्य बंदरों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। एसपी देहात त्रिगुन बिसेन ने बताया कि गोवर्धन में बंदरों की मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मौके से 12 बंदरों के शव मिले। एक विदेशी नागरिक को हिरासत में ले लिया गया। एसपी देहात त्रिगुन बिसेन ने बताया कि गोवर्धन में बंदरों की मौत की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मौके से 12 बंदरों के शव मिले। एक विदेशी नागरिक को हिरासत में ले लिया गया।

# व्यापारी ने इंजीनियर और कर्मचारियों को बंधक बनाकर पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में शंख इंटरप्राइजेज के मालिक श्रवण कुमार विश्वकर्मा के घर लिफ्ट लगा रहे इंजीनियर प्रभात लोहानी और कर्मचारियों को सोमवार दोपहर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि दबंग व्यापारी ने साथियों संग मिलकर पीड़ितों को उल्टा लटका दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें आरोपियों के बंधन से मुक्त कराया। इसके बाद लिफ्ट कंपनी के कर्मचारियों ने कई घंटों तक हंगामा किया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए उनकी तहरीर पर चार नामजद समेत तीन अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी के मुताबिक, हमले में घायल प्रभात लोहानी मल्हौर माधव ग्रीन सोसाइटी में रहते हैं। मेसर्स जॉनसन लिफ्ट प्राइवेट लिमिटेड में इंजीनियर हैं। चूंकि श्रवण कुमार विश्वकर्मा के घर पर लिफ्ट का काम चल रहा था। इस लिए सोमवार दोपहर साथी कर्मी पवन यादव, प्रवेश कुमार, राजमनी मौर्य, अभिलांशु त्रिपाठी के साथ लिफ्ट लगाने के लिए गया था। दोपहर लिफ्ट में काम कर रहा था। इस बीच व्यवसायी श्रवण कुमार विश्वकर्मा उनके साथी आलोक पांडेय, अभिरल अग्रवाल, उपेंद्र सिंह और दो से तीन अन्य लोग पहुंचे। लिफ्ट लगाने में देरी का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर बंधक बना लिया। कमरे में लाठी-डंडों से जमकर पीटा। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उल्टा लटका दिया। किसी तरह बचकर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बंधन मुक्त कराया। हमले से हाथ और पैर में गंभीर चोटे आयीं। पुलिस के सामने आरोपित श्रवण विश्वकर्मा अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए धमकाता रहा। बंधन मुक्त होते बाहर निकले तो आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर इंजीनियर और कर्मचारी हंगामा करने लगे। बवाल की सूचना पर गोमतीनगर विस्तार थाने से पुलिस कर्मी भी पहुंच गए। पीड़ितों को समझा-बुझाकर थाने लेकर गए। थाने पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद प्रभात लोहानी ने तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि लिफ्ट लगाने में देरी को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। व्यवसायी समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है, जो भी साक्ष्य मिलेंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### -चार नामजद समेत तीन पर केस दर्ज

### -गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र का मामला



# रेलवे ट्रैक पर मिला चालक का शव

**स्वतंत्र भारत सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर में सोमवार सुबह एक युवक का शव रेलवे पटरी के किनारे मिला। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी 37 वर्षीय अंजनी कुमार के रूप में जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस से हुई। अंजनी कुमार मूलरूप से उन्नाव जिले के नरसिंहपुर गांव का रहने वाला था। वह आजादनगर में किराए पर अकेले रहकर वाहन चलाता था। प्रारंभिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि, मौत का सटीक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## ईडी और संयम

भारत की प्रतिष्ठित जांच एजेंसियां वैसे तो अपने दायित्वों को जिम्मेदारी से निभाती हैं जिन्होंने कई जटिल मामलों की परत दर परत असलियत लोगों के सामने उजागर कीं लेकिन इनमें से कुछ पर समय-समय पर सवाल भी उठते रहते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इन्हीं में से एक है। विशेष रूप से धनशोधन से जुड़े मामले देखने वाली इस एजेंसी ने गत कुछ सालों में बहुत तेजी से कार्रवाइयां कीं और पिछले नौ वर्षों में पांच हजार से अधिक मामले भी दर्ज किए लेकिन इसकी समस्या यह है कि केवल चालीस केसों में ही आरोप साबित कर सकी। यह भी सही है कि इसकी अधिकतर छापेमारी और गिरफ्तारियां विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ हुईं जिसे लेकर विपक्षी दल आरोप लगाते रहे हैं कि एजेंसी केंद्र सरकार के दबाव में काम करती है। दोष सिद्धि कम रहने से इसके द्वारा की जाने वाली गिरफ्तारियों का औचित्य भी साबित नहीं हो पाता। इसीलिए कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट कह भी चुका है कि इसके अफसर गिरफ्तारियां तो खूब करते हैं पर दोष सिद्धि की दर बहुत कम है। इसका मुख्य कारण यह है कि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कानून में परिवर्तन करके ईडी को काफी स्वतंत्रता दी गई है ताकि उसके द्वारा कार्रवाई में कोई बाधा न पड़े। इसीलिए गिरफ्तारी से जुड़े कानूनों को लचीलापन भी पर्याप्त दिया गया है। तो अब कई मामलों में उसे गिरफ्तारी के लिए सूचना देना या मंजूरी लेना जरूरी नहीं है। इन कदमों की गहराई में जाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तभी कहा था कि यह मौलिक अधिकार का हनन है लेकिन ईडी ने इसके ऊपर अपने अधिकारों को ही प्राथमिकता दी है। ये जानना रोचक होगा कि कई मामलों में ईडी की जोरदार पैरवी कर चुके अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने इसके स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्पष्ट मशविरा दिया कि ईडी के अधिकारी धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियों पर संयम बरतें। मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी करने के अधिकार पर राजू का कहना था कि अक्सर लोग गिरफ्तारी के डर से कुछ कबूल कर लेते हैं लेकिन अदालत में अपने उसी बयान से मुकर जाते हैं। यह व्यावहारिक सत्य है जिससे खुद ईडी भी इंकार नहीं कर सकता। अब देखना है कि इस सलाह के बाद एजेंसी अपने अधिकारों के उपयोग में किस हद तक संयम रखने में कामयाब होगी।

## नीट में सख्ती

आजकल जब किसी राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय प्रतियोगी-प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक व उनकी बिक्री और सॉल्वर बैठाने जैसी गड़बड़ियों का होना आम बात हो गई है, तब देशभर में करीब साढ़े पांच हजार परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट सकुशल संपन्न हो जाना बड़ी उपलब्धि है। इससे यह भी साबित होता है कि अगर सरकार और परीक्षाएं आयोजित कराने वाली संस्थाएं-विभाग दृढ़ इच्छाशक्ति से काम लें तो बड़े स्तर की गड़बड़ियां रोकना भी मुश्किल नहीं है। ऐसी नहीं कि तमाम सख्त इंतजामों के बावजूद नीट में गड़बड़ियां फैलाने की कोशिशें नहीं हुईं, बल्कि नोएडा, राजस्थान, ओडिशा और केरल से 11 लोग गिरफ्तार किए गए। 548 शहरों और 14 अंतर्राष्टीय केंद्रों पर 20 लाख से कुछ अधिक परीक्षार्थियों की इस परीक्षा में गड़बड़ी की केवल 11 कोशिशें होना और उनका भी पकड़ में आना बताता है कि इस बार परीक्षा में हर स्तर पर कितनी सख्त पहरेदारी थी। इनमें पुलिस सुरक्षा में प्रश्नपत्रों का परिवहन, संगठित धोखाधड़ी करने वाले रैकेट की पहचान के लिए कोचिंग केंद्रों की निगरानी, परीक्षा केंद्रों पर नामित सुरक्षाकर्मियों के अलावा जिला पुलिस द्वारा बहुस्तरीय तलाशी अभियान चलाने जैसे सटीक कदम शामिल हैं। जाहिर है राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पिछले वर्षों में आयोजित परीक्षाओं में गच्चा खाने के अनुभवों से सीख लेते हुए व्यवस्था के हर छेद को दुरुस्त करने के पुख्ता इंतजामों पर गंभीरता से ध्यान देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए। दरअसल किसी भी बड़े काम को केवल औपचारिकता पूरी करने तक की सीमा में बांध देने से उसमें गड़बड़ी करने वालों के खेल कामयाब होते ही हैं क्योंकि तब उनके पास हर रुकावट दूर करने का इलाज होता है लेकिन सख्ती के साथ लागू होने वाले नियमों का पालन करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। अब उम्मीद यह की जानी चाहिए कि आने वाली अन्य परीक्षाओं के लिए भी केंद्र व राज्य सरकारें तथा आयोजक संस्थाएं इसी तरह फूलप्रूफ इंतजाम करेंगी।

# न्यायपालिका की आलोचना मौजूदा राजनीतिक माहौल

– अजीत द्विवेदी

न्यायिक सक्रियता की हमेशा आलोचना होती रही है। यह आम धारणा है कि सरकार कमजोर होती हैं तो न्यायपालिका सक्रिय हो जाती है और वह विधायिका व कार्यपालिका दोनों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती है या करने की कोशिश करती है। भारत में न्यायिक सक्रियता की सबसे तेज गूंज तभी सुनाई दी थी, जब देश में गठबंधन की सरकारों का दौर शुरू हुआ।आठवें दशक के आखिरी दिनों से लेकर समूचे नब्बे के दशक में भी न्यायपालिका खूब सक्रिय रही। अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ।

उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुईं। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए।

तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था। आलोचना के लिए संवैधानिक तर्क दिए जाते थे। लेकिन अब आलोचना में बौद्धिक दरिद्रता झलकती है। अब फैसले के गुणदोष पर बात नहीं होती है और न फैसले को गलत साबित करने के लिए कोई संवैधानिक तर्क दिया जाता है। अब न्यायपालिका की आलोचना राजनीति में चलने वाले कुतर्कों से की जाती है। मिसाल के तौर पर तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित 10 विधायकों को लंबे समय तक लंबित रखने के मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जो आलोचना हो रही है उसमें इस फैसले को संवैधानिक प्रावधानों की कसौटी पर गलत साबित करने का एक भी तर्क नहीं दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अदालतें कानून बनाने लगेंगी तो संसद और विधानसभाओं में ताला लगा देना चाहिए। लेकिन क्या कोई बता सकता है कि अदालत ने कौन सा कानून बना दिया है? कानून तो बना हुआ है कि विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक को राज्यपाल मंजूरी देंगे या वापस लौटाएंगे या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजेंगे।यही तीन विकल्प हैं। कानून में यह भी लिखा हुआ है कि अगर राज्यपाल ने विधेयक लौटाया है और विधानसभा उसे दोबारा पारित करके भेजेगी तो अनिवार्य रूप से राज्यपाल को उस पर मंजूरी देनी होगी। यह सब संविधान में लिखा हुआ है। लेकिन इस कानून में एक लूपहोल खोज लिया गया कि इसमें यह नहीं लिखा गया है कि कितने समय में बिल को मंजूरी देनी है या कितने समय में लौटाना है। इस लूपहोल के आधार पर बिल तीन तीन साल लटका दिए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ इस संवैधानिक प्रावधान की व्याख्या की है और उसकी विसंगति को दूर किया है। सोचें, आमतौर पर कानून से बचने के लिए आरोपियों के वकील कानून के लूपहोल्स निकालते हैं। लेकिन जब संवैधानिक प्राधिकार लूपहोल्स का इस्तेमाल करने लगे तो क्या किया जाए! बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध करने वाले तमाम सांसदों, नेताओं, कथित बुद्धिजीवियों, यूट्यूबर्स आदि को पढ़ने और उनके वीडियो सुनने के बाद यह निष्कर्ष निकला है कि मेरिट पर भले फैसला सही हो लेकिन न्यायपालिका में बहुत कमियां हैं इसलिए उनका फैसला गलत है। फैसले का विरोध करने वाले - 'विद्वानों' ने जो तर्क दिए, उनमें से कई बहुत दिलचस्प हैं।


कहा गया, कॉलेजियम के जरिए जजों की नियुक्ति और तबादले होते हैं और इसमें भाई-भतीजावाद होता है, अमुक व्यक्ति को जमानत देने के लिए एक चीफ जस्टिस ने एक दिन में दो बार बेंच बदली, अमुक व्यक्ति के लिए छुट्टी के दिन बेंच बैठी, अमुक व्यक्ति के मामले में सुनवाई के लिए आधी रात को अदालत खुली, अमुक जज के यहां से नोटों के बंडल निकले लेकिन एफआईआर नहीं हुई, अदालतों में बहुत छुट्टियां होती हैं, अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं, जज महीनों तक फैसला सुरक्षित रख लेते हैं, जज अपनी संपत्ति का ब्योरा नहीं देते हैं आदि आदि। 'विद्वानों' ने यह साबित किया है कि अदालतें अब भी कांग्रेस के हिसाब से चलती हैं क्योंकि कांग्रेस आजादी के समय से वकीलों की पार्टी रही है। यह भी कहा जा रहा है कि अमुक वकील के पिता भी किसी हाई कोर्ट के एडवोकेट जनरल थे या अमुक आरोपी के पिता कई बरसों तक अटॉर्नी जनरल रहे। सोचें, इसमें राज्यपाल और राष्ट्रपति पर दिए गए फैसले का पहलू कहां है? बौद्धिक दरिद्रता का आलम यह है कि न्यायपालिका की आलोचना के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू की सरकार द्वारा किए गए पहले संविधान संशोधन की तरफदारी की जा रही है और यह भी याद दिलाया जा रहा है कि इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने हैसियत बता दी थी न्यायपालिका की। इस पूरी जमात का सबसे बड़ा बौद्धिक तर्क यह है कि देश के करोड़ों लोगों ने जिनको चुना है वे सबसे ऊपर हैं और काला कोट पहनने वाले दो या पांच लोग



तय नहीं करेंगे कि देश के लिए क्या अच्छा है। यह एक धूर्ततापूर्ण तर्क है, जो संवैधानिक व्यवस्था की बजाय चुनी हुई सरकार की तानाशाही की तरफदारी करता है।

अगर इस तर्क को मानें कि चुनी हुई सरकार सबसे ऊपर है और उसे ही यह तय करने का अधिकार है कि देश और उसकी जनता के लिए क्या अच्छा है तो फिर किसी भी मसले पर अदालतों के फैसलों की क्या जरुरत है? सोचें, यही कुपढ़ और अपढ़ लोग जो एक फैसले के लिए न्यायपालिका की बखिया उधेड़ रहे हैं उन्होंने उसी न्यायपालिका के कितने फैसलों का जश्न मनाया है! जब काला कोट पहनने वाले लोग कुछ भी तय नहीं कर सकते हैं तो फिर उनके फैसलों पर जश्न मनाने की क्या जरुरत है? असल में इनकी तारीफों की तरह ही इनकी आलोचना भी दिशाहीन और बुद्धिनिरपेक्ष है। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या की जमीन हिंदू पक्ष को दे दी और कहा कि मुस्लिम पांच किलोमीटर दूर मस्जिद बनाएं तो अदालत की जय जयकार हुई। अदालत ने कह दिया कि ईवीएम से चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं है तो अदालत की जय जयकार हुई। अदालत ने कहा कि पांच से ज्यादा वीवीपैट मशीनों का ईवीएम से मिलान करने की जरुरत नहीं है तो अदालत की जय जयकार हुई। अदालत ने कहा कि वाराणसी के ट्रायल कोर्ट के जज ने ज्ञानवापी के सर्वे की मंजूरी देकर ठीक किया है क्योंकि सर्वे से किसी धर्मस्थल की संरचना नहीं बदल रही है और इसलिए यह धर्मस्थल कानून का उल्लंघन नहीं है तो अदालत की जय जयकार हुई। अदालत ने कह दिया कि चुनावी बॉन्ड से चंदा अवैध था लेकिन पार्टियों को मिला चंदा वापस लेने या उसकी जांच की जरुरत नहीं है तो अदालत की जय जयकार हुई, अदालत ने तीन तलाक को अवैध घोषित कर दिया तो उसकी जय जयकार हुई, अदालत ने अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले को सही ठहराया तो उसकी जय जयकार हुई। लेकिन उसी अदालत ने कह दिया कि विधानसभा से पारित विधेयक को राज्यपाल द्वारा एक निश्चित समय सीमा में मंजूरी दे दी जानी चाहिए तो फिर अदालत की सारी कमियां और जजों की कई पुश्तों की सच्ची झूठी कहानियां सामने आ जाती हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

फिर बड़े जोर-शोर से मातम हुआ और वकील साहब की अस्थि घूर पर डाल दी गयी। अब रहा महमूद का सिपाही। उसे चटपट गांव का पहरा देने का चार्ज मिल गया; लेकिन पुलिस का सिपाही कोई साधारण व्यक्ति तो था नहीं; जो अपने पैरों चले। वह पालकी पर चलेगा। एक टोकरी आयी, उसमें कुछ लाल रंग के फटे-पुराने चिथड़े बिछाये गये, जिसमें सिपाही साहब आराम से लेटें। नूरे ने यह टोकरी उठायी और अपने द्वार का चक्कर लगाने लगे। उनके दोनों छोटे भाई सिपाही की तरफ से 'सोने वाले, जागते लहो' पुकारते चलते हैं। मगर रात तो अंधेरी ही होनी चाहिए। महमूद को ठोकर लग जाती है। टोकरी उसके हाथ से छूटकर गिर पड़ती है और मियां सिपाही अपनी बन्दूक लिए जमीन पर आ जाते हैं और उनकी एक टांग में विकार आ जाता है। महमूद को आज ज्ञात हुआ कि वह अच्छा डॉक्टर है। उसको ऐसा मरहम मिल गया है, जिससे वह टूटी टांग को आनन-फानन जोड़ सकते हैं। केवल गूलर का दूध चाहिए। गूलर का दूध आता है। टांग जोड़ दो जाती है; लेकिन सिपाही को ज्यों ही खड़ा किया जाता है, टांग जवाब दे जाती है। शल्यक्रिया असफल हुई। तब उसकी दूसरी टांग भी तोड़ दी जाती है। अब कम-से-कम एक जगह आराम से बैठ तो सकता है। एक टांग से तो न चल सकता था न बैठ सकता था। अब वह सिपाही संन्यासी हो गया है। अपनी जगह पर बैठा-बैठा पहरा देता है। कभी-कभी देवता भी बन जाता है। उसके सिर का झालरदार साफा खुरच दिया गया है। अब उसका जितना रूपान्तर चाहो, कर सकते हो। कभी-कभी तो उससे बाट का काम भी लिया जाता है। अब मियां हामिद का हाल सुनिये। अमीना उसकी आवाज सुनते ही दौड़ी और उसे गोद में उठाकर प्यार करने लगी। सहसा उसके हाथ में चिमटा देखकर वह चौंकी। यह चिमटा कहां था ? मैंने मोल लिया है। कै पैसे में। तीन पैसे दिये ? अमीना ने छाती पीट ली। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्गं समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजान्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने-अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है?



-प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएँ नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में क़ैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता है—क्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहाँ 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है—एक ऐसा मंच जहाँ तालियाँ हैं, टिप्पणियाँ हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज़्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है।

आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद



मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो—क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झाँकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं—डिजिटल ब्रांडिंग है।

आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती है—संगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है—जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य—एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो- 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन- 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं—'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था? आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है), उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊँचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहाँ छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही साँस लेती है?

सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला? यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है? क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं? यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को 'कंटेंट' बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं?

आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं—एक ऐसी दिशा जहाँ सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें।

भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है—बिना कोई सबूत माँगे।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अब एक ऐप में मिलेंगी सभी चुनावी सूचनाएं**
मतदाता सूचियों की गड़बड़ी कौन बतायेगा?

**भारत को मिल गयी रूस की इग्ला एस मिसाइल**
तुम दोनों लड़ मरो, अपुन का धंधा चलता रहे!

**इजरायली अड्डे पर हमले के बाद फ्लाइटें डाईवर्ट**
कश्मीर की सुरक्षा इजरायली लड़ाके करेंगे!

**अब विकास के भागीदार बनेंगे देश के किसान**
ज्यादातर पुराने आईएएस अब नये किसान हैं!

**भारत ने रोका पाक जानेवाला चिनाब का पानी**
धरती, पानी, हवा, बादल सब कुदरत की देन हैं!

**पाक सेना एलओसी के पार से कर रही गोलाबारी**
इधर बिहार चुनावों की तैयारियों पर जोर है!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

## समय की पाबंदी

बात साबरमती आश्रम में गांधी जी के प्रवास के दिनों की है। एक दिन एक गांव के कुछ लोग बापू के पास आए और उनसे कहने लगे, बापू कल हमारे गांव में एक सभा हो रही है, यदि आप समय निकाल कर जनता को देश की स्थिति व स्वाधीनता के प्रति कुछ शब्द कहें तो आपकी कृपा होगी। गांधी जी ने अपना कल का कार्यक्रम देखा और गांव के लोगों के मुखिया से पूछा, सभा के कार्यक्रम का समय कब है? मुखिया ने कहा, हमने चार बजे निश्चित कर रखा है। गांधी जी ने आने की अपनी अनुमति दे दी।

मुखिया बोला, बापू मैं गाड़ी से एक व्यक्ति को भेज दूंगा, जो आपको ले आएगा आपको अधिक कष्ट नहीं होगा। गांधी जी मुस्कराते हुए बोले, अच्छी बात है, कल निश्चित समय मैं तैयार रहूंगा।

अगले दिन जब पौने चार बजे तक मुखिया का आदमी नहीं पहुंचा तो गांधी जी चिंतित हो गए। उन्होंने सोचा अगर मैं समय से नहीं पहुंचा तो लोग क्या कहेंगे। उनका समय व्यर्थ नष्ट होगा।

गांधी जी ने एक तरीक़ा सोचा और उसी के अनुसार अमल किया। कुछ समय पश्चात मुखिया गांधी जी को लेने आश्रम पहुंचा तो गांधी जी को वहां नहीं पाकर उन्हें बहुत आश्चर्य हुआ। लेकिन वह क्या कर सकते थे। मुखिया सभा स्थल पर पहुंचा तो उन्हें यह देख कर और अधिक आश्चर्य हुआ कि गांधी जी भाषण दे रहे हैं और सभी लोग तन्मयता से उन्हें सुन रहे हैं। भाषण के उपरांत मुखिया गांधी जी से मिला और उनसे पूछने लगा, मैं आपको लेने आश्रम गया था लेकिन आप वहां नहीं मिले फिर आप यहों तक कैसे पहुंचे?

गांधी जी ने कहा, जब आप पौने चार बजे तक नहीं पहुंचे तो मुझे चिंता हुई कि मेरे कारण इतने लोगों का समय नष्ट हो सकता है इसलिए मैंने साइकिल उठाई और तेज़ी से चलाते हुए यहां पहुंचा।

मुखिया बहुत शर्मिंदा हुआ। गांधी जी ने कहा, समय बहुत मूल्यवान होता है। हमें प्रतिदिन समय का सदुपयोग करना चाहिए। किसी भी प्रगति में समय महत्वपूर्ण होता है।

अब उस युवक की समझ में मर्म आ चुका था।

## आपका पत्र मिला

## जातीय जनगणना : नियम और उपयोगिता

इन दिनों जाति का मुद्दा फिर गरम है। कारण कि केंद्र सरकार ने देश में जातीय जन गणना कराये जाने को हरी झण्डी दे दी है। यह आकाश कुसुम कब और कितने दिन में खिलेगा, यह तो समय बतायेगा। पिछली बार हुई 2011 की जातीय जनगणना कागज़ पर ही रह गई और प्रकाशित भी नहीं की जा सकी, जिसके अनुसार अपने यहाँ लगभग 46 लाख जातियां निकलीं थी। केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा इसके विरोध में रही है किंतु अब पूर्ण बहुमत न होने के कारण उसे जगह-जगह अपने मूल सिद्धांतों और अवधारणाओं से हटना पड़ रहा है। सवाल यह है कि जाति निर्धारण सम्बंधी कोई कानून ही नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि संविधान का अनुच्छेद 15 जाति धर्म आदि के आधार पर भेदभाव करने का निषेध करता है। व्यवहार में जो जाति प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं,वे जन्म के आधार पर होते हैं।बहुधा फज़ी प्रमाण पत्र बन जाते हैं और उनके आधार पर लोग नौकरी पा जाते हैं। कभी कभार पकड़े भी जाते हैं। अपने यहां पितृ सत्तात्मक प्रणाली है। पिता की जाति से पुत्र की जाति तय होती है, किंतु एकाकी महिला की गोद ली हुई संतान, वेश्या के पुत्र आदि किस श्रेणी में आयेंगे? जारज,जिन्हें लोग नाजायज संतान भी कह देते हैं, को किस श्रेणी में रक्खेंगे! धर्म और इतिहास देखें तो सीताजी और अगस्त्य ऋषि के पिता कैसे तय होंगे? वे तो घड़े से उत्पन्न हुए। कवि कबीरदास जी और महान चिकित्सक जीवक की जाति क्या तय होगी? वे तो तिरस्कृत पड़े हुए मिले थे! पिछली जातीय जनगणना में जिसने जो बताया वह जाति लिख दी गई। इस बार गणकों को जातियों की सूची दी जाएगी, उसी में लोगों को बताना होगा। यह भी सरासर गलत है। भारतीय जनगणना अधिनियम-1948 में जनता को कुछ बातें बताना अनिवार्य किया गया है और कुछ स्वैच्छिक हैं। जाति बताना स्वैच्छिक श्रेणी में है। इस योजना का मार्ग कंटकाकीर्ण है और परिणाम तथा उपयोगिता संदिग्ध।

रघोत्तम शुक्ल
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# वृषभ संक्रांति कब? तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व



हिंदू पंचांग के अनुसार वृषभ संक्रांति का पर्व एक अत्यंत शुभ और पवित्र दिन माना जाता है। इस दिन सूर्य देव अपनी उच्च राशि मेष को छोड़कर वृष राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य के इस गोचर को धार्मिक ग्रंथों में संक्रांति कहा गया है और जब यह गोचर वैशाख मास में होता है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

**वृषभ संक्रांति 2025 के शुभ मुहूर्त**

पुण्य काल-सुबह 05:57 बजे से दोपहर 12:18 बजे तक
महा पुण्य काल : सुबह 05:30 बजे से 07:46 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 11:50 बजे से 12:45 बजे तक

**पूजा के विशेष मुहूर्त**

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04:07 - 04:49
विजय मुहूर्त- दोपहर 02:33-03:28
गोधूलि मुहूर्त- शाम 07:04 - 07:25
निशिता मुहूर्त-रात 11:57 -12:38

वृषभ संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान, व्रत, दान और सूर्य उपासना करने की विशेष परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन गंगा आदि तीर्थों में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है। सूर्य को अर्घ्य देने से आयु, आरोग्य और तेज में वृद्धि होती है।

### वृषभ संक्रांति 2025 कब है?

हिंदू पंचांग के अनुसार, 15 मई 2025 को सूर्य देव अपनी वर्तमान राशि मेष से निकलकर वृष राशि में प्रवेश करेंगे। यह गोचर रात 12 बजकर 11 मिनट पर होगा, जिसके साथ ही वृषभ संक्रांति का शुभ पर्व आरंभ हो जाएगा। सूर्य वृष राशि में 14 जून तक रहेंगे और 15 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे।

### वृषभ संक्रांति के शुभ योग

इस दिन सुबह 07:02 बजे तक शिव योग रहेगा। इसके बाद पूरी रात सिद्ध योग और भद्रावास योग का प्रभाव बना रहेगा, जो दान और पुण्य कर्मों के लिए बेहद शुभ माने जाते हैं।

### वृषभ संक्रांति पर करें सूर्य देव के ये सिद्ध मंत्र

सूर्य देव को ऊर्जा, जीवन और आरोग्यता के प्रतीक माने जाते हैं। व्रत, ध्यान या संक्रांति जैसे पवित्र अवसरों पर इन मंत्रों का जप करने से व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक बल की प्राप्ति होती है। नीचे दिए गए सूर्य मंत्र **विशेष रूप से सिद्ध माने गए हैं-**

ऊँ घृणि सूर्याय नमः
ऊँ ह्रीं ह्रीं सूर्याय नमः
ऊँ ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः क्लीं ऊँ
ऊँ सूर्याय नमः

इन मंत्रों का जाप सूर्योदय के समय या संक्रांति के पुण्य काल में करने से विशेष लाभ मिलता है।

# क्या होते हैं बड़े मंगल? ऐतिहासिक महत्व और तिथि





हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ महीने के सभी मंगलवार विशेष रूप से महत्वपूर्ण माने जाते हैं, जिन्हें बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। इस दौरान विशेष रूप से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि इन दिनों हनुमान जी के वृद्ध स्वरूप की आराधना की जाती है। यह पर्व विशेष रूप से उत्तर भारत, खासकर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और मध्य क्षेत्रों में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। इन दिनों श्रद्धालु मंदिरों में विशेष पूजा करते हैं, भंडारे आयोजित करते हैं और प्रसाद वितरित किया जाता है।

**धार्मिक महत्व**

हनुमान जी को भगवान श्रीराम के सबसे बड़े भक्त के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि हनुमान जी की आराधना करने से व्यक्ति को बुरी शक्तियों, दुर्घटनाओं और अकाल मृत्यु से रक्षा मिलती है। ज्योतिष के अनुसार उनकी पूजा से मंगल और शनि ग्रह के दुष्प्रभाव भी कम होते हैं। ऐसा माना जाता है कि बुढ़वा मंगल पर हनुमान जी की आराधना करने से वे भक्तों पर अपनी कृपा बनाए रखते हैं।

**मंत्र**

ऊँ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमित विक्रमाय प्रकटपराक्रमाय महाबलाय सूर्य कोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।

**बुढ़वा मंगल की पूजा विधि**

इस दिन पास के किसी हनुमान मंदिर या राम दरबार में जाकर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और आरती का पाठ किया जाता है। साथ ही सुख, समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति के लिए मंत्र का 108 बार जाप करना लाभकारी होता है।

**बड़ा मंगल की तिथियां**

इस वर्ष बड़ा मंगल की पूजा पांच मंगलवारों को की जाएगी।
पहला बुढ़वा मंगल - 13 मई 2025
दूसरा बुढ़वा मंगल -20 मई 2025
तीसरा बुढ़वा मंगल - 27 मई 2025
चौथा बुढ़वा मंगल - 2 जून 2025
पांचवां बुढ़वा मंगल - 10 जून 2025

**ऐतिहासिक महत्व**

मान्यता है कि जब श्रीराम माता सीता की खोज में निकले थे, तब हनुमान जी से उनकी पहली भेंट ज्येष्ठ माह के मंगलवार को ही हुई थी। यह दिन तभी से धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है।

**लखनऊ की इस परंपरा का मुगल काल से जुड़ाव**

एक कहानी के अनुसार नवाब वाजिद अली शाह के पुत्र की तबीयत अत्यधिक खराब हो गई थी। किसी उपाय से लाभ न मिलने पर उन्हें अलीगंज स्थित एक हनुमान मंदिर में मन्नत मानने की सलाह दी गई। वहां प्रार्थना करने के बाद उनके पुत्र की तबीयत में सुधारने लगी। इसके उपरांत नवाब और उनकी बेगम ने उस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया, जो ज्येष्ठ माह में पूर्ण हुआ। तभी से लखनऊ में बड़ा मंगल के दिन भंडारे और गुड़ के प्रसाद वितरण की परंपरा शुरू हो गई।

# मई माह के प्रमुख जयंती पूर्णिमा व अन्य त्योहार

मई माह में कई प्रमुख व्रत और त्योहार होंगे जो धार्मिक दृष्टिकोण से खास महत्व रखते हैं। इसके साथ ही ग्रहों का गोचर भी आपके जीवन पर गहरा असर डाल सकता है। इस महीने में एकादशी, पूर्णिमा, अमावस्या और कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार मनाए जाएंगे, जिनका प्रभाव आपके व्यक्तिगत जीवन पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। आइए, जानते हैं इस महीने के प्रमुख व्रत, त्योहार और ग्रहों के गोचर के बारे में, ताकि आप इस महीने का सही उपयोग कर सकें और अपनी आध्यात्मिक और भौतिक जीवन यात्रा में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

**मई 2025 ग्रह गोचर**

| | |
|---|---|
| 6 मई 2025 | बुध का मेष राशि में गोचर |
| 14 मई 2025 | गुरु बृहस्पति का मिथुन राशि में गोचर |
| 14 मई 2025 | सूर्य का वृषभ राशि में गोचर |
| 18 मई 2025 | केतु सिंह राशि में गोचर, बुध मेष राशि में अस्त |
| 18 मई 2025 | राहु कुंभ राशि में गोचर |
| 23 मई 2025 | बुध ग्रह वृषभ राशि में गोचर |
| 31 मई 2025 | शुक्र ग्रह का मेष राशि में गोचर |

**मोहिनी एकादशी**

7 मई को सुबह 10:19 बजे शुक्ल पक्ष की एकादशी शुरू होगी। यह 8 मई को दोपहर 12:29 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि की गणना के अनुसार 8 मई को मोहिनी एकादशी मनाई जाएगी।

**वैशाख पूर्णिमा**

वैशाख माह में आने वाली पूर्णिमा तिथि को वैशाख पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है, जिस दिन विष्णु-लक्ष्मी जी और चंद्र देव की पूजा की जाती है। इस साल 12 मई 2025,सोमवार को वैशाख पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

**वट सावित्री व्रत**

हर साल ज्येष्ठ महीने की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत मनाया जाता है। वट सावित्री व्रत 26 मई को रखा जाएगा। इस दिन शोभन योग और भरणी नक्षत्र का शुभ संयोग व्रत को और भी फलदायी बनाता है।

**शनि जयंती**

इस साल 27 मई 2025 को शनि जयंती मनाई जाएगी। इस तिथि पर कृत्तिका और रोहिणी नक्षत्र के साथ सुकर्मा योग बन रहा है।

**बुध गोचरः**

7 मई 2025 को सुबह 4-13 बजे ग्रहों के राजकुमार बुध राशि परिवर्तन कर रहे हैं। ये बुध गोचर मेष राशि में होगा।

**सूर्य गोचरः** सूर्य हर 30 दिन में राशि परिवर्तन करते हैं। वर्तमान में सूर्य मेष राशि में है। 14 मई, बुधवार को सूर्य मेष से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे।

**राहु- केतु गोचरः** मई माह में राहु और केतु का राशि परिवर्तन होने वाला है। ये दोनों ग्रह 18 मई 2025 को शाम 4 बजकर 30 मिनट पर राशि परिवर्तन करेंगे। इस दौरान राहु जहां मीन से निकलकर कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं केतु सिंह राशि में अपना स्थान लेंगे।

**मई 2025 के व्रत-त्योहार की लिस्ट**

| | |
|---|---|
| 8 मई 2025 | मोहिनी एकादशी व्रत, परशुराम द्वादशी |
| 9 मई 2025 | प्रदोष व्रत |
| 11 मई 2025 | नृसिंह जयंती, छिन्नमस्ता जयंती |
| 12 मई 2025 | वैशाख पूर्णिमा, कूर्म जयंती, बुद्ध जयंती |
| 13 मई 2025 | ज्येष्ठ माह आरंभ, नारद जयंती |
| 15 मई 2025 | वृषभ संक्रांति |
| 16 मई 2025 | गणेश चतुर्थी व्रत, एकदंत संकष्टी चतुर्थी |
| 20 मई 2025 | कालाष्टमी, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी |
| 23 मई 2025 | अपरा एकादशी व्रत |
| 24 मई 2025 | प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी |
| 25 मई 2025 | मासिक शिवरात्रि, शिव चतुर्दशी व्रत |
| 26 मई 2025 | वट सावित्री व्रत, दर्श अमावस्या |
| 27 मई 2025 | स्नान-दान अमावस, ज्येष्ठ अमावस्या, शनि जयंती |
| 30 मई 2025 | विनायक चतुर्थी व्रत |

# किस दिशा में अध्ययन करे कि प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर सके



आप किस दिशा में बैठकर अध्ययन कर रहे हैं , उस दिशा की क्या उपयोगिता है , वो दिशा पॉजिटिव है या नेगेटिव । इस तथ्य को जानना अत्यंत आवश्यक है। छात्र , छात्राएं सिविल सर्विसेज , मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होना चाहते हैं । किस दिशा में बैठकर पढ़ाई करने से सफलता मिलने के योग बनेंगे इसके लिए वास्तुशास्त्र के निम्न नियमों को जानना चाहिए -

1- अध्ययन के लिए घर या भवन का सबसे महत्वपूर्ण स्थान पश्चिम दिशा का कक्ष होता है । इस दिशा में बैठकर अध्ययन करने से बुध, शुक्र , गुरु और चंद्र इन चारों शुभ ग्रह का प्रभाव मिलता है । इस दिशा में बैठकर अध्ययन करने से लेखन क्षमता में वृद्धि , स्मरण शक्ति , कल्पना शक्ति , जिज्ञासा में वृद्धि और बुद्धि विकास होता है ।जो कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए आवश्यक है।

2- अध्ययन करते समय कौन सी दिशा अपनाए ये भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वास्तुशास्त्र के अनुसार पूर्व की दिशा या उत्तर की दिशा की ओर मुख कर अध्ययन करने से सफलता मिलने के योग प्रबल हो जाते हैं। यदि कोई विद्यार्थी हॉस्टल में या किसी ऐसे भवन में निवास कर रहा है जहां पर उसे कक्ष चुनने की आजादी नहीं है तो उसे पढ़ाई की दिशा अवश्य चुननी चाहिए और पूर्व या उत्तर दिशा में मुख कर अध्ययन करना चाहिए इससे सफलता के योग बनेंगे।

3- अध्ययन कक्ष में पुस्तकों को रखने का स्थान भी महत्वपूर्ण है। बुक शेल्फ को यथासंभव साउथ वेस्ट दिशा में रखना चाहिए। इस दिशा में पुस्तकों को रखने से उनका भरपूर उपयोग हो सकेगा । साथ ही किताबों की शेल्फ को नॉर्थ वेस्ट दिशा में रखने से बचना चाहिए। इस दिशा में यदि आप पुस्तकों को रखते है तो वह चोरी हो सकती है , मित्र मांग कर ले जायेगे या आप उनका उपयोग ही नहीं कर पाएंगे । इसलिए इस दिशा में बुक शेल्फ को रखना की सलाह नहीं दी जाती है ।


4- अध्ययन कक्ष का रंग सफेद , क्रीम , हल्का हरा, हल्का पीला यदि हो तो वह लाभकारी सिद्ध होता है ।



-राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवम वास्तुशास्त्री

# संतान की सफलता के लिए करें ये खास उपाय मिलेगी तरक्की





हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे जीवन में तरक्की करें और खुशहाल रहें, जिसके लिए वे दिन-रात मेहनत करते हैं और उनकी बेहतरी की कामना करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि माता-पिता द्वारा किए गए कुछ आध्यात्मिक प्रयास न केवल उनके अपने जीवन को सकारात्मक बनाते हैं, बल्कि उनकी संतान की किस्मत भी संवार सकते हैं?ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माता-पिता के ग्रहों और कर्मों का सीधा प्रभाव उनकी संतान के भाग्य पर पड़ता है। कहा जाता है कि माता-पिता के पूर्व जन्मों के शुभ या अशुभ कर्म इस जन्म में बच्चों के रूप में प्रतिफलित होते हैं। ऐसे में यदि वे पूजा-पाठ, प्रार्थना और धार्मिक कार्यों में नियमित रहें, तो इसका सकारात्मक असर उनके बच्चों की तरक्की पर जरूर पड़ता है। माता-पिता कुछ आसान उपाय करके अपने बच्चों के जीवन में आने वाली बाधाओं को कम कर सकते हैं।

**बच्चों के लिए करें ये उपाय**

बच्चे की पढ़ाई और एकाग्रता बढ़ाने के लिए माता-पिता में से कोई एक प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करें। सप्ताह में एक दिन बच्चे को मंदिर या किसी धार्मिक स्थान पर लेकर जाएं। यह उपाय पढ़ाई में सफलता और जीवन में उन्नति के नए रास्ते खोल सकता है।

**प्रतियोगी**

**परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपाय**

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन सुबह सूर्यदेव को जल अर्पित करें। साथ ही बच्चे को भी यह उपाय करना चाहिए। शनिवार के दिन उसके हाथों से अनाज का दान करवाएं। साथ ही माता या पिता में से कोई एक 'ऊँ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जाप करे और संतान की सफलता के लिए प्रार्थना करे।

**करियर या व्यापार के लिए उपाय**

माता-पिता अपने बच्चे की सफलता के लिए शनिदेव की पूजा करें। हर सुबह और शाम 108 बार 'ऊँ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप करें। शनिवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं और किसी जानवर को रोटी खिलाएं और संतान की तरक्की की कामना करें।

**संतान के विवाह के लिए उपाय**

प्रतिदिन सुबह संतान के नाम से भगवान विष्णु को पीले फूल अर्पित करें और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें या उसका श्रवण करें। घर में मांस-मदिरा से परहेज करें और प्रतिदिन प्रार्थना करें। इस उपाय को करने से विवाह संबंधी अड़चनें दूर हो सकती हैं।

# मृत्यु के बाद घर के लोगों को इन नियमों का रखना होता है ध्यान



सनातन धर्म के ग्रंथों में जीवन के हर पहलू को विस्तार से समझाया गया है, चाहे वह जन्म हो या जीवन के संस्कार हों या फिर मृत्यु। व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। जब परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होती है, तो उसके अंतिम संस्कार के साथ-साथ परिवार और मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति को कुछ विशेष नियमों का पालन करना आवश्यक होता है। ये नियम न केवल धार्मिक आस्था से जुड़े होते हैं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक शुद्धता को भी दर्शाते हैं।

**मृत्यु होने पर परिवार के सदस्यों के लिए नियम**

परिजनों को इस समय ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए और संयमित जीवन व्यतीत करना चाहिए। सभी सदस्यों को अलग-अलग बिस्तर पर सोना चाहिए और तामसिक भोजन जैसे मांस और मदिरा से पूर्ण रूप से दूर रहें। इस दौरान किसी को प्रणाम करना या आशीर्वाद देना भी निषेध होता है।

इस दौरान बाल, नाखून या दाढ़ी काटना वर्जित होता है। सिर में तेल लगाना, बाल धोना या पैर दबाना भी मना होता है। नहाने और कपड़े धोने के लिए साबुन का प्रयोग नहीं किया जाता। पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पहले, तीसरे, सातवें और दसवें दिन पूरे परिवार को एक साथ भोजन करना चाहिए। साथ ही, इस समय दान-पुण्य, पूजा-पाठ, मंदिर जाना या मूर्तियों को छूना वर्जित होता है।

**मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति के लिए विशेष नियम**

अंतिम संस्कार करने वाले, यानी मुखाग्नि देने वाले व्यक्ति के लिए कुछ अतिरिक्त नियम होते हैं। पहले दिन भोजन या तो बाहर से खरीदकर करना चाहिए या फिर ससुराल अथवा मामा के घर से मंगवाना चाहिए। उन्हें जमीन पर सोना चाहिए और ब्रह्मचर्य का कठोर पालन करना चाहिए।



इस समय किसी का पैर छूना या अपने पैर किसी से छुवाना वर्जित है। सूर्यास्त से पहले एक बार स्वयं भोजन बनाकर करना चाहिए, जिसमें नमक का प्रयोग न हो। भोजन मिट्टी के पात्र या पत्तल में करना चाहिए। संस्कार के पहले दिन या पहले तीन दिन उपवास रखना या फलाहार करना श्रेष्ठ माना गया है। भोजन से पूर्व गाय को खाना खिलाना चाहिए और प्रेत के लिए भोजन घर के बाहर रख देना चाहिए। इसके बाद ही स्वयं भोजन करें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**मंगलवार, 6 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे नवमी तिथौ मंगल वासरे 08/39/ मघा नक्षत्रे 18/47/ ध्रुव योग 15/54/ कौलव करणे 07/22/सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- बुध अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में घं.29 मि.30 पर।

**मेष** : अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। परिजनो से मतभेद होंगे। मानसिक तनाव होगा। पूंजी निवेश से धनागमन होगा।

**वृष** : उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है।

**मिथुन** : बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है।

**कर्क** : यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे।

**सिंह** : पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी।

**कन्या** : खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा।

**तुला** : गृह उपयोगी वस्तुओं पर व्यय होगा। सुसंगति लाभ होगा। लेखक अध्ययन में अभिरुचि रहेगी। यात्रयओं पर व्यय होगा।

**वृश्चिक** : परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी।

**धनु** : गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा।

**मकर** : जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है ।

**कुंभ** : व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी।

**मीन** : ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे।

## खबर एक नजर

### पति ने मारपीट कर पत्नी को घर से भगाया

**खीरों, रायबरेली।** उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव हुलासीखेड़ा मजरे कुतुबपुर निवासी राखी देवी ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि खीरों क्षेत्र के गांव गुलाबरायखेड़ा मजरे सकतपुर निवासी मेरा पति भारत पुत्र स्व0 सुरेश आएदिन मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट करता है। शनिवार को सुबह मैं खाना बना रही थी। तभी मेरे पति भारत ने मुझे गाली देते हुए लाठी डंडों और बेल्टों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पीटकर गम्भीर रूप से किया घायल, अरोप

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव छोटा भगतखेड़ा मजरे सेमरी निवासी शुभम पुत्र श्याम सुन्दर ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के कारण मेरे पड़ोसी शिवराज पुत्र स्व0 राम संजीवन और उनके बेटे प्रदीप और अनीश ने मुझे गाली देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीडिति की तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव पैनासी मजरे गहिरी निवासी लालबहादुर पुत्र स्व0 बुद्धीलाल ने खीरों थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे परिवार की बबली देवी पत्नी स्व0 जगतपाल मेरे मकान के सामने दीवार बना रही थी। मेरे विरोध करने पर बबली देवी, उनकी बेटी आरती और मेरे सगे भाई जगरूप ने मुझे गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर मेरी पत्नी को भी मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या। घर के अंदर कमरे में साडी के सहारे पंखे से झूली नवविवाहिता। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। सरेनी थाना क्षेत्र के ठकुराइन गंज मजरे रालपुर की घटना है।

अतिक्रमण हटाने का निर्देश, व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त

महराजगंज रायबरेली। कस्बे में अतिक्रमण के चलते बन रही जाम की समस्या से निजात के लिए उपजिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश दे दिया। जिसको लेकर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने उपजिलाधिकारी सचिन यादव को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने को लेकर उन्हें कोई एतराज नहीं है बल्कि वह भी अतिक्रमण हटाए जाने के पक्ष में हैं। व्यापारियों का कहना है कि अतिक्रमण की जिम्मेदार नगर पंचायत ही है जिनके द्वारा टैक्सी स्टैंड बना होने के बाद भी स्टैंड पर वाहनों को न खड़ा करके सड़क पर जाम का कारण है इसीलिए नगर पंचायत सबसे पहले टैक्सी स्टैंड पर ही टैक्सी खड़ा करवाना प्रारंभ करें। मंडी स्थल का निर्माण अधूरा पड़ा है। जिसे पूर्ण कराकर पटरी दुकानदारों को स्थान उपलब्ध कराए। अतिक्रमण अभियान चलाए जाने से एक दिन पूर्व मुनादी कराई जाए।

### केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

**महराजगंज रायबरेली।** मजदूरी करके घर वापस आ रहे लोगों से कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर मार-पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने चार नामजद सहित दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के आलिमगंज ज्योना गांव निवासी सुनील कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रविवार शाम को वह राम बाबू, सुनील, अर्जुन, तारावती, माधुरी आदि के साथ अपने गांव वापस आ रहे थे तभी पहरांवा गांव के पास रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की जिसमें उसके दांत टूट गए। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर अतरेहटा गांव के गजनी यादव, पहरांवा के राम केवल, प्रेम, रमेश सहित दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया ऊं। कार्रवाई की जाएगी।

### एमडीएम खाद्यान्न चोरी

**महराजगंज रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय खैरहना में एमडीएम खाद्यान्न चोरी हो गया। मामले में प्रधानाध्यापक अमित कुमार की आनलाइन शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक विद्यालय खैरहना के प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने आनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 19 अप्रैल को सुबह सात बजे जब वह स्कूल पहुंचे तो रसोईघर का ताला टूटा मिला। जांच में पता चला कि उसमें रखा एमडीएम के राशन का 40किलोग्राम चावल अज्ञात चोर उठा ले गए।

### पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव

**रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में सोमवार की तड़के एक युवक ने घर से दूर बाग में एक पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।
बाग की तरफ गए लोगों की नजर पेड़ से झूलते हुए शव पर पड़ी तो सूचना परिजनों व पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है, और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंबेडकर नगर निवासी नीरज 19 वर्ष पुत्र राकेश कुमार आज तड़के 6.00 बजे घर से उठकर कब्रिस्तान के पास की बाग में चला गया, और एक पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कब्रिस्तान की तरफ गए लोगों की नजर पेड़ से झूलते हुए शव पर पड़ी तो सूचना परिजनों को दी गई। आनन-फानन मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से उतारा और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। इस संबंध में एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया प्रथम दृष्टया की गई जांच पड़ताल में घरेलू कलह की बात सामने आई है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**रायबरेली**। दस मई को प्रस्तावित लोक अदालत को लेकर तहसील परिसर में शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम चन्द्र प्रकाश व तहसीलदार दीपिका सिह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सलोन विकास खण्ड क्षेत्र के लोगों को लोक अदालत के महत्व और इससे होने वाले लाभ की जानकारी दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि काफी लोग कर्ज के जाल में फंसे हैं और समय से ऋण चुकाने में असमर्थ हैं। जानकारी के अभाव में वह समाधान नहीं खोज पाते और कहा कि लोक अदालत के माध्यम से त्वरित समाधान बिना किसी शुल्क और समय बर्बाद किए लिया जा सकता है। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सलोन के मुख्य प्रबंधक दुष्यंत यादव ने बताया कि बैंक नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। ताकि लोगों को लाभ मिले। प्रबंधक त्रिभुवन ने कहा कि लोक अदालत के जरिए एनपीए खाताधारक आसान किस्तों में ऋण अदाकर समाधान ले सकते हैं और बताया कि लोक अदालत में बिना अपील के तुरंत फैसला किया जाता है। इस मौके पर रमेश कुमार तिवारी, संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ

**कमल श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष, प्रतिभा श्रीवास्तव को महिला जिलाध्यक्ष व अभिषेक श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी**




**स्वतत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अखिल भारतीय चित्राँश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने कहा कि सामाजिक समरसता, शैक्षिक उत्थान व देश की आर्थिक प्रगति में हमेशा से चित्रांश महासभा का योगदान रहा है और भविष्य में रहेगा, बस जरूरत है कि हमारा चित्रांश महासभा परिवार एकजुट रहे। श्री वर्मा स्थानीय कैपिटल उत्सव लान में चित्रांश महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि चित्रांश समाज के सभी पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे समाज को एक मंच पर लायें और समाज की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक प्रगति के लिए प्रयास करते रहे।
महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सरिता वर्मा ने महिला पदाधिकारियों को जागरूक किया। राष्ट्रीय महासचिव युवा अमिताभ बिहारी वर्मा ने युवा पदाधिकारियों को तो राष्ट्रीय प्रशासनिक सचिव राजन सक्सेना ने महासभा परिवार को शक्तिशाली बनाने पर बल दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव वर्मा ने जिले के कर्मठ व समाजसेवी कमल श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष पद की शपथ दिलायी और कहा कि वे समाज के लोगों को सक्रिय करके सामाजिक एकता बनायें और समाज के लोगो को दुःख दर्द पर नजर रखें। जिलाध्यक्ष की शपथ ग्रहण करने के साथ ही कमल श्रीवास्तव ने समाज को विश्वास दिलाया कि उन्हें महासभा ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उस कसौटी पर पूरा उतरने का प्रयास करूँगा। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा यशपाल सिंह एडवोकेट, विजय श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, डा0 रमेश श्रीवास्तव सहित 12 संरक्षकों, मुकेश श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव सहित 6 प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव सहित 12 विधिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों दुर्गेश रमन श्रीवास्तव जिला महामंत्री, सुबोध श्रीवास्तव महामंत्री समेत 28 जिला कमेटी के पदाधिकारियों, अभिषेक श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष, कुशल श्रीवास्तव नगर महामंत्री सहित 21 नगर के पदाधिकारियों तथा श्र्प्रतिभा श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष महिला व सपना श्रीवास्तव जिला महासचिव सहित 13 पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएस सक्सेना ने की व संचालन रवीन्द्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव प्रमिल खरे, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव दीपक श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल जी श्रीवास्तव एवं प्रदेश सचिव कुलदीप खरे का स्वागत किया।

## हलोर में बारिश के साथ गिरे ओले

**रायबरेली।** हलोर में दोपहर के समय मौसम बदला और आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। इससे खेतों में पड़ा भूसा भीग गया। जिले के अन्य हिस्से में मौसम साफ रहा। लोग गर्मी से परेशान रहे। उमस का जोर रहा। हल्की बदली रही] लेकिन दिन बढ़ने के साथ धूप निकली और पसीने से लोग तर-बतर हुए। धूप की तपिश कम रही, लेकिन उमस का प्रतिशत अधिक रहा। दोपहर में तेज धूप के कारण घर से निकलना मुश्किल रहा। लोग छुट्टी होने के कारण घर पर रहे। शाम को धूप कम हुई तो लोगों ने बाजार की ओर रुख किया। पिछले कई दिनों से पूर्व की ओर से हवा चलने से मौसम में नमी बनी हुई है, जिस कारण उमस अधिक हो रही है। आने वाले दिनों में भी उमस के बने रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री रहा।

## पूरी मजदूरी और ठेकेदार की धमकी के विरुद्ध एनटीपीसी श्रमिकों ने भरी हुंकार




**स्वतत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** एनटीपीसी में असंगठित क्षेत्र के संविदा मजदूरों ने पूरी मजदूरी दिलाए जाने और ठेकेदार द्वारा मजदूर नेता को धमकाने के मामले को लेकर सोमवार को हुंकार भरी है। एनटीपीसी गेट से लेकर ऊंचाहार तहसील मुख्यालय तक मजदूरों ने मार्च किया और प्रदर्शन करके तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। थर्मल पावर मजदूर संघ के बैनर तले मजदूरों ने सोमवार को बड़ा प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन को घोषणा मजदूरों ने एक घटना को लेकर किया था जिसमें एनटीपीसी के एक ठेकेदार द्वारा फ ोन पर मजदूर नेता पवन मिश्र को गाली देते हुए धमकाया था। पूरा मामला मजदूरों को पूरी मजदूरी दिलाए जाने को लेकर है। तहसीलदार आकांक्षा दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में मजदूरों ने कहा कि एनटीपीसी के ठेकेदार और निजी कंपनिया मजदूरों को उनके खाते में पूरी मजदूरी देने के बाद ठेकेदार मजदूरों को धमका कर उनसे आधी मजदूरी वापस ले लेते हैं। मजदूरों में जो इसका विरोध करता है उसे बिना किसी नोटिस दिए, बिना कारण के काम से निकाल दिया जाता है। ज्ञापन में मजदूरों ने मांग की है कि मजदूर नेता को धमकाने वाने ठेकेदार को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, ठेकेदारों के अपराधी पृष्ठभूमि की जांच कराई जाए और उन्हें एनटीपीसी द्वारा प्रतिबंधित किया जाए। मजदूरों की यह भी मांग है कि राज्य कर्मचारी बीमा निगम की उप इकाई एनटीपीसी में खोली जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से विजय विद्रोही, कमला कांत पांडेय, राम संजीवन, पुष्पेंद्र सिंह, आशीष पांडेय, जग जीवन, देव नारायण, पवन कुमार मिश्र, आशीष कुमार, धीरज कुमार, मेवालाल, वीरेंद्र सिंह, उमा शंकर, कृष्ण कुमार, राम निहोर, महेंद्र समेत बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

## तो अब फरियादियों के हित में कोतवाली पुलिस डलमऊ, जमीनी स्तर पर सक्रिय कोतवाल

**छोटे बड़े मामले में कोतवाल की उपस्थिति से धराशाही हुआ, मन बढ़े आरक्षीयो का इकबाल**

**स्वतत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** पुलिसिया दल मे कई ऐसे किरदार सामने निकल कर अनेक बार सामने आए जिससे खाकी के दामन पर भ्रष्टाचार और अभद्र व्यवहार के दाग लगे जिसका जीता जागता उदाहरण पूर्व में कोतवाली डलमऊ के आला हुक्मरान सहित मौजूद रहे एक दरोगा पर लगे। जिसके एवज में तत्काल कार्यवाही को अम्ल मे लाते हुए वर्तमान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने उक्त खाकीधारियो के ऊपर कार्यवाही के हंटर चलाएं और फ ौरन डलमऊ कोतवाली की कमान श्याम कुमार पाल को सौंपते हुए कानून का इकबाल बुलंद करने के निर्देश



दिया। कोतवाली डलमऊ की बागडोर संभाले कोतवाल श्याम कुमार पाल को कुछ दिन ही बीते किंतु कार्यवाही के सकारात्मक परिणाम से डलमऊ पुलिस की पुलिसिया पद्धति से परिवर्तन के आयाम स्थापित होते नजर आ रहे हैं और इसका मुख्य कारण वर्तमान कोतवाली प्रभारी की स्पष्ट कार्य शैली जहां कोतवाल के द्वारा हर छोटे बड़े प्रकरण को संज्ञान में रखकर मामले के निस्तारण हेतु जमीनी स्तर पर उतरकर समस्या से निजात के परिणाम से आवाम प्रभावित है तो महत्वपूर्ण सवाल यह है की वर्तमान प्रभारी द्वारा जिस कार्य शैली को अंजाम दिया जा रहा है। क्या यह लगातार अमल में लाने पर प्रभारी श्याम कुमार पाल और डलमऊ पुलिस आगामी दिनों पर जारी रख पाती है या फिर पूर्व की भांति मनमानी आचरण से ओत-प्रोत कुछ चंद आरक्षीयो की वही कार्य शैली फिर देखने को मिलेगी फिलहाल कोतवाल की सक्रियता से डलमऊ पुलिस की कार्य करने की की रूपरेखा में परिवर्तन होता नजर आ रहा है जो देखने वाला विषय होगा कि कोतवाल साहब कब तक यह सिलसिला जारी रख पाते हैं या फिर पूर्व की भांति वही राग अलापते जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक ने कार्यवाही के हंटर चलाएं थे खैर यह तो आने वाला वक्त तय करेगा।

## महराजगंज क्षेत्र मे अवैध कटान जोरों पर



**स्वतत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** लगातार बढ़ रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रदेश के मुखिया वृक्षारोपण पर जोर देने के साथ साथ करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं तो वहीं सरकार ने जिस विभाग को वनों की रक्षा का जिम्मा दे रखा है उसी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ही वनों को उजाड़ने का ठेका ले रखा है।

जिसका नतीजा यह रहा कि क्षेत्र में अवैध कटान जोरों पर हैं कटान की जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं। बताते चलें कि मौजूदा समय में कोतवाली क्षेत्र में अवैध खनन और अवैध कटान जोरों पर है, रविवार को मचाल का पुरवा मजरे सारीपुर गांव में लगभग एक दर्जन प्रतिबंधित पेड़ों को अवैध तरीके से काटे गए हैं। जिनमें शीशम, नीम, महुआ, गूलर के हरे लहलहाते वृक्ष जिन्हें बगैर परमिट के काटना अपराध की श्रेणी में आता है। लेकिन विभागीय उदासीनता कहें या फि र खाऊ कमाऊ नीति लगातार महराजगंज थाना क्षेत्र से वृक्ष काटे जा रहे हैं। वहीं जिम्मेदार वन विभाग आंखों पर पट्टी बांधे हुए है जिससे वन माफि याओं में न तो अधिकारियों का भय देखा जा रहा है न ही पुलिस का। मामले में जब वन विभाग के डीएफ ओ आशुतोष कुमार व क्षेत्राधिकारी महराजगंज प्रदीप कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा जानकारी मिली है जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

## पहल: सार्वजनिक स्थानों पर लगाएं प्याऊ, राहगीरों को मिलेगी राहत

**स्वतत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है, इस तप्ती धूप में यदि जरूरतमंदो को यदि समय पर पानी मिल जाए तो इससे बड़ी और कोई सेवा नहीं हो सकती। गर्मी के मौसम में जब पानी का एक घूंट व्यक्ति को मिल जाए तो वह बड़ी राहत महसूस करता है। ऐसे में सामाजिक संस्था जीत वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक जितेंद्र सविता के निर्देशन में रायबरेली इकाई के जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में समस्त जिला इकाई टीम के संग लालगंज नगर के अधिकतम सभी सार्वजनिक स्थानों पर निरूशुल्क शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गई, जिसके चलते किसी भी राहगीरों एवम् विद्यार्थियों को इस भीषण गर्मी में पेय जल से संबंधित कोई दिक्कत न हो सके। कस्बे के प्रमुख स्थानो जैसे हनुमान मंदिर बेहटा चौराहा, मलपुरा मां विंध्यवासिनी सिद्ध श्री बालाजी सरकार, लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आलमपुर पंचमुखी हनुमान मंदिर, गुरूबक्शगंज चौराहा पुलिस चौकी, तिकोना पार्क, सोनालिका एजेंसी के पास, मंडी समिति समीप संस्था कार्यालय



इत्यादि सार्वजनिक जगहों पर संस्थान की ओर से शीतल प्याऊ जल की व्यवस्था की गई हैं।

इस मौके पर संस्था संस्थापक जितेंद्र सविता, जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष चन्दर, जिला महासचिव यशपाल सिंह, संस्था सलाहकार दिलीप कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी मनदीप कुमार, राममिलन शर्मा, आदित्य वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहें।

## विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला

**रायबरेली।** सोमवार को सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता का शव फ ांसी के फंदे पर लटकता मिला, इससे हड़कंप मच गया। ससुरालीजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना के कारणों को तलाशने में जुट गई है। थाना क्षेत्र के ठकुराइन गंज मजरे रालपुर गांव के रहने वाले सुरेश कुमार पुत्र देवी शंकर अपनी पत्नी स्वाती उम्र 22 वर्ष को लेकर बीते शनिवार को ससुराल बलभद्र खेड़ा थाना खीरों गए थे और रविवार को दोनों पति.पत्नी वापस ठकुराइन गंज आ गए। सोमवार की सुबह करीब 8 बजे पति सुरेश कुमार दवा लेने चौराहे चला गया व उसके पिता देवीशंकर व मां सरोजिनी दरवाजे पर बैठे थे तभी स्वाती ने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से फ ांसी लगा लिया।
जब पति सुरेश चौराहे से लौटा और पत्नी को आवाज लगाया लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिली तो उसने खिड़की से झांक कर देखा तो स्वाती पंखे से फ ांसी पर लटक रही थी। उसने पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया, इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतका की शादी 26 अप्रैल 2024 को हुई थी। फि लहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुट गई है।वहीं उप निरीक्षक सुधीर पांडेय ने बताया कि स्वाती नाम की महिला ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर शव को फ ांसी के फंदे से नीचे उतरवाया गया और शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम से जनहित में काशी तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य दोबारा शुरू करने की मांग

**जिला योजना समिति के सदस्य व सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी ने डीएम को सौंपा पत्र**

**स्वतत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 के सभासद व जिला योजना समिति के सदस्य राघवेंद्र सूर्यवंशी ने काशी तालाब के सुंदरीकरण कार्य को पुनः शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। सभासद ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में नगरीय तालाब संरक्षण योजना के तहत काशी तालाब की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन कार्य की रफ्तार बेहद धीमी रही। बार-.बार अनुरोध के बाद एक माह पूर्व नगर पंचायत की ओर से कार्य दोबारा शुरू कराया गया, लेकिन कुछ लोगों के समूह ने काशी तालाब और धर्मशाला पर स्वामित्व का दावा करते हुए कार्य रुकवा दिया गया। उपजिलाधिकारी ने आपत्तिकर्ताओं को 10 दिन के भीतर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, लेकिन तय समयसीमा बीत जाने के बावजूद वे कोई प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। सभासद सूर्यवंशी ने पत्र में यह भी बताया कि काशी तालाब की वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। तालाब में गंदगी जमा है। जिससे मोहल्ले के लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। मरम्मत और देखरेख के अभाव में तालाब का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तालाब के सुंदरीकरण का कार्य पुनः प्रारंभ कराया जाए। बताया कि जिलाधिकारी ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए एडीएम प्रशासन को कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी के अलावा सभासद अतुल शर्मा व सभासद नसीम भी मौजूद रहे।

## पांच नकाबपोशों के खिलाफ केस दर्ज

**रायबरेली।** रविवार की शाम को नकाबपोश बदमाशों ने होटल मालिक पर लाठी सरिया से हमला कर दिया इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन एंबुलेंस से उसे सी एच सी ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नकाबपोशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सरेनी थाना क्षेत्र के सतवाखेड़ा गांव के रहने वाले भुट्टू अली उर्फ गुड्डू अली उम्र 45 वर्ष पुत्र मांगरू अली रविवार की शाम को अपने होटल के बगल में पेड़ के नीचे बैठे थे तभी दो बाइको में सवार पांच नकाबपोश लाठी डंडो व सरिया से लैश होकर आ गए और गाली गलौज कर गुड्डू पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गए। इसके बाद नकाबपोश जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल गुड्डू अली को परिजन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां के चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। गुड्डू की तहरीर पर पांच नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल शिवाकांत पांडे का कहना है पांच अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीकृत है।

# केंद्रीय विद्यालय संगठन के 54वीं तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सोमवार को केंद्रीय विद्यालय संगठन के 54 वें तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि शशांक त्रिपाठी जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बाराबंकी के छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य एवं योग प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य देते हुए जिलाधिकारी ने छात्रों को खेल की भावना से खेलते हुए टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में केंद्रीय विद्यालय संगठन के लखनऊ संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों की बैडमिंटन की अंडर 14 अंडर 17 तथा अंडर-19 की 19 टीमें भाग ले रही तथा क्रिकेट के अंडर 14 की 6 टीमें भाग ले रही हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएसआर समिति की बैठक

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनपद की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीएसआर फंड का उद्देश्य केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज के प्रति दायित्व का निर्वहन है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, समाज कल्याण जैसे क्षेत्रों में यदि हम सामूहिक रूप से कार्य करें, तो जिले का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी0बी0 मरीजो के लिए निक्षय पोटली दिए जाने का प्रावधान है जिसको सभी टी0बी0 मरीजो को उपलब्ध कराने में आप सभी सहयोग कर सकते है इसी प्रकार सरकारी स्कूलो में आधारभूत सुविधाएं,राजकीय इंटर कॉलेजो में कंप्यूटर सहित अन्य सविधाएँ,समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों व अभ्युदय कोचिंग सेंटर में सुविधाएं, गौ आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड व भूसा/चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने आप सभी सहयोग कर सकते है। बैठक में कंपनियों यथा ब्रिटानिया,सीपी मिल्क, बलरामपुर चीनी मिल हैदरगढ़, रिलायंस इंडस्ट्री, जेडएफ, एचपीसीएल पवार के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी सीएसआर गतिविधियों की जानकारी दी तथा भविष्य में प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की सहमति व्यक्त की।बैठक में उपायुक्त उद्योग,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त सहित आईआईए के अध्यक्ष सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश




**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में %निवेश मित्र पोर्टल% पर प्राप्त हुए आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो और जनपद में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिले। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देरी अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारदर्शी, त्वरित और एकीकृत सेवाएं प्रदान कर निवेश को बढ़ावा देना है। जनपद में इस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।बैठक में विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई जिसमें कुल 08 आवेदन विभिन्न विभागों के समय उपरांत लम्बित पाए गए जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल निस्तारण ने निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे पोर्टल पर नियमित लॉगिन करें और निवेशकों से संवाद बनाए रखें। जिससे कि प्रदेश स्तर से इन्वेस्ट यू0पी0 द्वारा जारी होने वाली रैंकिंग में जनपद को उत्तम स्थान प्राप्त हो सके। उपायुक्त उद्योग द्वार बताया गया कि जनपद में इस माह निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 285 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, विद्युत विभाग, सहायक श्रम आयुक्त, नगर निकाय, जिला पंचायत तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### दस हजार का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गोवध अधिनियम में वांछित 10 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कल थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर मु0अ0सं0-307/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम में वांछित 10 हजार रूपये का इनामियां अभियुक्त इकराम पुत्र मोहर्रम अली निवासी कैम्पल रोड एक मिनारा मस्जिद थाना ठाकुरगंज जनपद लखनऊ मूल निवासी ग्राम भयारा थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।अभियुक्त का एक गैंग है, जो गोवध जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त है। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

### भाकियू भानू गुट की मासिक बैठक आयोजित



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक बैठक आज मसौली ब्लाक मुख्यालय पर आहूत की गई । जिसमें किसानों के विभिन्न मुद्दों को लेकर मसौली ब्लाक अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है जिसमें मसौली ब्लाक अंतर्गत कई पंचायतों की समस्या और पूर्व में दिए गए ज्ञापन के निस्तारण न होने पर किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त रहा साथ ही भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया है वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत अमदहा में विकास कार्य को लेकर तमाम फर्जी निकासी व प्रधान पति द्वारा 2021-22 में 100 दिन मनरेगा में कार्य करने और 514831 कार्य ना दर्शाकर पीओब्लू के नाम पर फर्जी वाड़ा बिल भरकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर बंदर बाट किया है जिसकी सघनता व सक्रिय जांच किए जाने की मांग की हैद्य जिसको लेकर किसान नेता बोले लापरवाही हुई तो बड़े आंदोलन की होगी तैयारी जिससे दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जिला अधिकारी बाराबंकी को ज्ञापन सौंपा दिया है वहीं दूसरी तरफ मोहम्मद शमीम को मसौली ब्लाक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही कई कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण किया,बैठक में मुख्य अतिथि रूप से युवा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव बबलू, जिला अध्यक्ष राधे रमण वर्मा ,मंडल अध्यक्ष छात्र संघ आशीष यादव, ब्लॉक प्रभारी मोहम्मद नासिर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सलाहुद्दीन अंसारी , महिला ब्लॉक अध्यक्ष गुड़िया रावत आदि भारी संख्या में किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### नवागत एडीओ का हुआ स्वागत



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**नवागत सहायक विकास अधिकारी पंचायत विजय कुमार सैनी से सोमवार को सफाई कर्मचारी संघ की प्रतिनिधियों द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई और गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष कौशल किशोर, मंत्री मो0अतहर,उपाध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष गौरीशंकर, राजेश मौर्य ,सरजू , साजिद हसन, राम किशोर, बद्री विशाल, संतोष कुमार, रानू शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष स्वामी दयाल, मोहित कुमार अन्य साथी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मेधावियों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।**तहसील मुख्यालय स्थित प्रकाश इंटर कॉलेज में सोमवार को विद्यालय के प्रबंधक आरपी यादव एवं संरक्षक पंकज यादव द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रधान संतोष शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी, व्यापारी नेता राजकुमार सोनी एवं मोहित सोनी ने सील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर एवं माल्यार्पण कर उनका उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर गणित विषय में अपने छात्र को शत प्रतिशत अंक दिलाने वाले वरिष्ठ शिक्षक ललित मिश्रा एवं अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया ।। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में हाई स्कूल के छात्र अतुल यादव ,कृष्णा शुक्ला, प्रांशी, कुलदीप, अतुल कुमार,शिवओम,खुशबू,मुस्कान, सुहेल परवीन,विकास मिश्रा,वर्षा रावत, प्रांजल गुप्ता,साक्षी तथा इंटर मीडिएट परीक्षा में लाखन पाल,महक,अमित कुमार,समृद्धि तिवारी,राज नीर,प्रांजल श्रीवास्तव,अंजली पाठक,मधु यादव,मानसी,अलसमीरा बानो पारुल साहू,शिवानी यादव,राधा सिंह,निधि यादव,आकाशत्रिवेदी, अनुराग सिंह, रिंकू मिश्रा आदि शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल एक और युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।बांदा बहराइच मार्ग पर बीते शुक्रवार की रात कार एवं डीसीएम की भिड़ंत में घायल एक अन्य युवक की ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव के गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शव का पैत्रक बाग में अंतिम संस्कार कर दिया गया।उल्लेखनीय है कि गत 30 अप्रैल को छुट्टी पर आए कोतवाली हैदरगढ़ के पोखरा गांव निवासी फौजी प्रदीप मौर्य पुत्र संत सरन से बर्थडे पार्टी लेने के लिए गांव के ही चार अन्य युवक फौजी की टाटा पंच कार से बीते शुक्रवार की रात बछरावां की तरफ जा रहे थे कि तभी रात्रि लगभग 11 बजे जब उनकी कार कोतवाली क्षेत्र के ही दीवानगंज मजरे पोखरा गांव के निकट पहुंची तभी बाबा ढाबा की ओर मुड़ रही डीसीएम से टकराकर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी थीं और कार चला रहे राजनाथ बउवा पुत्र अनिल की मौत हो गई थी।

# डीएम ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज शहर में विकास भवन के समीप उज्जवल नगर में स्थापित सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं जैसे चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, विधिक परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहायता तथा आश्रय सेवाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में निवास कर रही महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने आवश्यकतानुसार एक और सेंटर खोलने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश संबंधित को दिए।जिलाधिकारी ने केंद्र की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रख-रखाव, कार्यरत स्टाफ की उपस्थिति तथा सेवा की तत्परता की भी गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध एवं मानवीय ढंग से सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि ÷सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान है, जहां उन्हें संकट की घड़ी में एक ही छत के नीचे समस्त आवश्यक सेवाएं मिलती हैं। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केंद्र में नियमित रूप से निगरानी रखें एवं सुधारात्मक उपायों को शीघ्र अमल में लाएं। उन्होंने जनसामान्य से भी अपील की कि महिलाएं संकट की स्थिति में संकोच न करें और सखी सेंटर से सहायता प्राप्त करें। इस दौरान केंद्र प्रभारी ने बताया कि इस केंद्र पर वन स्टॉप सेन्टर महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बर 181 व महिला सहायता हेल्पलाइन नंबर 1090 जो थानों के माध्यम से प्राप्त होती है समस्याग्रस्त महिलाओ की हर हरसंभव मदद की जाती है। इसी प्रकार चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 पर आने वाली शिकायतो में (0-18 वर्ष) तक के बच्चो की मदद की जाती है।निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस तेजस के0, प्रभारी वन स्टॉप सेंटर, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यभार ग्रहण करके जल निकासी की समस्या देखने पहुंचे एसडीएम



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** रामनगर तहसील के नवागत उप जिलाधिकारी विवेकशील ने सोमवार को तहसील पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद वह नगर पंचायत एवं राजस्व कर्मियों की टीम के साथ जल निकासी की समस्या देखने मौके पर पहुंचे इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता राजेश वर्मा नगर पंचायत के अवर अभियंता अभिषेक पाल मौजूद रहे। उल्लेखनीय हैं कि शनिवार को रामनगर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें जिलाधिकारी की मौजूदगी में राजस्व कर्मियों की तमाम शिकायतें आईं थी चक मार्गो पर अवैध कब्जा न हटवाने धारा 24 के तहत आदेश होने के बावजूद पैमाइश न करने के मामलों पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को फटकार लगाई थी और प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा तमाम फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दर्ज करने के समय देने वाली रसीद न दिए जाने की भी आरोप लगाया था इसके अलावा कस्बा रामनगर के सैकड़ो लोगों जिलाधिकारी को रोककर जल निकासी की समस्या बताई थी।

# राम केवल ने जो मुकाम हासिल किया है वह गांव और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा : गोप



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मेहनत और लगन से हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है बस अपने सपनों पर भरोसा होना चाहिए कठिनाइयों को चुनौती मानकर राम केवल ने जो मुकाम हासिल किया है उससे वह गांव और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा बन गया है।उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा दरियाबाद के ग्राम निजामपुर मजरे अहमदपुर का आजादी के बाद गांव से पहली बार हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और जनपद का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र राम केवल पुत्र जगदीश प्रसाद का आज सिविल लाइन आवास पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में छात्र राम केवल एवं छात्र के माता-पिता का माला अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान करते हुए छात्र राम केवल को साइकिल भेंट कर छात्र का उत्सवर्धन करते हुए छात्र रामकेवल की आगे की पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी द्वारा कराए जाने का वचन देते हुए छात्र एवं उसके माता-पिता को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, नसीम कुरैशी, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद यादव, आदिल काजमी, सहित तमाम प्रधान बीडीसी एवं गणमान्य लोगों ने छात्र रामकेवल को शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की।

# एसपी ने किया थाने का आकस्मिक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत जैदपुर बाराबंकी** । रविवार की देर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय ने थाना सफदरगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर मेस,बैरक व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना कार्यालयों में रखे अभिलेखों को चेक कर अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव एवं लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क को आगन्तुक/शिकायत रजिस्टर पर प्राथमिकता के आधार पर फरियादियों की शिकायत सुनकर/प्रविष्टि कर प्रकरणों में विशेष रूचि लेकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक ने सी सी टी एन एस पोर्टल, सीएम हेल्प लाइन व ऑनलाइन जन सेवाओं में सभी ऑनलाइन प्रविष्टियां का बारीकी से निरीक्षण करते हुए लम्बित शिकायती प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया एवं अपराधियों पर सतत निगरानी हेतु पुलिस कर्मियों की बीट बुक का अवलोकन कर एचएस, टाप-10 व विगत 03 वर्षों में जेल से छूटे अपराधियों आदि का चौकी/हल्कावार लिस्ट बनाकर निगरानी रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया । पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रों के नियमित रूप से साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित करते हुए थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों को सजग रहकर क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंच कर निष्पक्ष रूप से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कहा ।

# सड़क दुर्घटना में 32 वर्षीय युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के हैदरगढ़ बछरांवा मार्ग पर बाबा का पुरवा गांव के समीप सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। रात लगभग सवा नौ बजे बारिश के बीच राहगीरों ने सड़क के किनारे एक युवक को लहूलुहान पड़ा देखा। उसके पास में ही एक बाइक पड़ी देखी। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल हो इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आई। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मृतक कोतवाली क्षेत्र के ही सरांय निरहू मजरे बेहटा गांव का निवासी मोहित पाल 30 वर्ष है।बताया कि मृतक के विषय में विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है।

# गोकुल की मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी** ।स्थानीय कोतवाली अंतर्गत पेचरुवा गांव निवासी गोकुल रावत की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर गांव निवासी एक आरोपी सहित चार ज्ञात व 2 अज्ञात लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ज्ञातव्य हो कि गत शनिवार की शाम कोतवाली हैदरगढ़ के पेचरूवा गांव निवासी कबीर दास के बेटे रामसेवक की बारात कोतवाली क्षेत्र के ही भिखारा गाँव निवासी बाबू रावत के यहां गयी थी जहां पर द्वार पूजा के दौरान पेचरूवा निवासी गोकुल पुत्र शिवराम रावत पर कुछ लोगों ने लाठी डंडो से प्राण घातक हमला बोलकर लहूलुहान कर दिया था और बचाने के लिए आगे आए लोगों को भी मारा पीटा था। बारात में शामिल परिचितों द्वारा गोकुल को घटना के तत्काल बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया था जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटों के कारण डॉक्टर द्वारा गंभीर अवस्था में उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। जहां पर उपचार के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक गोकुल के पिता शिवराम पुत्र पूर्णमासी ने अपने ही गांव के निवासी बाबूलाल पर एक षड्यंत्र के तहत अपने रिश्तेदारों थाना सुबेहा के मोहम्मदपुर गांव निवासी उमाशंकर व शंकर पुत्र गण रतीपाल,कुलदीप पुत्र पर्चई, आनंदे पुत्र राजाराम तथा दो अन्य अज्ञात लोगों को मारपीट करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। कहा कि इसके बाद ही उनके पुत्र गोकुल पर लाठी डंडों से हमला करने के बाद द्वारपूजा स्थल के निकट स्थित कुएं पर रखी बल्ली से सिर पर वार करके बुरी तरह लहूलुहान कर दिया था ।

### अधिवक्ता नवीन रस्तोगी के समर्थन में उतरा सरदार बेअंत सिंह एसोसिएट्स

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद पर उपविजेता रहे अधिवक्ता नवीन कुमार रस्तोगी के समर्थन में सरदार बेअंत सिंह एसोसिएट्स चुनावी मैदान में उतर चुका है। विदित हो कि पिछले वर्ष के जिला बार चुनाव में संयुक्त मंत्री प्रकाशन पद के उम्मीदवार नवीन कुमार रस्तोगी कांटे की टक्कर में महज एक वोट से उपविजेता रहे थे। इस बार पिछले साल की कमी को पूरी करने के लिए सरदार बेअंत सिंह एसोसिएट्स के नेतृत्व में सीनियर अधिवक्ता राजा सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद महमूद किदवई, वरिष्ठ अधिवक्ता खुशीराम यादव, अधिवक्ता सरदार राजा सिंह, अधिवक्ता अजय यादव, अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव 'हैप्पी', अधिवक्ता रोहित निगम, अधिवक्ता दानिश सिद्दीकी, अधिवक्ता प्रकाश शुक्ला,पक्ष में वोट मांगे।

# आम मुसलमान के लिए वक्फ कानून मील का पत्थर : गोविंद नारायण

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। यह कानून वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाएगा और भ्रष्टाचार को रोकेगा। इससे आम मुसलमानों और महिलाओं को लाभ होगा। उन्होंने इसे वक्त की जरूरत बताते हुए वक्फ कानून के फायदे समझाए।भाजपा महामंत्री सोमवार को मैलाराय गंज स्थित इरम डिग्री कॉलेज में वक्फ संशोधन कानून पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि इस कानून से वक्फ की जमीनों को चंद लोगों के चंगुल से मुक्ति मिलेगी।कहा, वर्षों से वक्फ की संपत्तियों का दुरुपयोग हो रहा था। गरीब मुसलमानों को वक्फ संपत्तियों का कोई लाभ नहीं मिल रहा था।कहा कि इस कानून से आम मुसलमान, गरीब मुसलमान, पसमंदा, मुस्लिम महिलाएं, विधवा महिलाएं सबको फायदा होने वाला है। यह सबकी भागीदारी के साथ सबकी बेहतरी का कानून है। वक्फ की जमीनों पर अच्छे स्कूल, अस्पताल, अनाथालय और कई अन्य काम किए जा सकते हैं, जिसका फायदा गरीबों को मिलेगा। इसके अलावा इन जमीनों से राजस्व बढ़ाकर इसका इस्तेमाल आम मुस्लिमों की बेहतरी के लिए किया जा सकता है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नईम ने कहा कि आम मुस्लिम समाज को मोदी की गारंटी पर भरोसा है।मोदी सरकार वोट के लिए फैसले नहीं करती।मोदी के हर फैसले में यह दृष्टिकोण होता है कि इससे कौम का या आम नागरिकों का और देश का क्या फायदा होगा। हर फैसले के पीछे देश के करोड़ों लोगों का हित छिपा होता है।मोदी सरकार द्वारा मुस्लिम समाज के हित में किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा देश में मुस्लिम आबादी लगभग 15 प्रतिशत है,जबकि मुफ्त राशन योजना में 33 प्रतिशत,उज्जवला योजना में 37 प्रतिशत और आयुष्मान योजना का लगभग 40 प्रतिशत लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है।उन्होंने भाजपा और उसकी नीतियों पर भरोसा करने का आह्वान किया।उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से विपक्ष के बहकावे में न आने का आह्वान किया।जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। डीडीसी मोहम्मद शहंशाह ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत,पूर्व विधायक शरद अवस्थी,संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, आमिर अली,जैनुलआब्दीन ,पवन सिंह रिंकू,गुरुशरण लोधी, संतोष पाण्डेय, बलवंत प्रजापति व अमित पांडे मौजूद रहे।

# हैदराबाद की प्लेऑफ उम्मीदों पर पानी फिरा

## दिल्ली के खिलाफ मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा, दोनों टीमों को एक-एक अंक

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2025 का 55वां मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 133 रन ही बनाए। जिसके जवाब में बारिश के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बल्लेबाजी नहीं कर पाई और मैच को रद्द घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही हैदराबाद की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। करुण नायर खाता नहीं खोल पाए। फाफ डुप्लेसी ने तीन रन बनाए। वहीं अभिषेक पोरेल 10 गेंद में 8 रन ही बना पाए। ये तीनों विकेट पैट कमिंस ने झटके। कप्तान अक्षर पटेल ने 7 गेंद में 6 रन बनाए। केएल राहुल 10 और विपरज 18 रन बनाकर आउट हुए। आशुतोष ने आते ही अंसारी पर दो छक्के लगाए और फिर हर्षल पर लगातार दो चौकों के साथ 17वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। स्टब्स ने 18वें ओवर में ईशान मलिंगा पर दो चौके मारे। आशुतोष ने अगले ओवर में हर्षल पर छक्का जड़ा लेकिन अंतिम ओवर में मलिंगा का शिकार बने। जयदेव उनादकट ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। ईशान मलिंगा और हर्षल पटेल ने भी एक-एक विकेट अपने नाम किया।



### पैट कमिंस ने बरपाया कहर, करुण नायर के नाम हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड

आईपीएल 2025 के 55वें मैच में पैट कमिंस ने दिल्ली कैपिटल्स पर कहर बरपाया। कमिंस ने 3 ओवर में 3 विकेट लिए। इसका नतीजा हुआ कि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल 5वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आ गए। कमिंस ने मैच की पहली ही गेंद पर विकेट झटका। उन्होंने करुण नायर को पहली ही गेंद पर पवेलियन भेजा। पैट कमिंस मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के चौथे खिलाड़ी बने। उनसे पहले ये कारनामा भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी कर चुके हैं। शमी ने आईपीएल 2025 में ही चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर शेख रशीद को पहली गेंद पर पवेलियन भेजा था। भुवनेश्वर कुमार ने 2023 में पंजाब किंग्स के ओपनर प्रभसिमरन सिंह को पहली गेंद पर पवेलियन भेजा था। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे पहले ये कारनामा जग्दीश सुचित ने किया था। उन्होंने 2022 में आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को आउट किया था। पैट कमिंस ने पावरप्ले में ही 3 ओवर कर दिए। उन्होंने 12 रन देकर 3 विकेट लिए। करुण नायर के बाद उन्होंने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर फाफ डुप्लेसिस को पवेलियन भेजा। उन्होंने 3 रन बनाए। कमिंस ने 5वें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक पोरेल को पवेलियन भेजा। तीनों ही बल्लेबाजों का कैच विकेटकीपर इशान किशन ने पकड़ा।

# टी20 और वनडे रैंकिंग में भारत का जलवा बरकरार, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में अव्वल

### आईसीसी वार्षिक पुरुष रैंकिंग



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को वार्षिक पुरुष रैंकिंग जारी कर दी। इसमें भारत ने सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखा है जबकि ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। हालांकि, भारतीय टीम को टेस्ट रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब टीम चौथे स्थान पर खिसक गई है।

नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी की उपविजेता न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है जबकि कंगारू तीसरे पायदान पर पहुंच गए।

श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की जीत भी शामिल है। इससे श्रीलंका पांच रेटिंग अंकों का फायदा लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उसने पाकिस्तान (एक अंक के लाभ के साथ पांचवें) और दक्षिण अफ्रीका (चार अंक के नुकसान के साथ छठे) को पीछे छोड़ दिया। अफगानिस्तान चार अंकों के सुधार के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गया जबकि पूर्व विश्व चैंपियन इंग्लैंड चार अंक खोने के बाद आठवें स्थान पर आ गया। वेस्टइंडीज पांच अंक हासिल करके नौवें स्थान पर पहुंच गया। बांग्लादेश चार अंकों की गिरावट के साथ 10वें स्थान पर खिसक गया है।

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे का नंबर आता है।

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमश॰ तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं। आयरलैंड को रैंकिंग हासिल करने के लिए अगले 12 महीनों में एक और टेस्ट खेलना होगा, जबकि अफगानिस्तान को सूची में शामिल होने के लिए तीन और मैच खेलने होंगे।

# मोहम्मद शमी को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** पहले टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और अब तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। सोमवार को शमी को एक ईमेल आया जिसमें उनसे एक करोड़ की डिमांड की है और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। तेज गेंदबाज शमी इस समय आईपीएल खेल रहे हैं और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का हिस्सा हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईमेल में कहा गया है कि अगर मांगी हुई राशि नहीं मिलती है तो शमी को मार दिया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, शमी के भाई मोहम्मद हसीब ने ईमेल देखने के बाद अमरोहा के एसपी को इस बारे में सूचना दी है। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है और सख्त एक्शन लेने के लिए कहा है। ईमेल बीते रविवार को आया है। वहीं अमरोह पुलिस द्वारा साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई गई है। शमी के भाई ने बताया है कि ये मेल रविवार को दोपहर 2-3 बजे के आसपास आया और उन्होंने तुरंत अमरोह पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस फिलहाल भारतीय तेज गेंदबाज को ईमेल के जरिए भेजी गई धमकी के मामले की जांच कर रही है।

# हार्दिक पंड्या से बदला लेगी उनकी पुरानी टीम, मुंबई और गुजरात में किसका पलड़ा भारी?

नई दिल्ली॰ प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा. ये लड़ाई शानदार फॉर्म में चल रहे गुजरात के टॉप ऑर्डर और मुंबई इंडियंस की धारदार बॉलिंग अटैक के बीच है. वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से मुकाबला खेला जाएगा। सभी टीमों में बेस्ट नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेऑफ में प्रवेश कर सके. पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं।

चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं. जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं. शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दो मैच और जीतने हैं। तीन सीजन पहले हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात ने डेब्यू के साथ आईपीएल खिताब जीता था. वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं, जिसने बेहद औसत शुरुआत के बाद वापसी की है. हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं. रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं. रियान रिकेलटन (334 रन ) धीमी शुरूआत के बाद लय पकड़ चुके हैं. तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं. गुजरात के प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट लेकर परपल कैप पहन चुके हैं जबकि मोहम्मद सिराज ने 14 और आर साइ किशोर ने 12 विकेट लिए हैं।

**मुंबई इंडियंस:** सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपली, लिजाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 0 | +0.482 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 1 | +0.376 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 0 | +1.274 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 0 | +0.867 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 1 | +0.362 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 1 | +0.249 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 0 | -0.469 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 1 | -1.192 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 0 | -0.718 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 0 | -1.117 | 4 |

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी सेंसेक्स-निफ्टी इस साल के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था।



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी के लिए भी यह वर्ष 2025 का अब तक का सबसे ऊंचा बंद स्तर है। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयर में सर्वाधिक 6.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। यह तेजी रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों के मिलने की खबरों के बीच आई। अदाणी समूह की अन्य सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के इस बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है।

इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,769.81 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। अनुकूल वैश्विक संकेतों और मजबूत घरेलू बुनियादी आंकड़ों के बीच विदेशी निवेशकों ने अप्रैल महीने में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध रूप से 4,223 करोड़ रुपये डाले हैं और तीन माह बाद वे पहली बार शुद्ध लिवाल बने हैं। इसके पहले इस साल मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की लगातार शुद्ध निकासी देखी गई थी।

# सोना 550 रुपये बढ़कर 97,350 पर पहुंचा, चांदी में 400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में सोमवार को 550 रुपये की जोरदार बढ़त देखने को मिली, जिससे इसका भाव 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया. वहीं दूसरी ओर चांदी के भाव में 400 रुपये की गिरावट आई और इसका रेट 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया. सोने में आई इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले डॉलर में कमजोरी जैसी वजहें मानी जा रही हैं.



**अंतरराष्ट्रीय बाजार से मिला सपोर्ट:** ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक 99.9 परसेंट प्योरिटी वाला सोना शुक्रवार को 96,800 रुपये पर बंद हुआ था, जबकि सोमवार को यह 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये पर पहुंच गया. वहीं, 99.5 प्रतिशत प्योरिटी वाला सोना भी 550 रुपये की तेजी के साथ 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जून वायदा सोना 1,663 रुपये की छलांग लगाकर 94,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड 1.43 प्रतिशत बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया. कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने बताया, डॉलर में नरमी और अमेरिकी फेड की दो दिवसीय एफओएमसी बैठक से पहले बाजार में सतर्क रुख है. इसके अलावा, अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक अनिश्चितता भी निवेशकों को सुरक्षित विकल्प यानी गोल्ड की ओर मोड़ रही है.

**रेपो रेट कट की उम्मीद से सोने में उछाल :** एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने बताया, ÷सोने की कीमतों में यह उछाल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद और डॉलर में कमजोरी की वजह से आया है. कॉमेक्स गोल्ड में 12.05 डॉलर की बढ़त देखी गई और यह 3,307 डॉलर पर पहुंच गया. वहीं एमसीएक्स गोल्ड 1,650 रुपये बढ़कर 94,350 रुपये पर ट्रेड करता दिखा।

उनका मानना है कि बाजार में जोखिम से बचाव के चलते सोने में निवेश बढ़ा है. फेड चेयर पॉवेल और अमेरिकी राष्टपति ट्रंप के बीच ब्याज दरों को लेकर हालिया मतभेदों के बाद निवेशक अब फेड की नीति पर नजरें टिकाए हुए हैं. अगर फेड नरम रुख अपनाता है या दरों में कटौती करता है, तो सोना और तेजी पकड़ सकता है. वहीं, सख्त रुख अपनाने पर बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है।

# रेपो रेट में 1.25-1.50 प्रतिशत तक की हो सकती है कटौती

**नई दिल्ली।** लगातार कम होती महंगाई के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों को आक्रामक रूप से कम कर सकता है। साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को मार्च 2026 तक न्यूट्रल' से हटाकर और नरम किया जा सकता है। सोमवार को जारी हुई एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि बेस्ट केस सिनेरियो में अगर महंगाई दर 3 प्रतिशत के नीचे लगातार तीन महीने तक रहती है तो रेपो रेट में संचयी तौर पर 1.25 प्रतिशत से लेकर 1.50 प्रतिशत की कटौती वित्त वर्ष 26 तक देखने को मिल सकती है।




एसबीआई की रिपोर्ट में बताया गया, मार्च में महंगाई कई वर्षों के न्यूनतम स्तर पर थी और आगे भी महंगाई के कम रहने की उम्मीद है। हम जून और अगस्त (पहली छमाही) में रेपो रेट में 0.75 प्रतिशत और दूसरी छमाही में 0.50 प्रतिशत की कमी की उम्मीद कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, मार्च 2026 तक रेपो रेट 5 से 5.25 प्रतिशत तक आ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि 0.25 प्रतिशत की छोटी कटौती की अपेक्षा 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती अधिक प्रभावशाली होगी।

केंद्रीय बैंक ने फरवरी 2025 में रेपो रेट में कटौती करना शुरू किया था, तब से आरबीआई ब्याज दरों को 0.50 प्रतिशत घटा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में बैंक जमा दरों में मौजूदा स्तरों से एक प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है। घरेलू महंगाई दर वर्तमान में आरबीआई के टारगेट 2-6 प्रतिशत के दायरे में है, जबकि उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर औसत महंगाई दर 4.7 प्रतिशत है।

एसबीआई रिसर्च ने आगे कहा कि उसे उम्मीद है कि 2025 तक डॉलर के खिलाफ रुपया 85-87 के दायरे में स्थिर रह सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि डॉलर पर टैरिफ का घरेलू प्रभाव 2025 में दिखाई देगा, जिससे रुपये को सपोर्ट मिलेगा। इसके अलावा, डीएक्सवाई में गिरावट आने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिकी घरेलू अर्थव्यवस्था टैरिफ प्रभाव को समायोजित करेगी।

# सरकारी खनन कंपनी का रिकॉर्ड प्रदर्शन अप्रैल में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने अप्रैल में रिकॉर्ड उत्पादन किया है और उसके लौह अयस्क उत्पादन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बिक्री में 3 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। एनएमडीसी ने बयान में कहा कि कंपनी ने अप्रैल में 4 मिलियन टन (एमएनटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया है, जो कि पिछले साल समान अवधि के आंकड़े 3.48 एमएनटी से 15 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही बीते महीने एनएमडीसी की लौह अयस्क की बिक्री 3.63 एमएनटी रही है, जो कि अप्रैल 2024 की 3.53 एमएनटी की बिक्री से 3 प्रतिशत अधिक है।

कंपनी का पेलेट उत्पादन 0.23 लाख टन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2018 में अप्रैल के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।

कंपनी के शानदार प्रदर्शन पर एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा, अप्रैल में हमारा रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन, साथ ही हमारी प्रमुख लौह अयस्क खदानों किरंदुल, बचेली और दोणिमलाई से पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमश॰ 12 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 88 प्रतिशत की वृद्धि ने हमारी अग्रणी स्थिति को मजबूत किया है और 2030 तक 100 मीट्रिक टन खनन कंपनी बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। स्टील मंत्रालय के तहत आने वाली एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी है। लौह अयस्क एक महत्वपूर्ण खनिज होता है और इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से स्टील बनाने में किया जाता है और इसे दुनियाभर में स्टील के उत्पादन का आधार माना जाता है। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी से अलग हुई कंपनी एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने कहा कि अप्रैल में कंपनी के हॉट मेटल उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर्ज की है और उत्पादन बढ़कर 2,30,111 टन हो गया है जो मार्च में 2,11,978 टन था।

# रुपया 27 पैसे मजबूत होकर 84.30 प्रति डॉलर पर बंद

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को 27 पैसे मजबूत होकर 84.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शेयर बाजार में मजबूत निवेश प्रवाह भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि को दर्शाता है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितताओं ने रुपये के लाभ को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.45 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.10 के दिन के ऊपरी और 84.47 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 84.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 27 पैसे की तेजी को दर्शाता है। शुक्रवार को रुपया उतार-चढ़ाव के बीच सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन अंत में यह तीन पैसे की गिरावट के साथ 84.57 डॉलर प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 2.95 प्रतिशत बढ़कर 22.87 लाख

**नई दिल्ली।** देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री इस साल अप्रैल में मामूली 2.95 प्रतिशत बढ़कर 22,87,952 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी है। फाडा ने कहा कि चैत्र नवरात्रि, अक्षय तृतीया, बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु के आसपास ग्राहकों द्वारा खरीदारी पूरी करने से अप्रैल का अंत सकारात्मक रुख के साथ हुआ।

अप्रैल, 2024 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 22,22,463 इकाई रही थी। फाडा ने कहा कि वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) को छोड़कर सभी श्रेणियों में अप्रैल में बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन और ट्रैक्टर बिक्री में क्रमशः 2.25 प्रतिशत, 24.5 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

वहीं वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री एक प्रतिशत घट गई। अप्रैल में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 16,86,774 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 16,49,591 इकाई रही थी। इस तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री में 2.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। समीक्षाधीन महीने में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 3,49,939 इकाई रही, जबकि अप्रैल, 2024 में यह आंकड़ा 3,44,594 इकाई रहा था। इस तरह यात्री वाहनों की बिक्री 1.55 प्रतिशत बढ़ी। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा, ''शुल्क युद्ध थमने के साथ शेयर बाजारों में सुधार हुआ है। ऐसे में निवेशकों की चिंता कम हुई है। इस तरह ग्राहकों ने चैत्र नवरात्रि, अक्षय तृतीया, बंगाली नव वर्ष, बैसाखी और विशु का लाभ उठाकर खरीदारी पूरी की, जिससे अप्रैल का आंकड़ा सकारात्मक रहा।'' पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 1.05 प्रतिशत घटकर 90,558 इकाई रह गई, जबकि अप्रैल, 2024 में यह 91,516 इकाई रही थी। दूसरी ओर, ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री 7.56 प्रतिशत बढ़कर 60,915 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 56,635 इकाई थी।

# विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ व्यापारी वर्ग आंदोलित

**बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और नियम कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग कर रहे व्यापारी**

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** भारतीय बाजार में विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के बढ़ते दखल के कारण परंपरागत बाजार व्यवस्था को हो रहे नुकसान और दुकानदारों के सामने दिख रहे रोजी-रोटी के संकट को लेकर देश का व्यापारी वर्ग अब बेहद आक्रोशित और आंदोलित दिखाई पड़ रहा है। खास तौर से जिस प्रकार इन ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा विदेशी निवेश यानी एफ्डीआई के दम पर भारी-भरकम छूट की घोषणाएं की जाती हैं और कथित अनैतिक व अवैध ही नहीं बल्कि कई बार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के तय मानकों से अलग अनुचित व्यापार प्रथाओं का अनुपालन किया जाता है उसके खिलाफ अब देश भर के व्यापारियों ने एकजुट व संगठित होकर बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आंदोलन खड़ा करने का मन बना लिया है। इसी सिलसिले में देश के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े व्यापारी संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट ने आगामी 16 से 18 मई के बीच नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में चिंतन षिविर और राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर निर्णायक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा और रणनीति तय करने का ऐलान किया है। कैट का आरोप है कि ये कंपनियां एफडीआई की नीतियों का दुरुपयोग कर रही हैं क्योंकि देश में आधारभूत ढांचा खड़ा करने के बजाय चुनिंदा विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने और भारी छूट देकर बाजार को असंतुलित करने के लिए एफडीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे लाखों व्यापारी हाशिए पर चले गए हैं। कैट का कहना है कि भले ही उपभोक्ताओं को पहली नजर में भारी छूट और तेज डिलीवरी आकर्षक लग सकती है लेकिन इसका दूरगामी असर खतरनाक होगा क्योंकि बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म होते ही उपभोक्ताओं के पास विकल्प सीमित हो जाएंगे और तब कीमतें मनमर्जी से तय की जाएंगी। साथ ही कैट की मानें तो ये कंपनियां मूल्य निर्धारण में भी पारदर्शिता नहीं रखतीं और उपभोक्ताओं से कई महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाती हैं।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह आंदोलन भारत के खुदरा व्यापार को बचाने की अंतिम लड़ाई है। उन्होंने बताया कि 16 मई को नई दिल्ली में एक दिवसीय सम्मेलन होगा जिसमें देशभर से आए 100 से अधिक शीर्ष व्यापारी नेता भाग लेंगे। इसके बाद 17-18 मई को वृंदावन में चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें इन कंपनियों के खिलाफ500 से अधिक शहरों में किए जाने वाले आंदोलनों की रणनीति तय की जाएगी। इस सम्मेलन का मकसद अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी, इंस्टामार्ट और जेप्टो सरीखी विदेशी निवेश से संचालित ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक और अवैध व्यापार प्रथाओं के खिलाफ एक संगठित और प्रभावी राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति तय करना है। कैट के चेयरमैन बृज मोहन अग्रवाल ने बताया कि इस चिंतन शिविर में आंदोलन के तौर-तरीकों से लेकर सरकार से की जाने वाली मांगों तक की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने इन कंपनियों की तुलना औपनिवेशिक काल की ईस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को समाप्त कर बाजार पर एकाधिकार स्थापित करना है। कैट का दावा है कि देशभर में मौजूद 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका इन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की नीतियों से गंभीर खतरे में पड़ गई है। खास तौर से डार्क स्टोर्स जैसे मॉडल भारतीय एफडीआई नियमों का सरासर उल्लंघन कर रहे हैं। कैट के मुताकि भारत की ई-कॉमर्स नीति के अनुसार विदेशी निवेशित ई-कॉमर्स कंपनियां इन्वेंट्री नहीं रख सकतीं और न ही खुदरा बिक्री कर सकती हैं लेकिन कथित रूप से इन नियमों की अनदेखी हो रही है जिस पर श्वेत पत्र देने के बाद भी सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के बाद अब आंदोलन खड़ा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

# गरेर जंगल में लगी आग, वनकर्मियों ने पाया काबू



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के हलिया कम्पार्ट नंबर पांच गरेर जंगल में रविवार कि देर शाम अज्ञात कारणों से जंगल में आग लग गई। आग धीरे धीरे आगे बढ गई और पेड़ पौधों को अपने आगोश में लेती चली गई।

आग कि लपटे जंगल कि तरफसे उठता हुआ देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनक्षेत्रधिकारी अवध नारायण मिश्रा को दिया वन क्षेत्रधिकारी कि सूचना पर मौके पर पहुँचे वन्यजीव रक्षक शीतला बक्स सिंह अंकुर शुक्ला संदीप ने गरेर जंगल में लगी आग पर काफी अथक प्रयास के बाद रात्रि में काबू पा लिया।

गरेर जंगल में लगी आग करीब पांच बीघे के दायरे में फैल गई थी हल्का कि आग से झाड झंखाड़ ही जला है आग कि लपटे से पेड़ पौधे भी झूलस गए है। वनकर्मियों कि तत्परता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया नहीं तो आग से जंगल जलकर राख हो जाता। इस संबंध में वनक्षेत्रधिकारी अवध नारायण मिश्रा ने बताया कि हलिया कम्पार्ट नंबर पांच गरेर जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग पर वनकर्मियों ने अथक प्रयास के बाद काबू पा लिया है। जंगल में आग किन परिस्थितियों में लगी है मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है। सम्भवतः आग राहगीरों द्वारा बीड़ी सिगरेट पीकर फेंक दिए जाने के कारण लगी होगी। राहगीरों से अपील है कि जंगल में बीड़ी सिगरेट पीकर ना फेंके।

# कागज पर चल रहा सोनगढ़ा पोस्ट ऑफिस का कार्य

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के दक्षिणांचल में मिर्जापुर जनपद के दक्षिणी सीमा पर लगभग 70 किलोमीटर दूर मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित सोनगढ़ा पोस्ट ऑफिस का काम लगभग दो वर्षों से कागज पर चल रहा है। रजिस्टर्ड कागजात लोगों तक नहीं पहुंचने सहित खाता धारक परेशान हैं लोगों का कहना है कि जनपद के आति दक्षिणांचल में सोनगढ़ा पोस्ट ऑफिस के अधीनस्थ दर्जनों गांव आते हैं जिसमें राजपुर, बेलगवा, सिंदूराह, बढ़वार ,पवारी खुर्द, डिभोर ,भगतवा आदि गांव के लोगों को पोस्ट ऑफिस से कोई सुविधा न मिलने के कारण परेशान हैं पता ही नहीं है कि कहां किस स्थल पर पोस्ट ऑफिस कायम है। ऐसी स्थिति में अति पिछड़े क्षेत्र में पोस्ट ऑफिस कर्मियों के द्वारा लापरवाही किए जाने तथा उनके द्वारा कार्यों की जिम्मेदारी न बरतने पर ग्रामीणों में आक्रोश है।स्थिति में संबंधित कर्मचारियों द्वारा मनमानी किया जा रहा है। स्थानीय निवासी शंकर लाल,प्रशान्त कुमार,अमृत लाल का कहना है कि रजिस्टर्ड पत्र भी नहीं मिल पा रहा है। पोस्ट ऑफिस न खोलने के कारण रजिस्टर्ड कागजात पैसे का लेनदेन आदि बाधित है पता चलता है कि सोनगढ़ा में पोस्ट ऑफिस है लेकिन वह भी कागज पर चल रहा है ऐसी स्थिति में ग्रामीणों का कहना है कि इसकी गंभीरता पूर्वक जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाए नहीं तो हम लोग स्थानीय ग्रामीण जिला अधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे।

# पोल से टकराकर बाइक सवार घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भटवारी गांव में सोमवार कि शाम बाइक सवार युवक पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के नदना खभवा गांव निवासी 42 वर्षीय सुरेश कोल बाइक से हलिया बाजार कि तरफसे घर कि तरफलौट रहा था कि जैसे ही भटवारी गांव में पहुंचा था कि पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद बाइक सवार युवक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि बाइक सवार युवक पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल होकर एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए आया था प्राथमिक उपचार के बाद युवक कि हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है।

# शिव पार्वती की मूर्ति को अराजक तत्वों ने तोड़ा, पुलिस जांच में जुटी



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलाही के रइया बांध पहडी स्थित सुप्रसिद्ध भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की मंदिर में बीती रात अराजकतत्वों द्वारा मंदिर का कपाट तोड़कर मुर्तियों को तोड़कर फेंक दिया गया। सुबह पुजारी शिव नारायण अग्रहरी पुजा करने गया तो सभी मुर्तियां टुटी क्षत विक्षत हालत में पड़ी थी। अराजकतत्वों द्वारा हिन्दू देवी देवताओं को बनाया जा रहा निशाना हिंदुओं की आस्था पर कुठारा घात।पुजारी ने इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों सहित ग्राम प्रधान बेलाही शर्मिला देवी को दिया जिस पर ग्रामीणों व ग्राम प्रधान ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर मूर्ति तोड़ने वाले आराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कि मांग किया है। तहरीर मिलने पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह व चौकी प्रभारी कन्हैया राय मौके पर पहुंचकर मामले कि जांच पड़ताल करते हुए आराजक तत्वों का पता लगाने में जुट गए है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि बेलाही के रैया बांध शिव व पार्वती मंदिर का किसी आराजक तत्वों द्वारा मूर्ति तोड़ दिया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर मामले कि जांच पड़ताल करने के बाद आराजक तत्वों का पता लगाया जा रहा है। मंदिर में नई मूर्ति लगवाई जाएगी। आराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा।

# 48 घंटे में दैवीय आपदा के प्रभाव की सूचना शासन को उपलब्ध कराएं

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति इंजिनियर अवनीश कुमार सिंहकी अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभागार में बैठक हुई। बैठक मेंसमिति के सदस्य अंगद कुमार, पदमसेन चौधरी रहे। सभापती नेविंध्याचल मंडल के मिर्जापुर की जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन समेत सोनभद्र और भदोही डीएम सेआपदा के बारेमें जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंनेदैवीय आपदा के प्रभाव को कम करने, बाढ़, ओला वृष्टि प्रभावितों की सूचना तत्काल शासनको उपलब्ध कराने समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार सेचर्चा की। बैठक अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल समेत अन्य अधिकारी रहे।

# बैल को बचाने के लिए चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**हलिया (मिर्जापुर)।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला के फारम मौजा स्थित सड़क किनारे कुएँ में एक बैल गिर गया । गांव निवासी प्रदीप सोनकर के खेत में समतल कुएँ के पास रविवार शाम 6 बजे दो निराश्रित गौ वंश आपस में भिड़ गए जिसमे एक बैल गहरे कूप में गिर गया। पहले तो बस्ती के लोग निकालने का प्रयास किए थक हार कर पीआरवी पुलिस को फोन किए। सुचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस भी नही निकाल पाई तब थानाध्यक्ष ने फायर ब्रिगेड को फोन पर सूचना दी गई। और कूप की निगरानी में पुलिस फोर्स लगा कर फायर ब्रिगेड के आने का घंटो इंतजार करते रहे। घंटो बाद पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पहले बाल्टी में कपूर जलाकर कुएँ में गैस का पता किए फिर रेसक्यू कर बैल को सुरक्षित बाहर निकाला। गांव के लोगों ने बताया कि कुआँ चारो तरफसे पत्थर से जोड़ा था पत्थर निकालकर कुएँ को समतल कर दिए। थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि कुएँ को खुला छोड़ना गलत है कुएँ मालिक को फोन कर कुएँ को घेर कर सुरक्षित करने की हिदायत दी।

# दो महिलाएं गिरफ्तार, डीएलएड की परीक्षा दूसरे के स्थान पर दे रही थी

**(मुबारकपुर) आजमगढ ।** मुबारकपुर पुलिस ने दुसरे के स्थान पर डीएलएड की परीक्षा देने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार महिलाओं में रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान निवासी कोकिलपार थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ व दूसरी किरन चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी सिरही सुरहिया थाना रौनापार आजमगढ शामिल है, बता दें कि दिनांक 9 अप्रैल 2025 को राजकीय इ0का0 जमुड़ी में डीएलएड की परीक्षा के दौरान सचलदस्ता के प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह सहजिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ द्वारा अपनी टीम के साथ निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थी के रूप में रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान निवासी कोकिलपार थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ को पकड़ा, जो किरन चौहान पुत्र जयराम चौहान निवासी सिरही सुरहिया थाना रौनापार आजमगढ के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। इन दोनों महिलाओं को सठियांव चौराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।

# बाइक से गिरकर दो रेल कर्मी घायल

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास अनियंत्रित बाइक सेगिरकर रविवार की रात बाइक सवार दो लोगगंभीर रूप सेजख्मी हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। बिहार प्रदेश के शिवानीपुर गांव निवासी 38 वर्षीय राजेश और छिनौता जलालपुर गांवनिवासी 36 वर्षीय विजय पटेल रेल विभाग मेंकर्मचारी हैं। रविवार की रात दोनों एक ही बाइक सेचुनार की तरफसेराजगढ़ आ रहेथे। जैसेही राजगढ़ चुनार मार्गपर सेमरी गांव के पास पहुंचे, तभी सामनेसेआ रही वाहन की रोशनी अचानक आंख पर पड़नेसेचौंधिया गए। जिससेअंसतुलित होकर बाइक समेत सड़क किनारेगिर गए।हादसेमेंबाइक सवार दोनों गंभीर रूप सेजख्मी हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ मेंभर्ती कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजेश की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। इस संबंध मेंडॉ0 सर्वेश कुमारपांडेय नेबताया कि अनियंत्रित बाइक सेगिरकर दो रेलवेकर्मचारी घायल हो गए थे। जिसमेंएक की हालत गंभीर देख रेफर करदिया गया।

# रेलवे ट्रैक पर महिला का शव मिलने से सनसनी

**पड़री (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के डगमगपुर पास रेलवे ट्रैक के डाउन लाइन पर 38 वर्षीयअज्ञात महिला का शव मिलनेसे सनसनी फैल गई। डगमगपुर रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पड़री पुलिस पहुँची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक महिला नीला कलर की साड़ी पहनी है। साथ ही गलेमेंकाला धागा और पैर में पायल है।पुलिस शव का शिनाख्त कराने की प्रयास कर रही है।

# उर्वरक विक्रेताओं को लाइसेंस अपडेट कराना अनिवार्य

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को अवगत कराया है कि भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, उर्वरक विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस अब तक अपडेट नहीं हुए हैं, वे अनिवार्य रूप से तत्काल अपने लाइसेंस अपडेट कराएं। उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों, कृभको, इफको, पीसीएफ एवं एग्री जंक्शन बिक्री केंद्रों के लाइसेंस इफको द्वारा अपडेट किए जाएंगे। इनके अतिरिक्त अन्य सभी निजी थोक एवं फुटकर उर्वरक बिक्री केंद्रों के लाइसेंस मैसर्स नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा अपडेट किए जाएंगे। जनपद में सभी उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस अपडेट करने हेतु स्थल और तिथि निर्धारित की गई है। इस संबंध में थोक उर्वरक विक्रेता मैसर्स फर्टिलाइज़र ट्रेडर्स, भीखमपुर रोड, देवरिया को नामित किया गया है, जहां 10 मई तक लाइसेंस अपडेट की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

# अनियंत्रित ट्रक खाई में गिरने से चालक जख्मी

**चुनार (मिर्जापुर)।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम मोड़ पर रविवार की भोर में अनियंत्रित ट्रक खाई में गिरने से परखच्चे उड़ गए। हादसे में चालक जख्मी हो गया। पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। सोनभद्र केबिलासी गांव निवासी 35 वर्षीय अमजद खान पुत्र जैनुल खां ट्रक चालक है। वह ट्रक पर लोहेका गार्डर लादकर राजगढ़ की ओरसेचुनार जा रहा था। भोर लगभग तीन बजेचालक जैसेचुनार के सक्तेशगढ़ परमहंस आश्रम के पास पहुंचा। उसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनार ेबीस फीट गहरेखांई में चला गया। जिससेट्रक के परखच्चे उड़ गए।भोर में टहलने निकले ग्रामीणों नेतेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचेतो देखा कि चालक जख्मी हालत में पड़ा था। ग्रामीणों कीसूचना पर सक्तेशगढ़ चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह मय हमराही संग पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खांई में जख्मी हालत में पड़े चालक को बाहर निकाला और चुनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# सांसद ने देवरिया बेलडांड मार्ग का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। लंबे समय के इंतजार के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से तैयार देवरिया बेलडाड़ मार्ग देवतुल्य जनता के सुलभ आवागमन के लिए तैयार है । उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया बेलडांड मार्ग के निरीक्षण के दौरान कहीं। सदर सांसद ने सोमवार को देवरिया बेलडाड़ मार्ग का विभागीय अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सड़क अपनी पूर्णता की ओर है, बस किनारे की पट्टियों पर काम होने वाला है।

उल्लेखनीय है कि सांसद शशांक मणि ने इससे पहले इस सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर लखनऊ में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के उच्च अधिकारी से मुलाकात कर कार्य को तेज करने की बात कही थी, उसके बाद देवरिया में स्थानीय अधिकारियों से हर हफ्ते रिपोर्ट देने को कहा था, जिसका नतीजा है कि सड़क का निर्माण पूरा हो सका।

निरीक्षण के दौरान निशी रंजन तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पिंटू जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष अरविंद चौहान, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजन सोनकर, भाजपा विजय प्रताप मणि, दिवाकर मिश्र, लकी पांडेय, ओमकार राव, आरईएस विभाग के इंजीनियर, और भाजपा के कई कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# मरीज की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने रोड पर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** इलाज के दौरान मरीज की मौत से नाराज तीमारदारों ने सोमवार को जमकर बबाल काटा और शव सड़क पर रखकर देवरिया सलेमपुर जाम कर दिया। जिससे राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खोलवाया। जिले के खुखुन्दु थाना क्षेत्र के अघैला निवासी अशोक यादव (59) पुत्र रमाशंकर यादव, निवासी ग्राम अघैला को सीने में तेज दर्द की शिकायत पर परिजनों ने शहर के सावित्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज की बात कही जा रही थी, लेकिन हर बार बहाने बनाकर रोक लिया गया और 5 मई 2025 को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी निगम देवी ने आरोप लगाया कि डॉक्टर और स्टाफ की लापरवाही के चलते उनके पति अशोक यादव की जान चली गई। उन्होंने कहा कि इलाज में ढिलाई बरती और सही समय पर जरूरी कदम नही उठाए गए। मरीज की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के सामने रोड पर प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की। वही हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी, सदर कोतवाल दिलीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभाला। सदर कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कृति ही राष्ट्रीय संस्कार की आधारशिला : राजेंद्र देव

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शहर के खास देवरिया नगर प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास संस्कृति बोध परियोजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में क्षेत्रीय संस्कृति बोध परीक्षा अभियान प्रमुख राजेन्द्र देव तिवारी ने कहा कि संस्कृति मे अपमिश्रण और अपसंस्कृति के बढ़ते प्रभाव को न्यूनतम करने में विद्या भारती की पंच पदीय शिक्षण प्रणाली और आचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। इसके लिए संगठित रूप से टोली बनाकर योजनाबद्ध तरीके से संस्कृति उत्थान के उपाय और अपसंस्कृति के लक्षणों पर जन जन को जागरूक करने का काम किया जाए। उन्होंने इस विशद अभियान में विद्या भारती के प्रकाशन के विभिन्न साहित्यिक पत्रिका का विवरण दिया। छात्र को सफल व्यक्तित्व के रूप में परिमार्जित करने की प्रक्रिया में शिक्षण के साथ अन्य समाज के संबंध में भी चेतना प्रदान करना भी विद्या भारती का सर्वोपरि लक्ष्य है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर हुआ। अतिथि परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह ने कराया। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डा.अक्षयवर पति त्रिपाठी जी ने किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर व वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर के समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# अभय राज पाण्डेय बने लालगंज एसडीएम

**लालगंज (आज़मगढ़ )** नवागत उपजिलाधिकारी अभय राज पाण्डेय ने सोमवार को उपजिलाधिकारी लालगंज का पद भार ग्रहण किया।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लालगज श्याम प्रताप सिंह का स्थानांतरण उपजिलाधिकारी सगड़ी के पद पर करते हुए बहराइच जनपद से पदोन्नति कर आए उपजिलाधिकारी अभय राज पाण्डेय को लालगंज तैनात कर दिया।सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा।गरीब एवं असहाय लोगो को काम मे प्राथमिकता दी जाएगी।सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालो को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अगर किसी का कब्जा हो तो खाली कर दे अन्यथा उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया में प्लेसमेंट 13 को

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, देवरिया के प्रधानाचार्य शोभनाथ ने जानकारी दी कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, नीमराना (राजस्थान) द्वारा 13 मई 2025 को प्रातः 10ः00 बजे से संस्थान परिसर में प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर, मशीनिस्ट, डीजल मैकेनिक, आरएसी, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, कोपा, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल एवं ड्राफ्ट्समैन सिविल व्यवसाय से प्रशिक्षित अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

# 7 को होगी 'एक देश एक चुनाव' पर देवरिया लोकसभा की कार्यशाला

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** सदर सांसद ने पुरवा स्थित कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर 7 मई को देवरिया क्लब में होने वाले एक देश एक चुनाव की कार्यशाला सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव को लेकर भाजपा सरकार संवेदनशील है और जगह जगह कार्यशालाएं आयोजित कर आम जनता की राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच बहुत विराट है और इसी कारण एक देश एक चुनाव जैसे बड़े फैसले लेने के लिए देश की आम जनता की राय ली जा रही है। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से अपने दायित्वों के निर्वहन की अपील करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन करने की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, मंत्री अरविंद पांडे बबुना, आनंद शाही, निर्मला गौतम, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, निशिरंजन तिवारी, रामाशीष प्रसाद, दिवाकर मिश्रा, संजय सिंह सैंथवार, अंबुज शाही, मारकंडे गिरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुस्साहस : पाक ने किया एक और मिसाइल परीक्षण




**इस्लामाबाद।** भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पाकिस्तान ने रविवार को एक और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का ये दूसरा मिसाइल परीक्षण है। पाकिस्तानी सेना ने इसे एक्सरसाइज सिंधु का हिस्सा बताया।

इस बार जिस मिसाइल का परीक्षण किया गया है उसकी मारक क्षमता 120 किलोमीटर बताई गई है। इससे पहले पाकिस्तान ने शनिवार को घोषणा की कि उसने 450 किलोमीटर की दूरी तक सतह से सतह तक मार करने में सक्षम 'अब्दाली हथियार प्रणाली' का सफल परीक्षण प्रक्षेपण किया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा, 'इस प्रक्षेपण का उद्देश्य सैनिकों की अभियानगत तत्परता सुनिश्चित करना और मिसाइल की उन्नत नौवहन प्रणाली तथा उन्नत गतिशीलता विशेषताओं सहित प्रमुख तकनीकी मापदंडों की जांच करना था।' सेना ने अभ्यास के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण 'एक्सरसाइज इंडस' का हिस्सा था।

पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर करने की घटना के 10 दिन बाद यह परीक्षण किया है। प्रशिक्षण के दौरान सेना सामरिक बल कमान के कमांडर, सामरिक योजना प्रभाग, सेना सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ पाकिस्तान के सामरिक संगठनों के वैज्ञानिक और इंजीनियर भी मौजूद थे। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुखों ने सैनिकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई दी।

भारत में इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि भारत पाकिस्तान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण को 'स्पष्ट रूप से उकसावे' की कार्रवाई मानता है। उन्होंने कहा कि यह भारत के साथ 'हताशा में तनाव बढ़ाने' का प्रयास है। हालांकि, पाकिस्तानी मिसाइल परीक्षण पर भारत की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने निर्धारित दायित्वों और मानदंडों के तहत मिसाइल परीक्षण करने की अपनी योजना के बारे में भारत को पहले से जानकारी दे दी थी।

### पाकिस्तान के इमामों ने ही की मुसलमानों से अपील

## जंग हो जाए तो पाकिस्तान का साथ मत देना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से बड़े इमाम ने भारत के साथ युद्ध को लेकर मुसलमानों से खास अपील की है। खबर है कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से पाकिस्तान का

**कहा किसी भी मुल्क से ज्यादा पाक में हो रहे मुसलमानों पर जुल्म**

साथ नहीं देने की अपील की है। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्लामाबाद की लाल मस्जिद में इमाम अब्दुल अजीज गाजी ने आरोप लगाए हैं कि किसी और देश से ज्यादा पाकिस्तान में मुसलमानों के साथ अत्याचार हो रहे हैं। लाइव हिन्दुस्तान वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वायरल हो रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि इमाम उन लोगों से हाथ उठाने के लिए कहते हैं, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान का समर्थन करना चाहते हैं। इसपर बहुत कम लोगों की तरफ से हाथ उठाए जाते हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने कहा, भारत और पाकिस्तान का युद्ध धर्म का युद्ध नहीं है। पाकिस्तान का युद्ध समुदाय का युद्ध है। उन्होंने आगे कहा, पाकिस्तान में इस समय भारत से ज्यादा क्रूरता और बुरे हालात हैं। पाकिस्तान में (मुसलमानों के प्रति) जितनी क्रूरता है, उतनी क्रूरता भारत में नहीं है। उन्होंने कहा, वो (पाकिस्तान सरकार) अपने ही लोगों पर बम फेंकते हैं। इमाम ने कहा, क्या लोग भारत में भी ऐसे ही गुम होते हैं, जैसे पाकिस्तान में हो रहे हैं। पश्तून, बलोच, पीटीआई कार्यकर्ता, मौलवियों और पत्रकारों के गायब होने में पाकिस्तान जिम्मेदार है।

## डोनाल्ड ट्रंप का एक और टैरिफ बम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब देश के बाहर बनी फिल्म (मूवी) पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रंप ने सोशल

**यूएस से बाहर बनी फिल्मों पर लगेगा 100 फीसदी टैक्स**

मीडिया मंच 'ट्रुथ' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को हमारे देश में आने वाली विदेशी जमीन में बनी किसी भी फिल्म पर 100 प्रतिशत का शुल्क लगाने के लिए अधिकृत किया है।

उन्होंने लिखा, अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से मर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देश फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय निर्माण पर इस तरह का कोई शुल्क कैसे लगाया जा सकता है।


राष्ट्रपति ट्रंप ने घरेलू फिल्म प्रोडक्शन पर लौटने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि फिल्में फिर से अमेरिका में बनाई जाएं। नए टैरिफ का मकसद लेवल प्लेइंग फील्ड बनाना है। इसके साथ ही फिल्म स्टूडियोज को अमेरिकी धरती पर अपना ऑपरेशन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## यूक्रेन में अपना लक्ष्य हासिल करेगा रूस : पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध को तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने में सक्षम है। रूस यूक्रेन में अपने लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है, उम्मीद है कि भविष्य में भी इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

रूस के सर्वोच्च नेता के रूप में पुतिन के 25 साल के कार्यकाल के बारे में सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित फिल्म रूस, क्रेमलिन, पुतिन, 25 वर्ष में जब पुतिन से पत्रकार ने यूक्रेन युद्ध से परमाणु हमले के खतरे के बारे में पूछा था तो उन्होंने कहा, वे हमें भड़काना चाहते थे ताकि हम गलतियां करें। उम्मीद है कि उसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।

गौरतलब है कि पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई का आदेश दिया था जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में सबसे बड़ा जमीनी संघर्ष शुरू हो गया। इस युद्ध में लाखों सैनिक मारे गए हैं। पुतिन से जब पूछा गया कि क्या रूस के सर्वोच्च नेता के रूप में वह उत्तराधिकार के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने कहा, मैं हमेशा इसके बारे में सोचता हूं। आखिरकार चुनाव रूसी जनता को करना है। मुझे लगता है कि एक व्यक्ति या बल्कि कई लोग होने चाहिए, ताकि लोगों के पास विकल्प हो। हालांकि पुतिन का कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं है, लेकिन रूसी संविधान के अनुसार, यदि राष्ट्रपति अपने कर्तव्यों को पूरा करने में असमर्थ हो, तो प्रधानमंत्री -वर्तमान में मिखाइल मिशुस्टिन- राष्ट्रपति पद की शक्तियां ग्रहण कर लेंगे।



## पाक की रूस से गुहार, मध्यस्थता करो

**मॉस्को।** भारत ने सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर सख्त कदम उठाए हैं, जिससे घबराया हुआ पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर रूस, से मदद की गुहार लगा रहा है। पाकिस्तान ने रूस से मध्यस्थता की मांग की है। मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत ने भारत के साथ बढ़ते तनाव को कम करने में रूस की मदद मांगी है। एक इंटरव्यू में राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि रूस की भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी है और पाकिस्तान के साथ भी उसके बहुत अच्छे संबंध हैं, ऐसे में वह 1966 के ताशकंद समझौते की तरह मध्यस्थता के लिए अपने अच्छे संबंधों का इस्तेमाल कर सकता है।

### एक नज़र

#### पेरू में सोने की खदान में मिले 13 सुरक्षा गार्डों के शव

**लीमा।** पेरू में एक सोने की खदान से 13 सुरक्षा गार्डों के शव बरामद हुए हैं। सुरक्षा गार्डों का 26 अप्रैल को खनिकों ने अपहरण कर लिया था। हाल ही के दिनों में एंडियन राष्ट्र में सबसे अहम खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने बताया कि सुरक्षा गार्डों के शव बरामद किए गए हैं। खनन कंपनी ला पोडेरोसा ने बताया कि खोज और बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद 13 शव बरामद किए। कंपनी ने आरोप लगाया कि सुरक्षा गार्डों का अपहरण 26 अप्रैल को आपराधिक गिरोह से जुड़े खनिकों ने किया। इन खनिकों ने खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि अपराध के जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल को तैनात किया गया है। सोने का खनन करने वाली निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिम शहर पाटाज में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें नवीनतम 13 श्रमिक भी शामिल हैं।

#### भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग को नई दिशा

**मुंबई।** वेव्स 2025 समिट के दौरान महाराष्ट्र सरकार ने 8,000 करोड़ के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करके व्यवसायिक मूल्य जोड़ा। इनमें से 1,500 करोड़ के समझौते यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए, जबकि राज्य के उद्योग विभाग ने प्राइम फोकस और गोदरेज के साथ क्रमशः 3,000 करोड़ और 2,000 करोड़ के समझौते किए। नमता शुक्ला की रिपोर्ट में बताया कि 77 देशों की भागीदारी के साथ ग्लोबल मीडिया डायलॉग 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन था, जिसने वैश्विक मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस अवसर पर वेव्स घोषणा अपनाई गई, जिसमें डिजिटल विभाजन को पाटने और वैश्विक शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मीडिया का लाभ उठाने पर जोर दिया गया। डॉ. एस. जयशंकर ने प्रौद्योगिकी और परंपरा के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। अश्विनी वैष्णव ने सामग्री निर्माण पर प्रौद्योगिकी के परिवर्तनकारी प्रभाव और स्थानीय सामग्री, सह-निर्माण समझौतों और संयुक्त वित्तपोषण पहलों को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला। वेव्स स्टार्ट-अप एक्सेलेरेटर ने 30 स्टार्ट-अप्स का चयन किया।

#### सांप्रदायिक हिंसा के बजाय सीमा पर ध्यान दें

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में स्थिति स्थिर हो गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा गृह मंत्रालय को दंगों पर दी गई रिपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही उन्हें राज्य में अनुच्छेद 356 के संभावित क्रियान्वयन के बारे में कोई जानकारी है। सोमवार दोपहर ममता बनर्जी मुर्शिदाबाद के दो दिवसीय दौरे पर पहुंची हैं। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सांप्रदायिक हिंसा करने के बजाय कृपया सीमा का ध्यान रखें। कृपया भारत का ध्यान रखें। ममता बनर्जी ने कहा कि हम भारत से प्यार करते हैं, कृपया भारत को किसी भी आपदा से बचाएं। कृपया उन लोगों को न्याय दें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। गंदी राजनीति मत करो; मैं गंदी राजनीति बर्दाश्त करने वाली आखिरी व्यक्ति हूं। मैंने 10-12 प्रधानमंत्रियों को देखा है और उनके साथ काम किया है। मैं कार्यवाहक प्रधानमंत्री से कहना चाहती हूं कि सांप्रदायिक दंगों की देखभाल करने के बजाय सीमा का ध्यान रखें। मैं प्रधानमंत्री की बात नहीं कर रही हूं। भाजपा कह सकती है कि देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री कौन है...जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को विभाजित नहीं कर सकते।

#### बिहार : एंबुलेंस के बाद अब एक्सयूवी से शराब तस्करी

**भागलपुर।** विक्रमशिला पुल पहुंच पथ के जीरोमाइल फ्लाइओवर के समीप वाहन तलाशी के क्रम में शराब लदी एक्सयूवी गाड़ी के चालक ने जवानों को कुचलने का प्रयास किया। तलाशी के लिए वाहन को रोकने के लिए जैसे ही पुलिसकर्मियों ने हाथ से इशारा किया, वाहन चालक तेजी से गाड़ी बढ़ाते हुए पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास करते हुए आगे निकल गई। इसके बाद बरारी पुलिस की टीम ने एक्सयूवी कार का पीछा करके कुछ दूरी पर ही उसे रोक लिया। तस्कर कार के पिछले हिस्से में छह कार्टन शराब-बीयर छिपा कर ले जा रहे थे। पुलिस टीम ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हाल ही में मुजफ्फरपुर के कांटी थाना पुलिस ने एंबुलेंस से शराब तस्करी का खुलासा किया था। अब एक्सयूवी से शराब ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार झारखंड से शराब-बीयर लाई जा रही थी, जिसकी आपूर्ति भागलपुर-नवगछिया में होनी थी। बरामद मोबाइल में पुलिस टीम को झारखंड के शराब कारोबारियों और भागलपुर-नवगछिया, खगड़िया के कई शराब तस्करों के नंबर मिले हैं। बरारी थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल ने बताया शराब तस्कर राबिंस कुमार के गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है।

## बात न करने पर सहपाठी ने की लड़की की हत्या

**धार।** मध्यप्रदेश के धार जिले में एक छात्र ने 12वीं कक्षा की 17 वर्षीय अपनी सहपाठी की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे बात करना बंद कर दिया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर उमरबन पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक खेत में शनिवार को 17 वर्षीय एक लड़की मृत पाई गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गीतेश गर्ग ने बताया कि लड़की का शव बरामद करने के बाद पुलिस को सूचना मिली कि लड़की को 21 वर्षीय एक युवक प्रताड़ित कर रहा था। उन्होंने कहा कि पूछताछ के बाद आरोपी ने स्वीकार किया कि लड़की ने उससे बात करना बंद कर दिया था, जिससे वह नाराज हो गया।

## आठ लाख हिंदुओं को कनाडा से निकालने की मांग

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां हिंदू विरोधी परेड निकाली गई। यह परेड ऐसे समय में आयोजित की गई, जब कनाडा के हालिया चुनाव में

**खालिस्तानियों ने निकाली परेड**

**पीएम कार्नी पर उठे सवाल**

मार्क कार्नी ने जीत हासिल कर दोबारा पीएम पद संभाला है। इससे पहले जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत के साथ कनाडा के रिश्ते लगातार तनावपूर्ण रहे थे, और अब इस परेड ने नए पीएम के नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा कर दिया है। इस खालिस्तानी समर्थक कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पुतलों को पिंजरे में बंद करके प्रदर्शित किया गया। परेड में नारे लगाए गए कि यह प्रदर्शन पंजाब की आजादी के लिए है।

कनाडाई पत्रकार डैनियल बोर्डमैन ने रविवार को एक वीडियो शेयर किया, जिसमें टोरंटो के मल्टन गुरुद्वारे में हुई कथित हिंदू विरोधी परेड दिखाई गई है। इस वीडियो के बहाने बोर्डमैन ने कनाडा के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की सरकार से सवाल पूछा है कि क्या वे पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की तरह ही खालिस्तानियों के प्रति नरमी बरतेंगे या सख्त रुख अपनाएंगे?

## चीन में नाव पलटने से नौ मरे

**गुइझांग।** दक्षिण-पश्चिमी चीन के गुइझोउ प्रांत के कियानक्सी शहर में रविवार दोपहर एक नाव पलटने से नौ लोगों की मौत हो गई तथा एक लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि अचानक तेज़ हवाओं के कारण चार नावें पलट गईं, जिससे 84 लोग पानी में डूब गए। अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है, 70 का इलाज चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर है, जबकि चार लोग सुरक्षित हैं। आखिरी लापता व्यक्ति की तलाश जारी है। प्रांतीय अधिकारियों ने बचाव प्रयासों में समन्वय के लिए पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा कर्मियों सहित लगभग 500 आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तैनात किए हैं।

## यमन की मिसाइल से इजरायली उड़ान सेवा ठप

**तेल अवीव।** यमन में ईरान समर्थित विद्रोहियों ने इजरायल के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मिसाइल दागी। इससे हवाई अड्डे पर उड़ानों और यात्री यातायात को कुछ समय के लिए

**गाजा जंग पर अहम मतदान से पहले हुआ हमला**

रोकना पड़ा। मिसाइल हवाई अड्डे तक पहुंच मार्ग के पास गिरी, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। बेन-गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला इजरायली कैबिनेट मंत्रियों की ओर से गाजा में सैन्य अभियान तेज करने को लेकर मतदान करने से कुछ घंटे पहले हुआ। इजरायल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने कहा कि सेना हजारों रिजर्व सैनिकों को बुला रही है। इजरायल की सेना ने कहा कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से यह पहली बार था, जब हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला हुआ। सेना ने कहा कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि संभावित कारण इंटरसेप्टर में तकनीकी समस्या थी। इस्राइल के पैरामेडिक सेवा मैगन डेविड एडोम ने कहा कि चार लोगों को हल्की चोटें आई हैं। हमले की वजह से कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने उड़ानें रद्द या स्थगित कर दी हैं। गाजा में हमास और फिर लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ युद्ध के कारण एयरलाइंस ने इजरायल के लिए उड़ानें निलंबित कर दी थीं। हाल के महीनों में कई उड़ानें फिर से शुरू हो गई हैं।

## ईरान 'परमाणु' पर अमेरिकी धमकियों से बेपरवाह

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे परमाणु कार्यक्रम को लेकर तनाव के बीच ईरान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को अपने नए ठोस ईंधन

**दिखाई नई बैलिस्टिक मिसाइल, मारक क्षमता 1200 किमी**

से चलने वाले कासिम बसीर बैलिस्टिक मिसाइल का अनावरण किया। यह मिसाइल 1,200 किमी तक मार कर सकती है और जीपीएस के बिना भी सटीक निशाना साध सकती है। इसका परीक्षण 17 अप्रैल को किया गया था। एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार में रक्षा मंत्री जनरल अजीज नासिरजादेह ने बताया कि इस मिसाइल में दिशा-निर्देशन और गतिशीलता की उन्नत तकनीकें हैं, जिससे यह एंटी-बैलिस्टिक रक्षा प्रणाली को चकमा देकर निशाना भेद सकती है। साथ ही अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा ईरान को यमन के हूती विद्रोहियों को समर्थन देने पर चेतावनी के जवाब में ईरानी रक्षा मंत्री नासिरजादेह ने चेतावनी भरे अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका या इस्राइल युद्ध की शुरुआत करते हैं, तो हम उनके सैन्य ठिकानों और हितों पर कहीं भी और कभी भी हमला कर सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ईरान किसी पड़ोसी देश से दुश्मनी नहीं चाहता, लेकिन हमले की स्थिति में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकाने वैध लक्ष्य होंगे।

## अमेरिका के रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी

**फीनिक्स।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7.45 बजे गोली चलने की सूचना मिली। हताहतों की संख्या तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि यह संख्या लगभग नौ के करीब हो सकती है।

## ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर सस्पेंस बरकरार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर सस्पेंस बरकरार है। ट्रंप कई बार संविधान में संशोधन का समर्थन कर तीसरी बार

**जेडी वेंस के नाम की भी चर्चा**

अमेरिका का राष्ट्रपति बनने की बात कह चुके हैं। अब एक बार फिर उन्होंने अपने बयान से उलझा दिया है। दरअसल एक अमेरिकी मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने तीसरे कार्यकाल की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के कई तरीके मौजूद हैं। ट्रंप ने बताया कि मार्च में जब उन्होंने तीसरे कार्यकाल को लेकर बयान दिया था, उस वक्त वे मजाक में मूड में नहीं थे। बता दें कि अमेरिका में कोई भी व्यक्ति सिर्फ दो कार्यकाल के लिए ही राष्ट्रपति चुनाव जा सकता है।



दो से ज्यादा बार किसी नेता को राष्ट्रपति नहीं बनाया जा सकता। ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें देश के संविधान को बरकरार रखना चाहिए या नहीं तो इस पर ट्रंप ने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा कि मुझे नहीं पता। जब उनसे अवैध अप्रवासियों को निकालने और क्या उन्हें कानून की मदद नहीं मिलनी चाहिए थी? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा कि वह कोई वकील नहीं हैं, उन्हें इसके बारे में नहीं पता।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे तीसरा कार्यकाल चाहते हैं तो उन्होंने कहा कि मुझे काम करना पसंद है। जब ट्रंप से जेडी वेंस के देश का अगला राष्ट्रपति बनने की संभावना पर सवाल किया गया तो ट्रंप ने कहा कि यह भी एक तरीका हो सकता है। अमेरिका के संविधान के 22वें संशोधन के तहत किसी भी व्यक्ति का तीसरी बार राष्ट्रपति बनना निषिद्ध है। इसमें बदलाव के लिए कांग्रेस में दो तिहाई बहुमत की जरूरत होगी या फिर दो तिहाई राज्यों द्वारा संविधान में बदलाव का प्रस्ताव करने के लिए एक संवैधानिक सम्मेलन बुलाने की जरूरत होगी। किसी भी मांग के लिए तीन चौथाई राज्यों का समर्थन जरूरी होगी।

## विदिशा श्रीवास्तव को मिले ढेर सारे सरप्राइज़



विदिशा श्रीवास्तव, जोकि एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभाने के लिये मशहूर हैं, ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया। इस दिन को प्यार, हँसी और खूबसूरत सरप्राइज़ के बीच बहुत ही खास अंदाज़ में मनाया गया। हालांकि, उन्होंने इसे सादगी से मनाने की योजना बनाई थी, लेकिन यह उनकी ज़िंदगी का सबसे प्यारा और यादगार दिन बन गया। अपने बर्थडे सेलीब्रेशन के बारे में बताते हुये,विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ़अनीता भाबी ने कहा, "इस साल का जन्मदिन मेरे लिए बेहद खास रहा, क्योंकि यह ढेर सारा प्यार और अपनापन लेकर आया। मैंने इसे इंडस्ट्री के कुछ करीबी दोस्तों के साथ सेलीब्रेट किया। हम सबने मिलकर बातें कीं, पुरानी यादें ताज़ा कीं और साथ बिताए पलों का मज़ा लिया। ऐसा लग रहा था कि मैं अपने परिवार के साथ हूं। लेकिन जो सबसे बड़ा सरप्राइज़ था, वो 'भाबीजी घर पर हैं' की टीम की ओर से मिला। जब लगा कि दिन अब खत्म हो गया है, तभी मेरे को-स्टार्स और क्रू ने सेट पर मुझे सरप्राइज़ दिया। मेकअप रूम को गुब्बारों, फेयरी लाइट्स और एक प्यारे केक से सजाया गया था। जैसे ही सभी गाना गाते हुए इकट्ठा हुए, मेरा दिल भर आया। उनकी मेहनत और प्यार ने मेरे दिल को छू लिया। उस पल ने मुझे ये एहसास दिलाया कि मैं कितनी खुशकिस्मत हूँ कि इतने प्यारे लोगों के साथ काम कर रही हूं।" और जैसे ही उन्हें लगा कि अब इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता, उनके पति सायक ने उन्हें सरप्राइज़ देकर चौंका दिया। विदिशा ने बताया, "मैं बहुत खुशनसीब हूं कि घर पर और सेट पर दोनों ही जगह मेरे आस-पास इतने अच्छे लोग हैं। मैं चाहती थी कि इस साल मेरा जन्मदिन खुशियों से भरा हो और मेरी यह ख्वाहिश बेहद खूबसूरत अंदाज में पूरी भी हो गई।"

## हर चेहरे पर मुस्कान बिखेरना खुशनसीबी!



'वर्ल्ड लाफ्टर डे' हमें यह याद दिलाता है कि खुशी और हँसी न केवल हमारे मन को हल्का करती है, बल्कि लोगों को आपस में जोड़ने का काम भी करती है। इस खास मौके पर टीवी कलाकारों ने इस बात के लिए आभार जताया कि उन्हें अपने अभिनय से लोगों को हँसाने और खुशियाँ बाँटने का मौका मिलता है। तेजस्विनी सिंह, जो लोकप्रिय शो 'भीमा' में टाइटल रोल निभा रही हैं, कहती हैं, "मुझे सबसे ज्यादा पसंद है हँसना और दूसरों को हँसाना। मेरे पास चुटकुलों की एक लंबी सूची है, जो मैं बार-बार सुनाती रहती हूँ! मुझे स्कूल में सिखाया गया था कि 'हँसी सबसे अच्छी दवा है', और मुझे सच में लगता है कि हमें रोज़ हँसी की एक खुराक ज़रूर लेनी चाहिए।" रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी ने कहा, "मनमोहन तिवारी एक ऐसा किरदार है जो हमेशा किसी न किसी मज़ेदार और हँसी से भरपूर स्थिति में फँस जाता है- चाहे वो अनीता जी को प्रभावित करने की कोशिश हो या विभूति के किसी अजीब प्लान में उलझना। मेरे लिए कॉमेडी सिर्फमज़ाकिया चेहरे बनाना या पंचलाइन बोलना नहीं है, बल्कि ये ज़िंदगी की अनोखी स्थितियों को इस तरह दिखाना है कि लोग खुद को उससे जोड़ पाएं और खुलकर हँसें। हँसी सिर्फमनोरंजन नहीं है, यह एक थैरेपी है।" गीतांजलि मिश्रा, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, बताती हैं, "हमारे शो की जान ही यही हलचल और हँसी है-चाहे वो नौ बच्चों को संभालना हो, हप्पू की मस्ती हो या कटोरी अम्मा की अनोखी बातें। इन सब गड़बड़ियों के बीच भी जो चीज़ हमें जोड़कर रखती है, वो है हँसी। ऑफस्क्रीन भी माहौल उतना ही जोशीला होता है! हम प्रैंक करते हैं, एक-दूसरे के साथ शरारतें करते हैं और छोटी-छोटी बातों में भी खुशी ढूंढते हैं। मेरा मानना है कि हँसी ज़िंदगी की सबसे अच्छी साथी है। यह हमें मजबूत बनाती है, लोगों से जोड़ती है और याद दिलाती है कि हर बात को ज़रूरत से ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहिए।"

### बाजार दर्पण

AWPL
परिवार का हिस्सा बनें और बनें निरोग खुद भी जियें औरों को भी जीना सिखायें
सुख और समृद्धि दोनो पायें
आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें
जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट
पता- 6/2 कटरा माधोकुंज प्रयागराज
मो. 9935657889

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089